ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र शुक्ल पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 02 अप्रैल 2023 • वर्ष-24 • अंक-60 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

एक्ट्रेस गौहर खान को आया गुस्सा, कपल को... पेज 12 पर






पलाश
वन तुलसी
उत्पाद
करंज
शहद
बेर
बहेरा
साल का बीज
कुसुम

# साथ चलें साथ बढ़ें

## किसानों का अपना संगठन अब करेगा किसानों के हित का संरक्षण

महुआ का फूल
लाह
रेशम
कालमेघ
इमली
तसर
चिरौंजी
चकवड़
आमड़ा

## सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि०

प्रथम चरण में प्रत्येक जिले में **5%** PACS/LAMPS को किया जाएगा बहुद्देशीय समिति के रूप में विकसित

- कृषि एवं वन उत्पाद की होगी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदारी
- सभी जिले में होगी प्रसंस्करण इकाई की स्थापना
- PACS/LAMS के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे बीज/कृषि ऋण/ खाद आदि
- राज्य के सभी PACS/LAMPS के पास होंगे अपने गोदाम
- सभी PACS/LAMPS को मिलेगी कार्यशील पूँजी
- लाह, तसर, शहद, इमली, चिरौंजी, महुआ, धान, साल बीज को आगे बढ़ाया जा सकता है

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 294333 (IPRD) 2023-24

# बंद का समर्थन, मूलवासी सड़क पर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को छात्र समन्वय समिति संथाल परगना दुमका, संथाल परगना प्रमंडल बंद का का आह्वान किया गया था, जिसका समर्थन मूलवासी सदान मोर्चा झारखंड द्वारा किया गया है। मूलवासी सदान मोर्चा का कहना है। झारखंड सरकार हम मूलवासी के छात्रों, नौजवानों एवं किसानों को ठग रही है। झारखंड बने 23 साल हो गई, लेकिन जितने भी सरकार आए पक्ष की हो या विपक्ष की हो वह सिर्फ यहां के नौजवानों को ठगने का ही काम किया है। अब इसको हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। मोर्चा के लोगों ने कहा कि नियोजन नीति और स्थानीय नीति के लिए मूलवासी सदान मोर्चा ईमानदारी से लम्बे समय से आंदोलनरत रहा है। हम स्वागत करते हैं। छात्र समन्वय समिति का कि उन्होंने एकजुट होकर सरकार के विरुद्ध जंग का ऐलान किया है। इसके लिए हम सभी मूलवासी सदान मोर्चा उनका पूर्ण समर्थन करते हुए सड़क पर भी उतर कर उनका समर्थन कर रहे हैं। सरकार आज 60/40 का नियोजन नीति लाकार सरकार ने पुनः एक बार यहां के छात्रों को ठगने का काम किया है। साथ ही पिछड़ों का राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने 36 से 50% आरक्षण देने की अनुशंसा की है लेकिन सरकार ने पिछड़ों को आरक्षण ना देकर सामाजिक अपराध किया है। जिसका खामियाजा उनको भोगना पड़ेगा। अब झारखंड के मूलवासी सदान और आदिवासी मिलकर झारखंड की लड़ाई पूर्व में भी लड़े हैं और आगे भी कदम से कदम मिलाकर झारखंड के हित में लड़ेंगे। मूलवासी सदान मोर्चा के तरफ से कई ग्रुप में बंद कराने के लिए लोग उतरे थे। मोर्चा की ओर से छात्र-छात्राओं के बीच बिस्किट, पानी भी बांटी गई। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय महासचिव, प्रभारी संथाल परगना रंजीत जसवाल, दुमका जिला के नेता जयप्रकाश यादव, राजू हरी अनंत घोष, रघुवंश चौबे मुकेश कुमार, हैदर अली, सुमन कुमार आदि प्रमुख रूप से बन्द कराने सड़क पर उतरे थे।

## सीआरपीएफ 94 बटालियन ने अपना स्थापना दिवस मनाया

**खूंटी।** खूंटी जिले में सीआरपीएफ 94 बटालियन ने शनिवार को अपना 36 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी श्री प्रकाश रंजन मिश्रा ने सीआरपीएफ 94 बटालियन के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही क्वार्टर गारद में सलामी ली और जवानों के साथ सैनिक सम्मेलन के माध्यम से वातालर्लाप किया। सीआरपीएफ 94 बटालियन के तजना स्पोर्ट्स कंपलेक्स खूंटी में बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान शामिल थे। सीआरपीएफ 94 बटालियन की स्थापना 1 अप्रैल 1988 को उड़ीसा के भुवनेश्वर में हुई थी तब से इस वाहिनी ने जम्मू-कश्मीर पूर्वोत्तर भारत व देश के अन्य हिस्सों में ड्यूटी कर देश की शांति स्थापना में अपनी भूमिका निभा रहा है खूंटी जिले में सीआरपीएफ की 94 बटालियन 28 जून 2011 से नक्सल प्रभावित इलाकों में सक्रिय है।

# अखंड भारत संस्था ने रामनवमी पर स्वागत शिविर लगाया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखंड भारत द्वारा रामनवमी के शुभ अवसर पर राजेंद्र चौक पर स्वागत शिविर लगाया गया एवं रामचरितमानस, 108 सुंदरकांड, 105 श्रीमद्भागवत गीता, 500 से अधिक हनुमान चालीसा सहित शॉल, तलवार, बजरंगबली का फोटो, राम नाम का पट्टा, चुनरी आदि का वितरण किया गया। अखंड भारत के सेवा व मंच से अध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में अखंड भारत के सैकड़ों कार्यकताओं ने भव्य कार्यक्रम संपन्न किया। राजीव कुमार अधिवक्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं अखंड भारत के विचारधारा को स्वीकारे। इसी के साथ साथ संस्था ने सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार श्री गोरखा महावीर हॉस्पिटल लाइन अध्यक्ष कमल गिरी जी एवं सर्वश्रेष्ठ झंडा श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर लाइन टैंक रोड पी डब्लू डी कैंपस अध्यक्ष श्री शंकर सिंह को जिसका झंडा 571 मीटर लंबा एवं बास 101 फीट लंबा था सर्वश्रेष्ठ डंका का पुरस्कार वीरेंद्र प्रधान के गौरी शंकर नगर हनुमान मंदिर बैंड को दिया गया। इनके अलावा चडरी सरना समिति, कमंडल सेवा सदन, बाल युवा दुर्गा पूजा समिति, महावीर चौक महावीर मंदिर, महावीर मंडल बिरसा चौक, महावीर मंदिर मोराबादी, राम नवमी पूजा शहीद चौक, शिव मंदिर एचडी रोड थारपखना, धोबी मोहल्ला रातू रोड, श्री चैती दुर्गा पूजा समिति आदर्श नगर, महावीर मंदिर प्लाजा चौक, महावीर मंडल बेनी गली, मिश्री गोदा कांके रोड, चौधरी परिवार कुम्हार टोली, डांगराटोली देव मंदिर, महावीर मंदिर थारपखना, महावीर मंडल लोहरा कोचा, पिस्का मोड़ एवं कोकर महावीर मंडल सहित 51 अन्य मंडलियों को भी सम्मानित किया गया। श्री श्याम नंदन, प्रणव कुमार पंडा, सुनील सिंह, जगदीश नाग, संजय, देव प्रकाश, जय बहादुर सिंह जी, दीपक सिंह, मनोरंजन सिंह जी, अभय राज जी, रवि, काशीनाथ दुबे, विकास सिंह, अमित यादव, बलवंत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## रांची शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर डीसी ने की बैठक

# ट्रैफिक व्यवस्था में होगा सुधार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 01 अप्रैल 2023 को शहर की यातायात व्यवस्था से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, कौशल किशोर, पुलिस अधीक्षक (नगर), एस.जैन, पुलिस अधीक्षक (यातायात), एच.बी. जमां, अनुमंडल पदाधिकारी, रांची श्री दीपक कुमार दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राँची, श्री आरएन आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता, राँची, श्री केवल कुमार अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) जीतवाहन उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची, प्रवीण प्रकाश, उप नगर आयुक्त, राँची नगर निगम, श्री कुंवर सिंह पाहन एवं विधुत कार्य प्रमंडल, रांची, पथ निर्माण विभाग, स्मार्ट सिटी रांची, जेनरल मैनेजर (टेक्निकल), राकेश कुमार नंद कुरियार एवं स्मार्ट सिटी रांची, ट्रांसपोर्ट मैनेजर, कुमुद कुमार, डीआरएसएम जमाल ए. खान एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए 1 महीने के अंदर शार्ट टर्म में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने तथा इसे पूरा करने के निर्देश दिये। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने लालपुर चौक-कांटाटोल, चौक-कोकर चौक पर अव्यवस्थित ट्रैफिक बूथ एवं विज्ञापन बोर्ड को अविलंब हटाने का निर्देश निगम के पदाधिकारी को दिया। इस पूरे जोन में एक महीने के भीतर अव्यवस्थित बिजली के खंभों को स्थान्तरित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। साथ ही पथ निर्माण विभाग को रांची शहर के सभी स्थान जहां सड़क मरम्मत की आवश्यकता है, वहां तुरंत कार्य करने के निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा लालपुर पेट्रोल पम्प के सामने ट्रैफिक बूथ को स्थान्तरित करने, प्रचार बोर्ड को हटाने एवं राजस्थान कलेवालय के पास ट्रैफिक सुगमता के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। उन्होंने कहा कि एक महीने के भीतर कार्य पूरा करें। लालपुर चौक स्थित उदय मिष्ठान भंडार के आसपास बिजली के खंभे, पैनल बॉक्स हटाने एवं लालपुर डाकघर के पास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश भी उपायुक्त द्वारा दिया गया।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का 5 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**खूंटी।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का पांचवा स्थापना दिवस मुरहू शाखा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।बैंक के शाखा प्रबंधक सुरेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बैंक के सभी कर्मचारियों सहित बैंक के प्रबुद्ध खाताधारी उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाए। शाखा प्रबंधक सुरेश कुमार ने इस मौके पर ग्रामीण बैंक की मुरहू शाखा की उपलब्धि पर प्रकाश डाला साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर तक हर बैंकीय सुविधा के लिए बैंक परिवार एवं सजग ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।मौके पर कार्यालय सहायक शंकर बोदरा, ऋषि प्रसाद साहू, बिरानी टूटी, सत्यनारायण साहू, महेश प्रसाद गुप्ता, मनोरमा देवी सहित काफी खाताधारी ग्रामीण मौजूद थे।

# कामदा एकादशी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में कामदा एकादशी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि प्रातः मंगला आरती भोग अर्पित कर बाबा का प्रातः कालीन श्रृंगार कर पंच आरती की गई। प्रातः से ही खाटू नरेश के दरबार में दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। दोपहर के बाद मंदिर के पट बंद करके खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। नवीन बागा पहनाया गया। लाल गुलाब बेली तुलसीदल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। गुलाब रूह से बाबा श्याम का मसाज किया गया। सूखे मेवा का भोग लगाया गया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा आचार्य अनूप दाधीच के सानिध्य में कामदा एकादशी का अनुष्ठान वैदिक रीति से संपन्न हुआ। श्री श्याम दरबार का संध्या बेला में पट खुलते ही भक्तजनों की जय जयकारों से पूरा श्याम मंदिर गूंज उठा। पिंटू बरनवाल स्वीटी बरनवाल यूती वर्णवाल ने परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके पंचमेवा विभिन्न मिष्ठान नमकीन अंगूर फल दूध रबड़ी का प्रसाद चढ़ाया। मुक्तेश्वर पांडे ने पंचमेवा ओमप्रकाश बरेजा ने प्रसाद सेवा पिंटू बरनवाल ने श्रृंगार सेवा व एक श्याम भक्त ने गिरीगोला सेवा निवेदित की। इसके बाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ। श्रवण ढानढनिया सलज अग्रवाल गौरव अग्रवाल साकेत ढानढनिया किशन शर्मा अनुज मोदी मनोहर केडिया आदि ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन कर भक्तजनों को झुमाया। इस अवसर पर विश्वनाथ नारसरिया अनिल नारनौली संजय सराफ अजय मारू दिनेश अग्रवाल रतन शर्मा रौनक पोद्दार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। देर रात महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को संध्या 4:30 बजे से 43 वा श्री सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ होगा।

यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर के कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन बी.एड. विभाग के द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय हार्ड वर्क बनाम स्मार्ट वर्क था। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सह-प्राध्यापक डॉ. विमल किशोर, रांची विश्वविद्यालय, राँची, हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रिका ठाकुर एंव साई नाथ विश्वविद्यालय, शिक्षा विभाग के संकाय प्रो.डॉ. तबस्सुम खान का स्वागत कॉलेज के छात्र/छात्राओं एवं समस्त भारथी ग्रुप के परिवार के द्वारा पारम्परिक तरीके से किया गया। संस्थान की शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हार्ड वर्क विचारों व कल्पनाओं को मूर्तरूप देता है और स्मार्ट वर्क बताता है कि समय का सदुपयोग कैसे करें। स्मार्ट वर्क का मतलब सही रणनीति बनाना और एक अनुशासित कार्यशैली का पालन करना है। सफलता पाने के लिए हार्ड वर्क की जरूरत होती है लेकिन अब दुनिया बदल रही हैं और हार्ड वर्क की जगह स्मार्ट वर्क ने ले ली है। आज सब कुछ बदल गया है और आगे भी बदलती रहेगी इसलिए अगर आपको हर काम में सफल होना है तो स्मार्ट वर्क को अपनाना होगा। सी.यू.जे. के डॉ. विमल किशोर अपने विचारों में कहा कि हार्ड वर्क और स्मार्ट वर्क एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होने कहा कि कठिन परिश्रम, बुद्धि और अनुभव इन तीनों के योगदान से ही स्मार्ट वर्क बनता है। 21वीं शताब्दि में कक्षा का श्यामपट स्मार्ट हो या ना हो परन्तु कक्षा के शिक्षको को स्मार्ट तरीके के साथ बच्चों को पढ़ाने की कला आनी चाहिए। आर.यू. के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रिका ठाकुर ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि आज हार्ड वर्क करने की क्षमता भी बच्चों में कम हो रही है जो चिन्ता का विषय है, समय आ गया है कि जब पैरेंट्स और टीचर्स को स्मार्ट होकर सोचना पडेगा कि कैसे वे अपने बच्चों के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायता कर पाऐंगें।

# खेलो इंडिया लीग झारखंड को मिला दो कांस्य पदक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जम्मू 24 से 31 मार्च तक जम्मू में सम्पन्न हुए खेलो इंडिया वीमेन वुशु लीग सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने कुल दो कांस्य पदक जीते। ज्ञातव्य है कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के कुल दस सब जूनियर खिलाड़ी भाग ले रहे थे।झारखंड की तरफ से खेलते हुए सपना कुमारीं 33 किलो भार वर्ग और सोनका कुमारीं 36 किलो भार वर्ग ने कांस्य पदक जीते। इन विजेता खिलाड़ियों की सफलता पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप वर्मा सहित चंचल भट्टाचार्य, डॉ कविता सिंह, उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, मनोज साहू, रत्नेश कुमार, मिथिलेश साहू, अमरेंद्र द्विवेदी, शैलेंद्र दुबे, राजकुमार जैन, रूपेश साहू, दीपक गोप, गोकुलानंद मिश्र, रजि अहमद, शशिकांत पांडे, शिवेंद्र दुबे ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## देवी मंडप में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

**मांडर।** मांडर के हेसमी देवी मंडप में श्री राम कीर्तन मंडली हेसमी के द्वारा 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का पूरे विधि विधान से शुभारम्भ किया गया।केंद्रीय कीर्तन मंडली समिति बिजुपाड़ा की कीर्तन मंडली सहित चान्हो मांडर के कई गांवों की कीर्तन मंडलियां इस आयोजन में निर्धारित समय पर कीर्तन में शामिल हो रही हैं।प्रसाद एवं भंडारे का समुचित व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा किया गया है।मौके पर समिति के अध्यक्ष नागेश्वर सिंह,सचिव हीरा साहू, अरविंद दुबे, कुलदीप मिश्रा, मुन्ना साहू, भारत मांझी, अनिता देवी, नीलम देवी, यशोदा देवी, बसंत सिंह, सुखदेव अहीर सहित अन्य मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन,
कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के निविदा आमंत्रण संख्या– **78/RI/2022-23/RWD/CHATRA**, दिनांक– **10.02.2023**, **PR NO.- 289909** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/CHATRA/03/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294224 Rural Work Department(23-24).D

प्रयास

प्रयास | त्वरित समाधान के लिए भाजमो गठित करेगा शिष्टमंडल

# विधायक समस्याओं को खत्म करने में जुटे



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पदाधिकारियों की एक बैठक बिष्टुपुर में विधायक सरयू राय की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक ने एक शिष्टमंडल गठित करने की बात कही। यह शिष्ट मंडल जमशेदपुर पूर्वी तथा पश्चिम के विभिन्न जनसमस्याओं को चिन्हित करेगी और इसका एक स्मार-पत्र तैयार इसके त्वरित समाधान हेतु जमशेदपुर अक्षेस और जुस्को प्रबंधन से मिलेगी और स्मार-पत्र सौंपेगी। राय ने कहा कि शिष्टमंडल का उद्देश्य जमशेदपुर पूर्वी एवं पश्चिम क्षेत्र की सफाई, सीवरेज-ड्रेनेज सिस्टम, सड़क, पेयजल, बिजली सहित अन्य मूलभूम सुविधा से संबंधित समस्याओं से लोगों को निजात दिलाना है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बिरसानगर, बागुनहातु, बागुननगर, बारीडीह, विद्यापतिनगर, लक्ष्मीनगर, बमामाईंस, भुइयांडीह लालभट्टा, कल्याणनगर, साकची रिफ्यूजी कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सीवरेज एवं ड्रेनेज सिस्टम की स्थिति काफी बदतर है। इस क्षेत्र में विगत 25 वर्षों से सीवरेज एवं ड्रेनेज सिस्टम ध्वस्त है। पहले क्षेत्र में बिजली और पानी की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी। विधायक की पहल पर अब जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के बस्तियों के जो भी व्यक्ति पानी और बिजली लेने को इच्छुक होगा जुस्को उसे कनेक्शन देगी। बैठक में विधायक ने कहा कि जुस्को प्रबंधन से हुई वार्ता के अनुसार भुइयांडीह, लालभट्टा, बाबुडीह, जोजोबेड़ा, महानंद बस्ती, मंडल बस्ती में पेयजल का पाइपलाइन का काम तेजी से शुरू होने जा रहा है। बैठक में राय ने कहा कि गर्मी से पहले जुस्को एवं जमशेदपुर अक्षेस पेयजल की विस्तृत योजना तैयार करे। क्षेत्र के खराब पड़े चापाकल एवं हाईमास्ट लाइट का शीघ्र मरम्मत किया जाय। क्षेत्र की नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर किया जाय जिससे लोगों के घरों में हो रहे जलजमाव से मुक्ति मिल सके। राय ने कहा कि जमशेदपुर अक्षेस द्वारा स्वीकृत 4000 स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन अविलंब किया जाय। जुस्को क्षेत्र के मुहल्लों में सड़कों का निर्माण करवाया जाय। विधायक राय ने बताया कि 4 अप्रैल को जुस्को अवासितों के लिए विद्युत उपलब्ध कराने वाली कमिटी की बैठक में तय किया जाएगा कि सरकार से पर्याप्त बिजली नही देने के समय जुस्को से बिजली ग्रिड में लिया जाएगा। इसके लिए झारखंड सरकार से बात की जाएगी।

**Adv. No. 02/2022-23 Dated: 31.03.2023**
**District Legal Services Authority, Ramgarh**
**Notice inviting applications for providing services of Sweepers/Safaikarmi from reputed out sourcing Empanelled Agency on Outsourcing Basis.**

In the light of Hon'ble of JHALSA Letter No. 895 dated 18.03.2023, District Legal Services Authority, Ramgarh invites applications from reputed Outsourcing Empanelled Agencies which provide similar services to other Government Department for providing "Services of Two (2) Sweepers/ Safaikarmi on outsourcing Basis."

**Basis**

1. Applications should be addressed to The Chairman, **District Legal Services Authority, Ramgarh** and placed in a sealed envelope clearly mentioning therein **"Application for Outsourcing Services of SWEEPERS/SAFAIKARMI."**
2. Applications should be accompanied by the following documents:-
   a) Self-Attested copies of Registration of firm/company.
   b) Self-Attested copy of experience certificate issued by other Government department to whom similar services is being provided.
   c) Self-Attested copy of PAN card of firm/company/individual.
   d) Self- Attested copy of the IT-Return.
   e) An affidavit of Non-Blacklisting on Non-Judicial Stamp Paper.
   f) Self- Attested copy of Goods and Service Tax (GST) registration.
   g) Self- Attested copy of GST Return.
   h) Self- Attested copy of valid License order as per the Contract Labour (R&A) Act 1970.
   i) Mobile Number & E-mail address &
   j) Self-declaration & Signature.
3. The last date of submitting the aforesaid application is **06.04.2023** by 04:30 PM. Application received after due date and time will not be considered.
4. The shortlisted applicants shall be called for interview through E-mail/ Mobile Number provided by them.
5. Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever.

For further details, please contact the office of the District Legal Services Authority, Civil Court, Ramgarh. You may also contact the Secretary, District Legal Services Authority, Ramgarh in Mobile No. 7464012424.

Sd/-
Secretary
District Legal Services Authority, Ramgarh
31.03.2023

PR 294264 District(22-23)D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र शुक्ल पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 02 अप्रैल 2023 • वर्ष-24 • अंक-60 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

एक्ट्रेस गौहर खान को आया गुस्सा, कपल को... पेज 12 पर




# अप्रैल से जून तक पड़ने वाली है भीषण गर्मी

## आईएमडी ने कहा- सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को कहा कि उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों और प्रायद्वीपीय क्षेत्र को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अप्रैल से जून तक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। विभाग ने कहा कि इस दौरान मध्य, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अप्रैल के महीने में बारिश को लेकर भी भविष्यवाणी की है। विभाग का कहना है कि अप्रैल में सामान्य बारिश होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी, मध्य और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है



जबकि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम बारिश की संभावना है।

### इन राज्यों में पड़ेगी भीषण गर्मी

**भीषण** गर्मी की संभावना को लेकर आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में ज्यादा गर्मी पड़ने की आशंका है। आईएमडी ने कहा कि 2023 में गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और उत्तरपश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या उससे कम रह सकता है। मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिमी भारत और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के दूरदराज हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य या उससे अधिक रहने की संभावना है।

## मौसम में उतार चढ़ाव जारी, आज से राहत के आसार

### पांच और छह को भी कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में लगतार बारिश और मौसम के उतार चढ़ाव का सिलसिला लंबा खिंचने वाला है। शनिवार को जहां राज्य के कुछ इलाकों में तेज हवा और वज्रपात के साथ हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश हुई, वहीं आज से 4 अप्रैल तक आसमान मुख्यतः साफ रहने और मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने बताया है कि उसके बाद पांच और छह तारीख को भी राज्य के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है।



इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में कई स्थानों पर वर्षा हुई है। पूर्वी सिंहभूम के दरसई में सर्वाधिक 51.8 मिलिमीटर वर्षपात रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान अधिकतम तापमान चाईबासा में 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### हिरण को मारी गोली ग्रामीणों ने बचाया

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर में दोंदलो गांव किसी ने एक हिरण के बच्चे को गोली मार दी। गोली उसके पांव में लगी। हिरण बंद पड़े खदान में कूद गया। गांव के मुखिया तुलसी महतो ने ग्रामीणों के सहयोग से उसे बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के पदाधिकारियों ने पशु चिकित्सक से हिरण के बच्चे का प्राथमिक इलाज कराते हुए हजारीबाग भेज दिया। बगोदर के वनपाल अंशु पांडेय की देखरेख में हिरण के बच्चे को भेजा गया। वैसे यह स्पष्ट नहीं हुआ है गोली किसने मारी है। बगोदर पुलिस और वन विभाग दोनों ही मामले की जांच-पड़ताल कर रहे हैं।

### सड़क पर उतरे युवा

**पाकुड़।** झारखंड सरकार की नियोजन नीति के खिलाफ सैकड़ों आदिवासी छात्र-छात्राओं ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया एवं सीएम के खिलाफ नारेबाजी की। कमल मुर्मू, मार्क बास्की सहित आधा दर्जन आदिवासी नेताओं के नेतृत्व में सड़क पर उतरे युवक-युवतियों ने दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं आवागमन को बंद कराया। नियोजन नीति के खिलाफ आयोजित संथाल परगना बंद को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीपीओ अजित कुमार विमल, पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार जवानों के साथ मुस्तैद रहे।

### नियोजन नीति के विरोध में सड़क जाम

**साहिबगंज।** शनिवार को साहिबगंज कॉलेज परिसर में स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास के छात्रों ने 60/40 नियोजन नीति के विरोध पर शहर के टमटम स्टैंड, ग्रीन होटल मोड़, स्टेशन के समीप मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान छात्रों ने राज्य सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और आसपास के खुले दुकानों को भी बंद करवा दिया। छात्रों के सड़क जाम करने से आवागमन बाधित हो गया।

### अमूल दूध दो रुपये प्रति लीटर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** दूध की बढ़ती कीमतों में आम लोगों को पहले ही परेशान कर रखा है। अब देश के बड़ी दूध कंपनी अमूल ने ग्राहकों को एक बार फिर झटका देते हुए अपनी दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर का इजाफा करने का फैसला किया है। कंपनी ने गुजरात में 2 रुपये प्रति लीटर दूध के दामों में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। नई दरें 1 अप्रैल, 2023 से लागू हो चुकी हैं।




# विशेष सहायता

## झारखंड के अति नक्सल प्रभावित छह जिलों को मिली है विशेष केंद्रीय सहायता

### गिरिडीह, गुमला, खूंटी, सरायकेला, चतरा और चाईबासा को मिले हैं 51.73 करोड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के छह नक्सल प्रभावित जिलों को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 51.73 करोड़ मिले हैं। यह राशि केंद्र प्रायोजित पुलिस आधुनिकीकरण योजना अंतर्गत विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत दी गयी है। गिरिडीह को 10.25 करोड़, गुमला को 10.25 करोड़, खूंटी को 9.89 करोड़, सरायकेला को 10.25 करोड़, चाईबासा को 10.25 करोड़ और चतरा 84 लाख रुपए मिले हैं।

विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत मिली राशि से राज्य के छह जिलों में सार्वजनिक आधारभूत संरचना और सेवाओं से संबंधित क्रिटिकल गैप्स को भरा जायेगा। इसके लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने देश के अति उग्रवाद प्रभावित जिलों में विशेष केंद्रीय सहायता देने की योजना बनायी थी, जिसमें छह जिले झारखंड के हैं।

### झारखंड के 8 जिले अति माओवाद प्रभाव वाले

**झारखंड** के आठ जिले माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से अति माओवाद प्रभाव श्रेणी में हैं। वहीं, राज्य के 16 जिलों में माओवादियों का प्रभाव है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, पूर्व में देशभर के 90 जिले माओवाद प्रभावित थे, लेकिन अब इसकी संख्या घटकर 70 रह गयी है। केंद्र ने 70 में से 25 जिलों को अति माओवादी प्रभाव वाला माना है। देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में 8 जिले झारखंड के हैं। झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। वहीं, आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं।



## अमित शाह की अपील : उग्रवादी संगठन मुख्यधारा में हों शामिल

**एजेंसी। आइजोल**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पूर्वोत्तर के बाकी सक्रिय उग्रवादी संगठनों से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। आइजोल में 2,414 करोड़ रुपये की 11 परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मिजोरम में शांति की स्थापना भारतीय लोकतंत्र की जीत का उदाहरण है। गृह मंत्री अमित शाह



ने कहाः मैं पूर्वोत्तर में कुछ शेष सक्रिय उग्रवादी संगठनों से मुख्यधारा में लौटने, लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने और क्षेत्र तथा देश के विकास में योगदान देने की अपील करता हूं। उन्होंने कहाः विद्रोह का सामना करने वाले मिजोरम में शांति स्थापित हो गई है। यह भारत के लोकतंत्र की जीत का एक अभूतपूर्व उदाहरण है।

शाह ने राज्य में नए असम राइफल्स बटालियन मुख्यालय परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य उग्रवाद, रेल, सड़क और हवाई संपर्क की कमी से जूझ रहा था और 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई, तब यहां विकास का कोई नामोनिशान नहीं था।

## पीएम ने रानी कमलापति स्टेशन से वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

# उमंग और तरंग का प्रतीक है नए भारत की वंदे भारत : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वंदे भारत ट्रेन नए भारत की उमंग और तरंग का प्रतीक है। यह भारत की आधुनिकतम ट्रेन है, जिसके लोकार्पण का उन्हें सौभाग्य मिला है। रेलवे के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि कोई प्रधानमंत्री इतने कम अंतराल में किसी रेलवे स्टेशन पर दोबारा किसी कार्यक्रम में आया है। पहले रानी कमलापति स्टेशन के लोकार्पण में आया था और आज वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आया हूं।

प्रधानमंत्री शनिवार को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव समेत कई गणमान्य उपस्थित ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### छह हजार रेलवे स्टेशन वाईफाई से लैस



**मोदी** ने कहा कि वर्ष 2014 तक नॉर्थ ईस्ट रेलवे से नहीं जुड़ा। हमारी सरकार आने के बाद हमने उसे रेलवे से जोड़ा और रेलवे का कायाकल्प किया। हमने 'वन स्टेशन-वन प्रोडक्ट' योजना से कारीगरों के कपड़े, कलाकृतियों, पेंटिंग्स, बर्तन इत्यादि का विक्रय के लिए पूरे भारत में 600 से अधिक आउटलेट रेलवे स्टेशन पर खोले हैं, जिसका लाभ आज लाखों लोग ले रहे हैं। रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया गया है, छह हजार रेलवे स्टेशन वाईफाई से लैस हैं और 900 रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी का काम पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश सहित देश के 11 राज्यों में रेलवे ट्रेक का शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन हो गया है।

### हर भारतीय मोदी का सुरक्षा कवच

**मोदी** ने कहा कि जब यह कार्यक्रम तय हुआ तो मुझे बताया गया कि एक अप्रैल को कार्यक्रम है। मैंने कहा कि एक अप्रैल को क्यों रखा है? जब अखबार में खबर आएगी कि मोदी जी एक अप्रैल को हरी झंडी दिखाने वाले हैं, तो हमारे कांग्रेस के मित्र बयान देंगे कि मोदी अप्रैल फूल बनाएगा। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश में कुछ लोग ठानकर बैठे हैं कि मोदी की छवि धूमिल करेंगे। इसके लिए संकल्प भी घोषित किया है। इन लोगों ने भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है। यह लगातार कोशिश करते रहे हैं कि किसी तरह मोदी की इमेज को धूमिल कर दें। आज हर भारतीय मोदी का सुरक्षा कवच है, इसीलिए ये लोग बौखला गए हैं। नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं।

### नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला जेल से रिहा

**एजेंसी। पटियाला/पंजाब**

1988 के रोड रेज मामले में अपने गृहनगर पटियाला की जेल में 317 दिनों तक सलाखों के पीछे रहने के बाद कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू शनिवार शाम जेल से बाहर आए और उन्होंने राज्य की आप सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार दोनों पर जमकर निशाना साधा। सजा के दौरान उन्होंने 30 किलो से ज्यादा वजन कम किया। काली पगड़ी और नीली जैकेट के साथ पठानी सूट पहने, पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रमुख सिद्धू, जिन्हें अपनी जेल की अवधि में 45 दिनों की छूट के साथ समय से पहले रिहा कर दिया गया, उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया था कि उन्हें सुबह 11.45 बजे रिहा कर दिया जाएगा। सुबह से उनकी रिहाई का इंतजार कर रहे समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## 100 करोड़ के घोटाले के आरोपी पर एक और एफआईआर हुई दर्ज

### फर्जी कोविड रिपोर्ट से जुड़ा है मामला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी के खिलाफ रांची के बरियातू थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामला कोविड का फर्जी सर्टिफिकेट से जुड़ा हुआ है। एफआईआर रिम्स अधीक्षक के द्वारा दर्ज कराई गई है।

गौरतलब है कि संजय तिवारी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोर्ट में 25 मार्च को ही सरेंडर करना था,




लेकिन संजय तिवारी ने उस सरेंडर से बचने के लिए कोविड होने की गलत जानकारी रांची के पीएमएलए कोर्ट को दी। पीएमएलए कोर्ट को दिए गए रिम्स के इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट की जांच ईडी के रांची जोनल ऑफिस के द्वारा की गई। रिम्स में ईडी के अधिकारियों ने जांच की तो पता चला कि संजय तिवारी के द्वारा जो इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट दिए गए हैं, वह गलत है। मामले की जांच में रिम्स अधीक्षक ने पाया कि रिम्स के कुछ कर्मचारियों से मिलीभगत कर संजय तिवारी ने अपना कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट तैयार करवा लिया था। जांच के बाद रिम्स अधीक्षक ने इस मामले में बरियातू थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

**25 मार्च को अधिवक्ता के माध्यम से दिया था आवेदन :** दरअसल, संजय तिवारी के वकील ने अदालत में सरेंडर न करने की वजह बताते हुए आवेदन दिया था। आवेदन में कहा गया था कि संजय तिवारी को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पत्रकारिता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए किया है बहुत काम

# अकारण नहीं है लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ मीडिया



- प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी, महानिदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली।

**पिछले** दिनों, देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि किसी देश को लोकतांत्रिक रहना है, तो प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। जब प्रेस को काम करने से रोका जाता है, तो लोकतंत्र की जीवंतता से समझौता होता है। मुख्य न्यायाधीश, ऐसा कहने वाली पहली विभूति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई बार कई प्रमुख हस्तियां प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर मिलते-जुलते विचार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर चुकी हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। इसके बदले उसे समाज का, लोगों का भरपूर विश्वास और सम्मान भी हासिल हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य से बीते दो-तीन दशकों में यह




विश्वास लगातार दरकता गया है, सम्मान घटता गया है।

मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना 'कॉरपोरेटाइजेशन' कर लिया और खुद को 'मिशन' की बजाए खालिस 'प्रोफेशन' बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं। 'जन' की जगह 'धन' साध्य बन गया। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मीडिया प्रतिष्ठानों ने अपने तौर-तरीके पूरी तरह बदल लिए। कंटेंट की बजाय उन्होंने आइटम पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया, ताकि रीडरशिप और टीआरपी में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचा जा सके। जितनी ज्यादा ऊंचाई, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। उसमें भी भारी घालमेल। अधिकतर अखबार और टीवी चैनल, सामग्री की गुणवत्ता की बजाए आंकड़ों की बाजीगरी में अधिक भरोसा करने लगे। लेकिन या तो उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया या फिर परवाह नहीं की कि इस पूरे चक्र में वे समाज और लोगों का भरोसा खो रहे हैं।

अब स्थिति यह है कि मीडिया तो लगातार विस्तार ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## हावड़ा रामनवमी झड़प : सीआईडी ने अपने हाथ में ली जांच की कमान



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल पुलिस की आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) रामनवमी के जुलूस को लेकर गुरुवार को हावड़ा जिले में हुई झड़पों की जांच करेगी। राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि सीआईडी के तहत विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा जांच की जाएगी और जांच दल का नेतृत्व डीआईजी स्तर का एक अधिकारी करेगा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी. आनंद बोस ने कड़े शब्दों में बयान जारी कर पुलिस को मामले में वस्तुनिष्ठ, मजबूत और निष्पक्ष रहने का निर्देश दिया। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि इस मामले की जांच का प्रभार सीआईडी को सौंपने का फैसला खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल से चर्चा के बाद लिया। इसमें उन्होंने राज्य के संवैधानिक प्रमुख को मामले में आवश्यक और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

NEWS इन ब्रीफ

## आइजी भी अब बन सकेंगे एसीबी के प्रमुख

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को पुनर्गठित करने के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार अब एसीबी प्रमुख के पद पर डीजी या एडीजी रैंक के अधिकारी के नहीं रहने पर आइजी स्तर के अधिकारी एसीबी प्रमुख का काम करेंगे। आइजी ही एसीबी प्रमुख को दी गयी अन्य शक्ति कार्यों का निर्वहण करेंगे।

## कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण दो अप्रैल को

**रांची।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की नवगठित जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति की विस्तारित बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह दो अप्रैल को पुरानी विधानसभा सभागार में होगी। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच कार्य दायित्व का बंटवारा किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रमों की रुपरेखा भी तय की जाएगी। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश महासचिव , प्रदेश सचिव, प्रदेश डेलीगेट एवं प्रखण्ड अध्यक्ष सहित कांग्रेस कोटे के मंत्री मौजूद रहेंगे। कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय एवं प्रदेश समिति द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिला कमिटी द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की घोषणा भी की जाएगी। कार्यक्रम में रांची जिला के सभी प्रखण्डों के पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## पूर्व बीडीओ प्रदीप कुमार महतो की वेतन वृद्धि पर रोक

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और गढ़वा के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार महतो की दो वेतन वृद्धि रोकने का दंड लगाया है। प्रदीप महतो वर्तमान में जामताड़ा के नारायणपुर अंचल के अंचल अधिकारी के पद पर कार्य कर रहे हैं। उनके ऊपर 2017 में ग्रामीण विकास विभाग ने प्रपत्र 'क' गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा कार्मिक विभाग को किया था। उनके ऊपर सरकार के उच्चाधिकारियों के आदेश का उल्लंघन, विकास योजना के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने, मनरेगा अंतर्गत प्रखंड में न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन 100 मानव दिवस प्रति पंचायत सृजन के लक्ष्य के विरुद्ध शून्य मानव दिवस सृजन, 1832 डोभा निर्माण के लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 555 डोभा निर्माण कराने, 34 प्रतिशत ही जॉब कार्ड का सत्यापन कराने सहित कई गंभीर आरोप लगे।

## महावीर आई हॉस्पिटल' का उद्घाटन आज

**रांची।** रांची में भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर दो अप्रैल को बरियातू रोड स्थित महावीर भवन में भगवान महावीर आइ हॉस्पिटल खोला जा रहा है। अध्यक्ष पूरनमल जैन सेठी ने कहा कि यहां पर गरीब मरीजों के निःशुल्क इलाज, ऑपरेशन, दवाई, भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की गयी है। संस्था 18 साल से निःशुल्क आइ कैंप लगा कर मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा रही है।

## घंटी आधारित शिक्षकों की कार्यावधि बढ़ाने के निर्देश

रांची। झारखंड उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की निदेशक गरिमा सिंह ने घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों की कार्यावधि विस्तार का निर्देश जारी किया है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय और अंगीभूत कॉलेजों के स्नातकोत्तर में पढ़ा रहे घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों की कार्य अवधि का विस्तार किया जाए। इसके लिए झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है।

# 11 को प्रदर्शन करेगी भाजपा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को प्रदेश कार्यालय में कोर कमिटी की बैठक हुई। बैठक के बाद दीपक प्रकाश ने कहा कि आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत, धारदार, सर्व व्यापी सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी बनाने के साथ आगामी विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों और 11 अप्रैल को रांची में राज्य सरकार के खिलाफ होने वाले ऐतिहासिक जनांदोलन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। प्रकाश ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलने वाली झामुमो कांग्रेस राजद ठगबंधन की सरकार से जनता ऊब चुकी है। भाजपा राज्य की सवातीन करोड़ जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि अब तो मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में जनता सड़कों पर धरना देकर राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प व्यक्त कर रही है। उन्होंने आज युवाओं के द्वारा नियोजन नीति के खिलाफ बुलाए गए ऐतिहासिक संथाल परगना बंद के लिए जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सफेद झूठ बोलकर, लोगों को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाकर सत्ता में आने वाली सरकार को अब सच से सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का आक्रोश दिनोदिन राज्य सरकार के खिलाफ बढ़ता ही जा रहा है। प्रकाश ने कहा कि 11 अप्रैल को प्रदेश भाजपा के बैनर तले राज्य के 32 हजार गांवों से रांची की धरती पर जनसैलाब उतरेगा। जनता इस भ्रष्ट निकम्मी राज्य सरकार के सचिवालय को घेर कर उनके वादे को याद कराएगी। सरकार या तो अपना वादा निभाए या फिर कुर्सी छोड़े। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केवल लूट,घोटाले,भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में लगी है। राज्य में वित्तीय अराजकता की स्थिति भयावह है। यह देश का पहला राज्य है जहां मार्च लूट के तहत एक दिन में 5000 करोड़ रुपये की निकासी होती है। सरकार की लोक लुभावन योजनाओं का बुरा हाल है। साथ ही बजट के 11 हजार करोड़ रुपये सरेंडर हो गए। उन्होंने कहा कि आंदोलन के अतिरिक्त पार्टी की सांगठनिक गतिविधियां की चर्चा हुई, जिसमें बूथ सशक्तिकरण अभियान,राष्ट्रपति के अभिभाषण कार्यक्रम की समीक्षा हुई। उन्होंने कहा कि आगामी छह अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस घर घर झंडा लगाकर मनाया जायेगा। साथ ही छह अप्रैल को पार्टी के कार्यकर्ता जनता के साथ मिलकर 9.30 बजे प्रातः प्रधानमंत्री जी का संबोधन सुनेंगे। इसके अलावा 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के अलावा महान समाज सुधारक ज्योतिबा फूले की जयंती सहित सामाजिक समरसता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज देश में राज्य की छवि नए उद्योग धंधे लगाने वाली नही बल्कि पुराने उद्योग धंधों को बंद करने वाली बन गई है।

## टाटीसिलवे में एक्यूप्रेशर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**नामकुम।** राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर दिवस के अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे कि ओर से रविवार को टाटीसिलवे ईएफ मैदान निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया है। उक्त जानकारी शाखा के डॉ मधुसुदन पांडेय ने जानकारी दी। शिविर में मुख्य अतिथि जैप के डीएसपी मनोज कुमार व विशिष्ट अतिथि टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली होंगे। एक्यूप्रेसर चिकित्सा में डॉ बलराम महतो, डॉ नरेश महतो, डॉ रूपमनी डॉ सरस्वती, डॉ प्रिति, डॉ संदीप कुमार पांडेय, डॉ दीपक कुमार सहित कई अनुभवी चिकित्सक की मौजूदगी में इलाज किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क जांच कर शुगर व बीपी रोकथाम के लिए एक्यूप्रेशर के पद्धित के माध्यम से इलाज कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही एक्यूप्रेशर के माध्यम से कई जटील से जटील बीमार इलाज के साथ उपयोगों की जानकारी दी जाएगी।

# महिला से सरेशाम छिनतई स्कूटी छोड़ भागे स्नैचर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी में चोरो उच्चको की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि वह पुलिस को देख कर भी छिनतई की वारदातों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं ,ताजा मामला रांची के सहजानंद चौक का है । शुक्रवार को यहां स्कूटी पर सवार दो अपराधियों ने स्वाति सिंह नाम की एक महिला का मोबाइल और पर्स स्नैचिंग करके फरार हो गए। हालांकि दोनों अपराधियों का पुलिस ने काफी दूर तक पीछा किया, जिसके बाद दोनों ही अपराधी अपना स्कूटी छोड़कर फरार हो गए। हरमू की रहने वाली स्वाति सिंह प्रेग्नेंट है , स्वाति सिंह ने बताया कि वह अपने घर से निकलकर दवा लेने के लिए निकली थी ,उन्हें दवा और एक थमार्मीटर खरीदना था। जैसे ही वह मेडिसिन दुकान जाने के लिए मुड़ी तभी स्कूटी सवार दो युवक उनके पास में आए और उनसे उनका पर्स झपट कर भाग गए । स्वाति सिंह ने अपराधियों का विरोध इसलिए नहीं किया क्योंकि वह प्रेग्नेंट है। उन्हें डर था कि अगर कहीं में विरोध करेंगे और अपराधियों ने उन्हें धक्का दे दिया तो फिर ज्यादा मुसीबत हो जाएगी। स्वाति सिंह के द्वारा शोर मचाए जाने पर पास में खड़े पीसीआर ने तुरंत स्कूटी सवार अपराधियों का पीछा करना शुरू कर दिया, लेकिन एक पतली गली आने के बाद अपराधियों ने अपने स्कूटी वहीं छोड़ दिया और गली का फायदा उठाते हुए फरार हो गए ।पुलिस ने स्कूटी जप्त कर लिया है हालांकि अब तक की जानकारी में यह बात सामने आई है कि स्कूटी भी चोरी की है। अपराधियों के द्वारा दिनदहाड़े की छिनतई से स्वाति सिंह काफी डर गई ,मौके पर ही वे फुट फुट कर रोने लगी। आसपास के महिलाएं उन्हें हिम्मत दिलाया , कुछ ही देर में अरगोड़ा थाने से एक महिला अफसर भी मौके पर पहुंची और पीड़िता को अपने साथ थाने ले गई ताकि मामले में शिकायत दर्ज करवाई जा सके। स्वाति सिंह ने बताया कि उनके पर्स में मोबाइल के साथ-साथ नगद पैसे और कई जरूरी कागजात भी थे।

# वन विभाग ने गांव में जाकर हाथी भगाने का सामान वितरण किया



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
बानो प्रखण्ड के सुमिंगबेड़ा में वन विभाग द्वारा ग्रामीणों के बीच हाथी भगाने की सामग्रियों का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों जंगली हाथियों ने तीन घरों को छतिग्रस्त कर दिया था । पुनः शुक्रवार रात्रि को गाब्रिएल सुरीन के घर को हाथी छतिग्रस्त कर घर मे रखे आनाज खा गया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने अधिकारियों को गांव में बुला कर समाधान करने की बात कही। मौके पर बानो रेंजर अभय कुमार ने कहा कि गांव जंगल के आस पास है,सावधानी से रहे। हाथियों को न छेड़े । हाथी से बचने के लिए खैनी का डंटी, मिर्ची पाउडर जलाएं ।इससे हाथी सामने नही आएगा । घर में शराब न बनाए ।हाथी द्वारा जो भी क्षति की जा रही है उसका मुवावजा जल्द दी जा रही है। बीडीओ यादव बैठा ने कहा गाँव मे सतर्क रहें।हाथी आने पर सामुहिक रूप से हाथियों को दूर भगाएं। वन विभाग बानो की ओर से सुमिंग बेडा के ग्रामीणों के बीच टोर्च ,मशाल ,जुट बोरा ,मोबिल,, तार आदि सामग्री का बितरण किया गया ।मौके पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, प्रमुख सुधीर डांग ,महाबुवांग थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

# गांधी मैदान में जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखंड सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा द्वारा सिमडेगा गांधी मैदान में जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिमडेगा उपायुक्त आर रोनीटा के द्वारा रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित करते हुए की गई ।इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न काउंटर का निरीक्षण करते हुए वहां पर मरीजों को मिल रहे सुविधाओं के विस्तार पूर्वक जानकारी ली। साथ ही सभी लोगों को इस सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए सरकार के निर्देश पर सिमडेगा गांधी मैदान में दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया है। जहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग-अलग काउंटर लगाकर मुफ्त हिमोग्लोबिन जांच ,डायबिटीज जांच ,ब्लड प्रेशर जांच, टीबी जांच सहित विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित जांच की जा रही है। साथ ही बताया कि सदर अस्पताल के डॉक्टरों की विशेष ओपीडी भी लगाई गई है जहां पर मरीज अपनी समस्याओं को बताने के साथ ही तत्काल वहां पर दवा प्राप्त कर सकेंगे ।उपायुक्त ने कहा इस कैम्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य मेला का लाभ ले सकेंगे उन्होंने मेला में कमियां पाई और उन्होंने सिविल सर्जन सिमडेगा को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी कमियों को दूर करते हुए लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने का कार्य करें ।सिविल सर्जन ने लोगों को उक्त मेले मे आने एवं स्वस्थ सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की ।मौके पर यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ पी.पी. शाह,डीपीएम प्रदीप कुमार,सहित स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न काउंटर लगाए थे।

# समारोह आयोजित कर आदेशपाल को दी गई भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय जितुटोली में समारोह आयोजित कर आदेशपाल कैथरीना सुरीन के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई । इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक फ्रांसिस जेवियर सोरेंग उपस्थित थे ।कार्यक्रम में नीलम लुगुन ने कैथरीना सुरीन के कार्यकाल के बारे और जीवन परिचय दिया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों के द्वारा कैथरीना सुरीन को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया तथा माला पहनाकर सेवानिवृत आदेशपाल कथरीना सुरीन को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि कैथरीना सुरीन ने 30 वर्षों तक विद्यालय में अपना सेवा दिया उनके कार्यकाल में विद्यालय परिवार को काफी लाभ पहुंचा। उन्होंने कहा कि वह जहां भी रहे उनका भविष्य उज्जवल रहे और स्वस्थ रहें .इस अवसर पर विश्राम बखला, स्वर्ण लता बागे,आशिष कुमार साहु, निलय लुगुन, मसीहदास सुरीन, सुभाष तिर्की, इसीदोर कडुंलना, शीतल एक्का, अजीत सुरीन, सचिन सुरीन, विमला सुरीन, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एफ्रेंस,अजित कडुंलना आदि लोग उपस्थित थे।

## अखड़ा अध्यक्ष को किया सम्मानित



**नामकुम।** नामकुम श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति अध्यक्ष मनोज सिंह व अखड़ा अध्यक्ष अनिल वर्मा के नेतृत्व में शनिवार को विभिन्न 18 अखड़ाधारियों व झांकियों के अध्यक्षों को तलवार, शिल्ड व अन्य समाग्री देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर रामनवमी में चायबगान के अखड़ा संजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह के नेतृत्व में महिलाओं को भव्य जुलूस में शामिल होने उन्हें शिल्ड, तलवार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष बिकू सिंह, राकेश सिंह, अरविन्द झा, शम्भू वर्मा, बबलू ठाकूर, दिलीप साहू, बालू साहू, शरदा टोप्पो, निरंजन शाहदेव सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

## मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक बनाए गए जय प्रकाश शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड प्रांत मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अरुण गुप्ता एवं कमेटी ने सर्वसम्मति से मारवाड़ी युवा मंच लोहरदगा के निवर्तमान अध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा को प्रांतीय संयोजक नियुक्त किया। अरुण गुप्ता ने कहा कि जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में लोहरदगा शाखा के द्वारा अनगिनत उत्कृष्ट कार्य किए गए जिसके लिए उन्हें प्रांत के 75 शाखाओं में से सर्वश्रेष्ठ शाखा अध्यक्ष का भी पुरस्कार प्राप्त हुआ है। आज से उन्हें एक और नई जिम्मेवारी दिल्ली में बन रहे मंच के बहुउद्देशीय युवा भवन के निर्माण की दी जा रही है। प्रस्तावित भवन 100 करोड़ से ज्यादा की लागत से एक लाख वर्ग फुट में निर्माण होना है ।युवा भवन मंच का सबसे बड़ा प्रशासनिक भवन होगा। प्रशासनिक भवन में मंच की 700 शाखाओं के कार्यालय होंगे जो पूरे देश में सक्रिय हैं ।भवन में एक स्थायी ब्लड बैंक, कैंसर जांच केंद्र, छात्रावास, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण केंद्र,मेधावी छात्राओं के लिए एक अलग छात्रावास भी बनाया जाएगा जहां वे रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। भवन में दो सामुदायिक केंद्रों के साथ 1000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक सभागार भी होगा। इसके अतिरिक्त दिल्ली-गाजियाबाद सीमा क्षेत्र में 4000 वर्ग फुट में लगभग 150 युवाओं के लिए एक अत्याधुनिक छात्रावास भी स्थापित किया जाएगा।

## बंधुवा में सांसद व पूर्व विधायक की मौजूदगी में मनाया सरहुल पर्व

**नामकुम।** नामकुम के बंधुवा के रूड़ंगकोचा गांव में भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा कि अध्यक्षता में शनिवार को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ व विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित में मनाया गया। इस मौके पर संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि आदिवासियों का सबसे प्रमुख पर्व झारखण्ड में उत्साह के साथ सरहूल पर्व को मनाया जाता है। इस पर्व को अलग-अलग गांवों में अलग-अलग समय पर मनाया जाता है, मुख्य त्योहार इन चार दिनों तक चलता, लेकिन गांवों में एक महीने तक यह पर्व मनाया जाता है। यह पर्व प्राकृतिक से जुड़ा हुआ पर्व है। इस मौके पर विनोद सिंह,कोषाध्यक्ष समीर राय, दिलीप साहू, अंजलि लकड़ा, उमाकांत राय,तुलसी गोप, सुरेश महतो, रवि सिंह सहित अन्य लोग ग्रामीण मौजूद थे।

आयोजित | सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल

# 472 खिलाड़ियों ने अपने भाग आजमाए



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिला स्तरीय सब जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए ठेठईटांगर प्रखंड पूर्वी टीम के लिए हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल शनिवार को जोराम खेल मैदान में आयोजित हुआ। जिसमें केरिया, जोराम,राजाबसा, घुटबाहर और ठेठईटांगर पंचायत के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं केरसई प्रखंड पश्चिमी के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आज करगागुड़ी स्कूल मैदान में किया जाएगा। जिसमें बासेन पंचायत, किनकेल पंचायत और बाघडेगा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। केरसई प्रखंड पूर्वी के लिए 04 अप्रैल को टैसर खेल मैदान में जिसमें केरसई पंचायत, कोंजोबा पंचायत, पूर्वी तैसेर और पश्चिमी टैंसर पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है। कोलेबिरा प्रखंड पूर्वी के लिए 04 अप्रैल को लचड़ागढ़ स्कूल मैदान में जिसमें कोलेबिरा प्रखंड के लचड़ागढ़ पंचायत, एयडेगा पंचायत और टूटीकेल पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। वहीं बांसजोर प्रखंड के लिए 05 अप्रैल को बांसजोर खेल मैदान में जिसमे बांसजोर पंचायत के सभी पंचायतों के खिलाड़ी भाग ले सकते है। ठेठईटांगर प्रखंड पश्चिमी के लिए 05अप्रैल को रेगारी मिडिल स्कूल के मैदान में जिसमें बाघचट्टा पंचायत, कोनपाला पंचायत और पैकपारा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।केरसई प्रखंड के पश्चिमी में बासने पंचायत, किनकेल पंचायत और बाघडेगा पंचायत के महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है।जिसका जन्म 1 जनवरी 2008 के बाद का हो और उसी इलाके का हो,वह खिलाड़ी अपने आधार कार्ड के साथ इस चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। अभी तक जिला के 21 पंचायत के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित कर 05 महिला और 05 पुरुष टीमों का गठन किया गया है ,जिसमें 472 खिलाड़ियों ने अपने भागों को आजमाया। वैसे झारखंड में राज्य में खेल प्रतिभा का कमी है, सिर्फ इन्हें तराशन की जरूरत है। अगर इन्हें पूरी सुविधा दी जाये तो वह बहुत ही आगे जा सकते हैं। झारखंड की धरती खेल प्रतिभाओं से भरी पड़ी हैं। जो राज्य , देश और दुनिया में अपने राज्य का नाम रोशन कर चुके हैं।

## महानगर अध्यक्ष कुमार राजा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**रांची।** रांची महाननगर कांग्रेस कमिटी की पूर्व घोषित बैठक शनिवार को कांग्रेस भवन में महानगर अध्यक्ष कुमार राजा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राँची महानगर कांग्रेस के जिला प्रभारी जवाहर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जमीनी कार्यकर्ताओ की पार्टी है, और एक सोची समझी साजिश के तहत राहुल गाँधी को भाजपा फंसा कर अपना उल्लू सीधा करने का काम कर रही है । कांग्रेस पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुँचाने के लिए व्यापक स्तर पर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यकम को सफल बनाने के लिए 3 अप्रैल से 23 अप्रैल तक अडानी के बचाव में मोदी सरकार द्वारा राहुल गाँधी की संसद सदस्यता खत्म किये जाने के विरोध में रांची महानगर के प्रत्येक वार्ड एवं मंडल/प्रखंड में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर मोदी सरकार की खामियों को गिनाने का काम करेंगे।

# सहारा इंडिया ने कार्यालय में ज्योति दिवस मनाया



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी सिल्ली**
प्रखंड अंतर्गत को कोकोराना मोड़ पर स्थित सहारा इंडिया के मुरी फ्रेंचाइजी कार्यालय में आज ज्योति दिवस मनाया गया। विदित हो कि सहारा इंडिया के डायरेक्टर सुब्रत राय के पिताजी सुधीर चंद्र राय की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। मुरी फ्रेंचाइजी कार्यालय में सहारा के कनिष्ठ और वरिष्ठ कार्यकताओं ने उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वही फ्रेंचाइजी मैनेजर ने उनके जीवन के बारे में विस्तारपूर्वक कार्यकताओं को बताया। इस मौके पर बासुदेव महतो, कमलेश दुबे, अनीता देवी, शशोधर महतो, मुरलीधर महतो, प्रदीप, रथु महतो, योगेंद्र कोइरी, राजेश कोइरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला-पुरुष हॉकी चैंपियनशिप ट्रायल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केरसई प्रखंड पूर्वी के लिए 04अप्रैल को टैसर खेल मैदान में जिसमें केरसई पंचायत, कोंजोबा पंचायत, पूर्वी तैसेर और पश्चिमी टैंसर पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। कोलेबिरा प्रखंड पूर्वी के लिए 04 अप्रैल को लचड़ागढ़ स्कूल मैदान में जिसमें कोलेबिरा प्रखंड के लचड़ागढ़ पंचायत, एयडेगा पंचायत और टूटीकेल पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। बांसजोर प्रखंड के लिए 05अप्रैल को बांसजोर खेल मैदान में जिसमे बांसजोर पंचायत के सभी पंचायतों के खिलाड़ी भाग ले सकते है। ठेठईटांगर प्रखंड पश्चिमी के लिए 05 अप्रैल को रेगारी मिडिल स्कूल के मैदान में जिसमे बाघचट्टा पंचायत,कोनपाला पंचायत और पैकपारा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है। केरसई प्रखंड के पश्चिमी में बासने पंचायत, किनकेल पंचायत और बाघडेगा पंचायत के महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है। जिसका जन्म 1 जनवरी 2008 के बाद का हो और उसी इलाके का हो,वह खिलाड़ी अपने आधार कार्ड के साथ इस चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं।



हॉकी सिमडेगा के द्वारा मैट्रिक और इंटर परीक्षा के बाद जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय सब जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी विभिन्न प्रखंडों के स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रत्येक प्रखंडों में खुली चयन ट्रायल कराकर टीम का गठन कर रहे हैं जिस प्रखंडों में पंचायतों की संख्या अधिक है उस प्रखंडों को दो-तीन प्रभागो में बांटा गया है जिसके तहत आज ठेठईटांगर प्रखंड पूर्वी टीम के लिए हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल जोराम खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिसमें ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत, ठेठईटांगर पंचायत, राजाबासा पंचायत, केरिया पंचायत और घुटबहार पंचायत के महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग लिया। हॉकी सिमडेगा के वेदप्रकाश भोक्ता की अगुवाई आज के चयन ट्रायल से 20-20 सदस्यों वाली महिला और पुरुष ठेठाटांगर प्रखंड पूर्वी के लिए टीम का गठन किया गया ,जो टीम हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेगी। इसी तरह अन्य प्रखंडों के लिए निम्न तिथि के अनुसार चयन ट्रायल होंगे : 02 अप्रैल को केरसई प्रखंड पश्चिमी के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल करगागुड़ी स्कूल मैदान में प्रातः 08बजे से किया जाएगा।जिसमे बासेन पंचायत,किनकेल पंचायत और बाघडेगा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

04 अप्रैल को केरसई प्रखंड पूर्वी के लिए टैसर खेल मैदान में 0प्रातः 09बजे से जिसमे केरसई पंचायत,कोंजोबा पंचायत ,पूर्वी तैसेर और पश्चिमी टैंसर पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

04 अप्रैल को कोलेबिरा प्रखंड पूर्वी के लिए लचड़ागढ़ स्कूल मैदान में 0प्रातः 09बजे से जिसमे कोलेबिरा प्रखंड के लचड़ागढ़ पंचायत, एयडेगा पंचायत और टूटीकेल पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

05 अप्रैल को बांसजोर प्रखंड के लिए बांसजोर खेल मैदान में जिसमे बांसजोर पंचायत के सभी पंचायतों के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

05 अप्रैल को ठेठईटांगर प्रखंड पश्चिमी के लिए रेगारी मिडिल स्कूल के मैदान में प्रातः 10 बजे से जिसमें बाघचट्टा पंचायत, कोनपाला पंचायत और पैकपारा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

### खाद्य आपूर्ति एवं धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक

# डीसी ने मार्च में कम खाद्यान्न वितरण करने पर नाराजगी जाहिर की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को खाद्य आपूर्ति एवं धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अल्बर्ट बिलुंग, जिला सहकारिता पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक, एफसीआई, सहायक गोदाम प्रबंधक, सभी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं मिलर उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत रिक्ति स्थिति, आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों, 6 महीने से खाद्यान्न का




उठाव न करने वाले राशन कार्डधारियों की स्थिति, मोबाईल सीडिंग, डूप्लीकेट यूआईडी, निलंबित डीलर, एनएफएसए के सभी लाभुकों को यूआईडी से सीडिंग, पीवीटीजी डाकिया योजनान्तर्गत खाद्यान्न का वितरण, पेट्रोल पर सब्सिडी देने हेतु सीएम सपोर्ट ऐप, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2023 हेतु एनएफएसए योजनान्तर्गत खाद्यान्न का डीएसडी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति की समीक्षा की गयी। बैठक में सर्वप्रथम धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से धान उठाव की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी मिलरों से कहा कि यथाशीघ्र लैम्प्स से धान का उठाव करें। उन्होंने कहा कि 15-20 दिनों में मिलर टैग्ड लैम्प्स से धान का उठाव शुरू करें। इसे लेकर उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### सीसीएल ने अब तक का सर्वाधिक उत्पादन करते हुये अपने लक्ष्य को प्राप्त किया

# प्रदर्शन से संतुष्ट दिखे प्रह्लाद जोशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपना अभूतपूर्व प्रदर्शन जारी रखते हुए आज तक का सर्वाधिक 76.09 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन कर इतिहास रच दिया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 11% की वृद्धि है। इस स्वर्णीम प्रदर्शन में सीसीएल के आम्रपाली परियोजना 18 एमटी, मगध परियोजना 15.6 एमटी सहित सभी क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीएल ने कोयला प्रेषण में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पिछले सारे कीर्तिमान तोड़ते हुए 75.03 एमटी कोयला प्रेषण किया जो पिछले रिकार्ड से 4.5% अधिक है। साथ ही साथ ओबी रिमुवल में भी 107 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डेन की निकासी कर कीर्तिमान बनाया है। सीएमडी सीसीएल पीएम प्रसाद ने शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुये कहा कि कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी के




मार्गदर्शन, कोयला सचिव अमृत लाल मीणा तथा अध्यक्ष सीआईएल प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में सीसीएल ने अपने उत्पादन लक्ष्य, 76 मिलियन टन (एमटी) को पार करते हुए 76.09 एमटी हासिल किया। उन्होंने सहयोग के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया। साथ ही कंपनी की सफलता में ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों, हितधारकों एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुडे सभी लोगों के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने सीसीएल की पूरी टीम को बधाई देते हुये कहा कि यह कंपनी की स्थापना के बाद से आज तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले वित्तीय वर्ष में सीसीएल ने भूमि अधिग्रहण के क्रम में 161 लाभार्थियों को स्थायी रोजगार मूहैया कराया है। इसी तरह सीसीएल ने कार्बन उत्र्सजन कम करने के दिशा में कार्य करते हुये पिपरवार क्षेत्र में लगभग 143 करोड़ के लागत से 20 मेगावाट सौर उर्जा प्लांट स्थापना करने जा रहा है। कमांड क्षेत्रों में पिछले वर्ष 178.85 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 75 हजार से अधिक पौधारोपण किया गया है। विगत वित्तीय वर्ष सीसीएल के लिए अविस्मरणीय साल रहा है। इस साल कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में सीसीएल द्वारा ऐतिहासिक कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें देशभर के लगभग 6000 धावकों ने हिस्सा लेकर इस मैराथन को सफल बनाया। सीसीएल द्वारा समाज के कल्याण और समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीसीएल द्वारा लगभग 65 करोड़ की लागत से रांची विश्वविद्यालय परिसर में पांच हजार सिटों वाली एक सेन्ट्रल लाईब्रेरी का निर्माण जल्द ही किया जायेगा।

## फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों के निर्माण में आयेगी तेजी

**रांची।** झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बनाये जा रहे फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों के निर्माण कार्य में तेजी आयेगी। फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों के ससमय निर्माण और प्रगति के मूल्यांकन के लिए गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय स्टेट लेवल कमिटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में अध्यक्ष के अलावा वित्त विभाग के प्रधान सचिव, एडीजी आधुनिकीकरण ,आईजी प्रोविजन, आईजी अभियान और मुख्य अभियंता झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड शामिल हैं। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेपीएससीएल) द्वारा फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें कई ऐसे पुलिस स्टेशन हैं, जिनका निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है। पुलिस स्टेशन की फिनिशिंग का काम चल रहा है। इनका कार्य जल्द पूरा कर इन्हें झारखंड पुलिस को सौंप दिया जायेगा।

# डॉ.भारती को उत्कृष्ट कार्यों को लेकर किया सम्मानत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

मुंबई नेत्र सोसायटी एवं आई एडवांस संस्था के द्वारा सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में डॉ भारती कश्यप को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। उन्हें यह गोल्ड मेडल पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं पद्मश्री डॉ. विकास महात्मे के हाथों दिया गया। यह गोल्ड मेडल प्रतिवर्ष संस्था के द्वारा मोतियाबिंद एवं लासिक सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले देश के कुछ चुनिंदा नेत्र चिकित्सकों को दिया जाता है। वर्ष 2019 में इंडियन सोसायटी ऑफ कैटरैक्ट एंड इफेक्टिव सर्जरी के द्वारा भी डॉ. भारती कश्यप को गोल्ड मेडल द्वारा सम्मानित किया गया था। भारती कश्यप ने वहां पर फेम्टो लेजर ब्लेडलेस मोतियाबिंद सर्जरी पर कई व्यख्यान दिए। बता दें कि लेजर एसिस्टेड ब्लेड रहित मोतियाबिंद सर्जरी की इस पद्धति को झारखंड में लाने का श्रेय कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल को प्राप्त है, डॉ. भारती कश्यप ने बताया कि वर्ष 2014 से ब्लेड रहित फेमटो लेजर मोतियाबिंद सर्जरी शुरू की गई है और इस से मरीजों को लाभ मिल रहा है। लेजर असिस्टेड मोतियाबिंद सर्जरी में छवियों को ओसीटी नामक एक उन्नत इमेजिंग सिस्टम द्वारा पकड़ा जाता है और फेमटो सेकंड लेजर की सहायता से कॉर्निया का चीरा,लेंस कैप्सूल के बीच का छिद्र एवं मोतियाबिंद का विघटन रोबोटिक पद्धति से किया जाता है। लेजर सर्जरी बेजोड़ सटीकता, कॉर्निया पर सुरक्षित, आरामदायक एवं दर्द रहित होती है।

## तीसरे तल्ले से कूदकर युवक ने जान देने की कोशिश की

**रांची।** महिला मित्र से मिलने हरियाणा से रांची आये युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश की। यह घटना राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू स्थित एक होटल की है। जहां शनिवार को पीयूष नाम के एक युवक ने होटल के तीसरे तल्ले से छलांग लगा दी। इस घटना में पीयूष को गंभीर चोटें आयी है। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि महिला मित्र के साथ होटल में अनबन के बाद पीयूष ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो युवती पीयूष से मिलने होटल आयी थी, उससे भी पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, हरियाणा के रहने वाले पीयूष गुप्ता ने अचानक होटल के कमरे स्थित बालकनी से छलांग लगा दी और नीचे खड़ी एक कार के ऊपर गिर गया। गिरने की आवाज सुनकर होटल के कर्मचारी दौड़े-दौड़े वहां पर पहुंचे।

# कांग्रेस जनता के हित में हमेशा काम करती आयी है : जवाहर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची महाननगर कांग्रेस कमिटी की पूर्व घोषित बैठक शनिवार को कांग्रेस भवन में महानगर अध्यक्ष कुमार राजा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राँची महानगर कांग्रेस के जिला प्रभारी जवाहर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जमीनी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और एक सोची समझी साजिश के तहत राहुल गाँधी को भाजपा फंसा कर अपना उल्लू सीधा करने का काम कर रही है ।उन्होंने कहा कि सत्य को परेशान किया जा सकता है किन्तु पराजित नहीं किया जा सकता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुमार राजा ने सभी मण्डल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुँचाने के लिए



व्यापक स्तर पर ह्लहाथ से हाथ जोड़ोह्व कार्यकम को सफल बनाने के लिए 3 अप्रैल से 23 अप्रैल तक अडानी के बचाव में मोदी सरकार द्वारा राहुल गाँधी की संसद सदस्यता खत्म किये जाने के विरोध में राँची महानगर के प्रत्येक वार्ड एवं मंडल/प्रखंड में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर मोदी सरकार की खामियों को गिनाने का काम करेंगे । श्री राजा ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल लागु है और मोदी सरकार के गलत नीतियों के विरोध करने पर जेल का रास्ता दिखाया जा रहा है । इस अवसर पर रविंद्र सिंह संगठन प्रभारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी राकेश सिन्हा प्रवक्ता झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी बैठक को संबोधित किया । धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र कुमार त्रिवेदी ने किया इस बैठक में मुख्य रूप से तारीख मुजूबी, प्रिंस भट्ट जितेंद्र त्रिवेदी, राजा कर्मकार, प्रवीण अग्रवाल ,विशाल कृष्णा, सम्राट चटर्जी ,राखी प्रियदर्शनी ,विनोद सिंह, सम्राट चटर्जी ,संजय चौबे, विनोद सिंह ,विश्वजीत चक्रवर्ती , प्रकाश सोनी ,राखी कौर, एवं प्रखंड अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय दिलावर खान, मोहम्मद यूसुफ ,आवेश अंसारी ,अजय मंडल ,इमरान खान, अनिल उरांव, अजय चौधरी ,कार्तिक साहू ,सुशील सिंह ,सुदीप उरांव, स्वर्ण कुमार महंती, कृष्णा मुंडा, तनवीर खान ,ऋषभ राज इत्यादि मौजूद थे।

## कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

**रांची।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की नवगठित जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति की विस्तारित बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह दो अप्रैल को पुरानी विधानसभा सभागार में होगी। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच कार्य दायित्व का बंटवारा किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रमों की रुपरेखा भी तय की जाएगी। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश महासचिव , प्रदेश सचिव, प्रदेश डेलीगेट एवं प्रखण्ड अध्यक्ष सहित कांग्रेस कोटे के मंत्री मौजूद रहेंगे। कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय एवं प्रदेश समिति द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार जिला कमिटी द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की घोषणा भी की जाएगी। कार्यक्रम में रांची जिला के सभी प्रखण्डों के पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता भाग लेंगे। इन पदाधिकारियों से पार्टी और मजबूत होगी। अधिक से अधिक लोग जुडेंगे और आगे बढ़ायेंगे।

# 11 अप्रैल को जेएमएम में शामिल होंगे हेमलाल मुर्मू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजमहल सीट से भाजपा की टिकट पर दो बार लोकसभा चुनाव लड़ चुके हेमलाल मुर्मू अब (झामुमो) झारखंड मुक्ति मोर्चा में घर वापसी करेंगे। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने हेमलाल मुर्मू के घर वापसी को लेकर हरी झंडी दे दी है। हेमलाल मुर्मू 11 अप्रैल को झामुमो में शामिल हो रहे है। इसे लेकर बरहेट के धनजोरी गांव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद उन्हें झामुमो में घर वापसी कराएंगे। इस दौरान कार्यक्रम में शिबू सोरेन समेत पार्टी के कई बड़े नेता उपस्थित रहेंगे। 2014 लोकसभा चुनाव से पहले तक हेमलाल मुर्मू की गिनती झामुमो के कद्दावर नेताओं में होती थी। बहरेट सीट से वे 1990, 1995, 2000 और 2009 में चार बार जेएमएम की टिकट से विधायक



भी रह चुके हैं। हेमलाल मुर्मू 2004 में झामुमोकी टिकट पर कांग्रेस से दोस्ताना संघर्ष में राजमहल सीट से सांसद भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्होंने 2014 में होने वाले लोकसभा चुनाव के ठीक पहले ही बीजेपी ज्वॉइन कर ली थी। भाजपा में शामिल होने के बाद हेमलाल मुर्मू 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव में उतरे थे। लेकिन उन्हें चुनाव में हार मिली थी। हालांकि अब वे करीब नौ साल बाद फिर से घर वापसी कर रहे है हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके घर वापसी के बाद अब जेएमएम मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि जेएमएम हमारी मुख्य पार्टी है और मैं उसमें काफी राहत महसूस करता है। इसलिए मैं वापसी कर रहा हूं।

## झारखंड के सभी विवि में शिक्षकों की कार्यावधि बढ़ाने का निर्देश

**रांची।** झारखंड उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की निदेशक गरिमा सिंह ने घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों की कार्यावधि विस्तार का निर्देश जारी किया है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय और अंगीभूत कॉलेजों के स्नातकोत्तर में पढ़ा रहे घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों की कार्य अवधि का विस्तार किया जाए। इसके लिए झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालयों में दो मार्च 2017 को घंटी आधारित शिक्षकों की बहाली की गई थी। इसके बाद 29 सितंबर 2022 को 31 मार्च 2023 तक के लिए कार्यावधि विस्तार किया गया था। इसके विस्तार से छात्रों को पढ़ाई में कोई भी परेशानियों का सामाना नहीं करना पड़े। सरकार ने शिक्षकों को हिदायत दी है कि छात्रों को किसी तरह का पढ़ाई कठिनाई न पहुंचे और क्लास करने में बाधा न हो ताकि बच्चे दूर-दराज से पढ़ने आते हैं और उन्हें शिक्षा प्राप्त करना है।

### कार्यक्रम | मक्का की सफल खेती पर प्रशिक्षण का हुआ समापन

# बेहतर पैदावार कर कमाएं मोटी आमदनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित मक्का फसल अनुसंधान परियोजना के टीएसपी कार्यक्रम के अधीन मक्का की सफल खेती विषय पर एक दिवसीय तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने कहा कि मक्का की फसल एक बहुपयोगी फसल है। यह मनुष्य और पशुओं के आहार का प्रमुख स्रोत और औद्योगिक दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण है। इसकी खेती झारखंड के पहाड़ी क्षेत्रों के अलावा मैदानी इलाकों में बहुतायत की जाती है। किसान भाई खरीफ, रबी एवं जायद फसल के रूप में इसे वैज्ञानिक विधि से उगाकर सालोंभर अच्छी पैदावार के साथ - साथ अच्छी कमाई भी कर सकते है। बीएयू ने मक्का की उन्नत किस्म बिरसा बेबीकार्न -1 विकसित की है। पौष्टिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तथा सब्जी और सलाद में उपयोगी इस मक्का की खेती से 48 वें दिन



से 65 वें दिन के बीच तीन बार तुड़ाई से किसान बढ़िया लाभ कमा सकते है। इस अवसर पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने मक्का की सफल खेती में मिट्टी जांच अनुशंसा के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग के महत्त्व पर प्रकाश डाला। निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ एस कमार्कार ने मक्का की खेती में खरीफ, रबी एवं जायद के उपयुक्त किस्मों के चयन तथा प्रमाणित संस्था से स्वस्थ्य एवं उन्नत बीज लेने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान मक्का परियोजना प्रभारी डॉ मनिगोपा चक्रवर्ती, टीएसपी कार्यक्रम (मक्का) प्रभारी डॉ. सीएस सिंह तथा मक्का अनुसंधान परियोजना से जुड़े वैज्ञानिक डॉ. मिलन चक्रवर्ती, डॉ सुनील कुमार, डॉ. एमके बर्नवाल, डॉ. योगेन्द्र प्रसाद एवं डॉ तेजवर ने खरीफ, रबी एवं जायद फसल के रूप में मक्का की खेती तकनीक, मक्का की जैविक कृषि तकनीकी, मक्का के प्रमुख कीट तथा रोग एवं फॉल आर्मी वर्म तथा मक्का चारा फसल की खेती एवं सिलेज निर्माण आदि आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। टीएसपी (मक्का) प्रभारी डॉ. सीएस सिंह ने बताया कि बीएयू निदेशालय अनुसंधान अधीन आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग अधीन कार्यरत मक्का अनुसंधान परियोजना के जनजातीय उपपरियोजना अधीन आयोजित इन तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रांची जिले के चान्हो एवं बुडमु प्रखंड के कुल 102 किसानों ने भाग किया। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों के अनुभवों को जाना और मक्का की खेती सबंधी किसानों की समस्यायों का निदान किया।

## वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित

**रांची।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की झारखंड प्रदेश इकाई के सौजन्य से प्रदेश संगठन सचिव संजय सिंह गुड्डू के नेतृत्व में महावीरी झंडा विसर्जन जुलूस के दौरान कदमा में सेवा शिविर लगाया गया। इस दौरान अतिथि के रुप में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. एमएस सिंह मानस, प्रदेश युवा महामंत्री समरेश, युवा जिलाध्यक्ष देवांश शेखर, अनादि सिंह मौजूद थे। सेवा शिविर में विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की पदधारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभा सिंह, मंजू सिंह, ज्ञान्ती सिंह, सरोज सिंह, उषा सिंह, विद्या सिंह, उषा किरण सिंह, पुष्पा देवी और नीलम सिंह को भगवा वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सेवा शिविर में झंडा विसर्जन जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं के बीच शर्बत, चना, गुड़ और हलुआ का वितरण किया गया।

# कोरोना के मामलों पर मॉक ड्रिल की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रांची में जहां आठ कोरोना संक्रमित हैं, वहीं राज्यभर में 18 नए कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं। ऐसे में शनिवार को राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में कोरोना संक्रमण से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल की जाएगी। रांची के सदर अस्पताल और रिम्स में मॉक ड्रिल में एक डमी कोरोना संक्रमित मरीज की जानकारी मिलते ही उसे एंबुलेंस में अस्पताल लाकर इमरजेंसी में भर्ती कराने, जांच करने और तत्काल इलाज शुरू करने के लिए उपलब्ध संसाधनों को परखा जाएगा। इस दौरान पीएसएम मशीन और वेंटिलेटर को भी स्टार्ट किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपात स्थिति में कोरोना से निपटने के लिए हमारी व्यवस्था कितनी तैयार है। झारखंड में भी छह जिलों में कोरोना के एक्टिव केस मिले हैं, जिसमें सबसे अधिक 11 कोरोना संक्रमित जमशेदपुर में, देवघर में दो, धनबाद में एक, रामगढ़ में एक, पश्चिमी सिंहभूम में एक और रांची में आठ नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। इस संबंध में रांची के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार ने बताया कि विभाग से मिले निदेशों के अनुसार शनिवार को सदर अस्पताल रांची में कोरोना को लेकर मॉकड्रिल की जाएगी। इस दौरान अन्य सीएचसी में भी मॉक ड्रिल होगी। डॉ विनोद कुमार ने कहा कि जिस तरह से देश के कई हिस्सों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े हैं और नए सब वैरिएंट मिले हैं इस तरह की मॉकड्रिल बेहद फायदेमंद होगा। रांची के प्रख्यात इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ एके झा ने बताया कि कोरोना का खतरा उन लोगों में ज्यादा खतरनाक रूप ले लेता है, जो फेफड़े या किसी अन्य बीमारी से पहले से ग्रसित होते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

### हत्या के आरोपी को मिली आजीवन, कारावास की सजा

**सिमडेगा।** हत्या के एक आरोपी को पीडीजे की अदालत ने आजीवन कारावास दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। पीडीजे राजकमल मिश्रा की अदालत ने कुरडेग थाना में दर्ज कांड संख्या 23/18 की सुनवाई करते हुए आरोपी क्लेमेंट लकड़ा को दोषी करार दिया। क्लेमेंट पर अपने छोटे भाई की पत्नी बेर्था धनवार को जान से मारने का आरोप लगा था। घटना 16 मई 2018 के शाम को घटित हुई थी। घटना के बाद ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद पीडीजे की अदालत ने 11 गवाहों की गवाही सुनने के बाद क्लेमेंट को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी पीपी अमित कुमार श्रीवास्तव ने दलीलें पेश की।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड ग्राम निवासी बिपिन साहू का सड़क दुर्घटना में लातेहार जिला के झाबर गांव में मौत हो गई। वो अपने ससुराल घरेलू कार्यक्रम में शामिल होने गया हुआ था। शुक्रवार देर शाम अपने निजी वाहन जे एच 01 ए एम 6611 से घर आने के लिए निकला था कि झाबर गांव से कुछ ही दूर पर वाहन अनियंत्रित हो महुआ पेड़ से जा टकराया। जिससे बिपिन साहू की मौत घटना स्थल पर ही हो गया।

### चैनपुर में क्राईम मीटिंग का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल के एस डीपीओ कार्यालय में अनुमंडल के सभी छह थाना के थाना प्रभारी के साथ क्राईम मिटिंग का आयोजन हुआ जिसमें चैनपुर थाना,कुरूमगढ़ थाना जारी थाना, डुमरी थाना रायडीह थाना एवं सुरसांग थाना के थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में शामिल चैनपुर एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने सभी थानेदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों से आपसी समन्वय स्थापित कर अपराध पर अंकुश लगाने की बात कही। वहीं थाने में लंबित कांडो को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर इंस्पेक्टर बैजू उरांव थाना प्रभारी, आशुतोष कुमार सिंह जारी प्रभारी, मनीष कुमार कुरूमगढ़ प्रभारी, नीतीश कुमार डुमरी प्रभारी मौजूद थे।

### 30 दिव्यांगों के बीच कृत्रिम किट का वितरण

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 6 मार्च को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम का कैंप लगाया गया था। जिसमें प्रखंड अंतर्गत वैसे दिव्यांग जिनको कृत्रिम अंग की आवश्यकता थी वैसे दिव्यांगों का अंग का माप लिया गया था और उन्हें शनिवार को भारत सरकार की ओर से कृत्रिम अंग प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के साथ जिला परिषद अध्यक्षा रोज प्रतिमा सोरेंग, प्रमुख दुतमी हेमरोम,उप प्रमुख सुनीता देवी,कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा, विधायक प्रतिनिधी श्यामलाल प्रसाद,नेलसन सुलभ मौजूद थे।

# आंधी-तूफान में सड़क पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन हुआ बाधित



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा प्रखंड मुख्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर विशाल पेड़ गिरने से लोहरदगा गुमला नेशनल मुख्य मार्ग जाम हो गया। जिससे यातायात घंटो बाधित रहा। वही पेड़ गिरने से कोई बड़ा हादसा नही हुआ। पथ जाम रहा की सूचना पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद,अंचलाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही घटना स्थल पहुंच त्वरित कारवाई करते हुए यातायात संचालित कराने के लिये पेड़ हटाने की दिशा में कदम उठाया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि देर शाम से ही मौसम खराब हो गया। देखते ही देखते अंधी तूफान के साथ बारिश आरम्भ हो गया। जिसके कारण देर रात पेड़ गिरने से तीन घंटा तक नेशनल मुख्य मार्ग जाम हो गया। भारी वाहन सहित छोटी वाहन भी फसा रहा। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कराते हुए छोटी वाहन को गांव के रास्ते से निकालने का प्रयास जारी था। बताया जाता है कि रामनवमी मेला को लेकर शहरी क्षेत्र में वाहन प्रवेश को वर्जित किया गया था। जिसके कारण बड़ी हादसा होने से टल गया। पेड़ गिरने की घटना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा एवं अंचलाधिकारी विजय कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी भी बारिश में भींगते हुए जनहित में राहत पहुंचाने की दिशा में कार्य करते नजर आये।

## भंडरा में आंधी तूफान व ओले ने बरपाया कहर , कई का आशियाना उजड़ा

**भंडरा** में आंधी, बारिश और ओले ने कहर बरसाया है। जिसमें भंडरा के विभिन्न क्षेत्रो में आंधी और पानी से कई लोगो का अल्बेस्ट्स उड़ा तो कंही घर पर पेड़ गिरे गए। विगत देर शाम भंडरा क्षेत्र में अचानक आंधी, बारिश और ओले ने अपना कहर बरसा दिया ग्रामीणों को सम्हलने का मौका नही दिया तेज आंधी ने भंडरा बाजार टाड़ निवासी बृजमोहन राम के घर में विशाल पेड़ गिर गया जिससे घर का दीवार टूट गया छत में लगे अल्बेस्ट्स भी टूट गया घर में रखे आलमारी भी क्षतिग्रस्त हो पलंग भी टूट गया बिजली से चलने वाली कई उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो गया बृजमोहन राम ने बतया की 50 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। वंही भीठा पंचायत के नगड़ी गांव निवासी तेम्बू उरांव के घर में लगे अल्बेस्ट्स को उड़ा दिया जिसमें गरीब का सारा अल्बेस्ट्स टूट गया जिसमें हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। इसी तरह गडरपो पंचायत के सेमरा गांव निवासी कासिम अंसारी के घर पर पेड़ गिरकर घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।



सभी सरकारी मुआवजा के आश में हैं।

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला गंभीर

भंडरा के चट्टी गांव में शुक्रवार रात वज्रपात से तेजू साहू की पत्नी पूनम देवी गंभीर रुप से घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक रात करीब आठ बजे पूनम देवी घर में खाना परोस रही थी। इसी दौरान ठनका के चपेट में आई और गिर कर बेहोश हो गई। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। रात भर इलाज के उपरांत शनिवार सुबह उसे घर लाया गया। फिलहाल वह खतरे से बाहर है।

## तूफान से गिरा गरीब का आशियाना, कोई हताहत नही



**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरवाटोली एवं सेन्हा में अंधी तूफान के कहर से गरीबो का घर गिर गया। वही इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। गरीब का मकान आपदा से क्षतिग्रस्त की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा राजस्व कर्मचारी को निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। बेमौसम आंधी तूफान आने से बरवाटोली निवासी बंदे टाना भगत का कच्चा खपरैल मकान पर पेड़ गिरने से घर ध्वस्त हो गया। इसके अलावे सेन्हा में साबिर अंसारी के मकान का एल्वेस्टर अंधी तूफान में उड़ गया। आपदा से कच्चा मकान क्षतिग्रस्त होने पर पीड़ित परिवार आपदा विभाग से सहयोग का गुहार लगाया है।

## आंधी तूफान से दुकान का उड़ा एस्बेस्टस, आर्थिक क्षति

**कैरो।** शुक्रवार देर शाम हुई बारिस के साथ आये तेज रफ्तार की हवा तूफान से कैरो निवासी परवेज



अंसारी पिता मोख्तार अंसारी का पुराना चौक मध्य विद्यालय के सामने स्थित दो कमरों का दुकान का एस्बेस्टस उड़ गया और टूटकर टुकड़े-टुकड़े हो गए जिससे काफी आर्थिक क्षति हुई है। परवेज अंसारी ने अंचलधिकारी को आवेदन देकर क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि हमारा यही एक सहारा है इसी दुकान से कमाई करके किसी तरह अपने 6 सदस्यी परिवार का भरण पोषण करते हैं मेरे सामने विकट आर्थिक स्थिति उतपन्न हो गई है। इस सबंध में अंचलधिकारी कमलेश उरांव का कहना है कि मामले को लेकर उचित और सरकारी प्रावधान के अनुरूप अग्रतर कार्यवाई की जाएगी।

### सड़क डकैती व लेवी वसूली करनेवाले गिरोह का पुलिस ने किया उद्भेदन

# अवैध हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, दो फरार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सदर थाना की पुलिस ने दो अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधियों की पहचान गुमला सदर थाना क्षेत्र के हेटजोरी गांव निवासी गोपाल गोप का पुत्र संदीप गोप (20 वर्ष) एवं लोहरदगा कैरो थाना के चिपो गांव निवासी स्वर्गीय नारायण यादव का पुत्र मुकेश यादव (24 वर्ष) के रूप में पुलिस ने किया है। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 315 की जीवित कारतूस, एक बजाज सीटी 100 बाइक, घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल जब्त किया है। गिरफ्तार दोनों अपराधी पर घात लगाकर सड़क डकैती करने और लेवी वसूली का आरोप है। जबकि इस गिरोह के दो अन्य सदस्य पुलिस गिरफ्त से फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है। इस संदर्भ में शनिवार को सदर थाना



में थाना प्रभारी अनिल उरांव ने पत्रकारों को बताया कि, सड़क डकैती और लेवी वसूली करने वाले गिरोह का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। थानेदार अनिल उरांव ने बताया गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। बताया गया कि कैरो थाना क्षेत्र के चिपो गांव निवासी मुकेश यादव आपराधिक वारदात का मुख्य सरगना है। इसने आपराधिक योजना बनाकर घटना को अंजाम देने के फिराक में लगा था। बताया गया कि, गत 27 मार्च को चिपो गांव निवासी दिनेश यादव ईरगांव बाजार से दूध बेचकर वापस अपने गांव लौट रहा था। इरगांव स्टेशन के निकट पुलिया पर घात लगाए एक बाइक पर तीन अपराधी खड़े थे। पीड़ित दिनेश को हथियार के नोक पर निकट के झाड़ियों पर ले गए। उसके पास से नगद 7000 और मोबाइल छीन लिया। पीड़ित दिनेश को तीन लाख लेवी देने की शर्त पर रिहा कर दिया। लेवी राशि वसूलने के लिए अपराधी दिनेश से छीना गया मोबाइल से ही लगातार दबाव बनाने लगे। परिवार समेत जान से मारने की धमकी दिया। मामले पर सदर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने स्पेशल टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने जाल बिछाकर अपराधिक सरगना मुकेश यादव को गिरफ्त में लिया।उसकी निशानदेही पर संदीप की गिरफ्तारी की गई। कांड में शामिल दो फरार अपराधियों की पहचान पुलिस ने की है। पुलिस की स्पेशल टीम में पुलिस पदाधिकारी सूरज प्रसाद, संतोष कुमार यादव, रमेश तिवारी एवं जवान अमरनाथ पांडे ने सराहनीय भूमिका निभाया। इस मामले में सदर थाना दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पीड़ित दिनेश यादव ने घटना के बाद थाना कांड संख्या 74 / 2023 दर्ज कराया था। कांड के उद्भेदन के बाद अवैध हथियार और कारतूस मिलने पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 75/ 2023 दर्ज किया है।

## अवैध बालू लोड ट्रैक्टर के पलटने से एक मजदूर की मौत

**गुमला।** चैनपुर के शंख नदी से शनिवार सुबह करीब दस अवैध बालू लोड कर लौट रहे ट्रैक्टर के पलट जाने से उसमें सवार एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर शंख नदी से अवैध बालू लोड कर चैनपुर की ओर आ रहा था ।तभी बरटोली ढोड़ा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया । इसमें ट्रॉली में बैठे मजदूर थाना क्षेत्र के भगत बुकमा निवासी पास्कल लोहला (35) की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर ने शव को 300 मीटर दूर झाड़ी में छिपा दिया और ट्रैक्टर के इंजन को लेकर जारी की ओर फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना चैनपुर पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जहां दुर्घटना से कुछ दूरी पर झाड़ी के नीचे पास्कल का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। चैनपुर पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर अभय उरांव का है। वहीं मृतक की पत्नी मानती देवी ने बताया कि उसका पति पास्कल लोहरा सुबह सात बजे खाना खाकर काम करने के लिए निकला था। ट्रैक्टर में कभी ड्राइवर तो कभी मजदूरी का भी काम करता था।

## कोविड से निपटने के लिए सिमडेगा तैयार

### सदर अस्पताल में किया गया मॉक ड्रिल

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

देश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं।वहीं बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार के दिशा-निर्देश पर सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस लिया है। कोविड सेंटरों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया है।वहीं शनिवार को सदर अस्पताल सिमडेगा में सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार,जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा मॉक ड्रिल करते हुए कोरोना के लिए किए गए। तैयारियों की रिहर्सल किया गया। इस दौरान एंबुलेंस में डमी मरीज बनाकर कोरोना की भयावह स्थिति के दौरान किस प्रकार निपटना है। इसको लेकर मॉडल किया गया जहां पर स्वास्थ्य कर्मियों को पीपीई कीट बनाकर मरीजों को किस प्रकार से सुविधा देनी है किस प्रकार से उन्हें ऑक्सीजन सहित सभी प्रकार के इलाज करनी है उसकी बारीकी से मॉक ड्रील किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर सदर अस्पताल सिमडेगा में कोरोना से निपटने के लिए सभी



प्रकार की तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि 2 ऑक्सीजन प्लांट चालू कंडीशन में है। इसके अलावा 50 बेड की विशेष कोविड के लिए व्यवस्था की गई है इसके अलावा बच्चों के लिए पीकू वार्ड भी बनाया गया है ताकि कोविड के संभावित खतरा को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल सिमडेगा के सभी वार्ड को ऑक्सीजन सप्लाई से जोड़ दिया गया है ताकि अगर कोरोना की स्थिति बढ़ेगी तो मरीजों के वार्ड तक ऑक्सीजन की व्यवस्था पहुंचेगी। उन्होंने कहा है कि सदर अस्पताल सिमडेगा में सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधार कर लिया गया है और सीमित संसाधनों के बीच में कोरोना की जंग में जीता जाएगा। मौके पर डॉ अध्ययन शरण, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. पीपी शाह सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# गुमला में मंडा महापर्व के दूसरे दिन निकाली गई कलश यात्रा



**एजेंसी। गुमला**

पांच दिन चलने वाले मंडा महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को हापामुनी गांव में 121 महिलाओं एवं बच्चियों ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा ऐतिहासिक महामाया मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर केराझरिया नदी पहुंची। यहां आचार्यों द्वारा पूजा-अर्चना कराने के बाद कलश में जल भराव के बाद यह यात्रा मंडा चबूतरा पहुंची। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं, भोक्ता व श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जयकारे के साथ हापामुनी मंडा चबूतरा में स्थापित शिवलिंग का जलाभिषेक किया।इसके पूर्व कलश यात्रियों एवं भोक्ताओं ने मां महामाया की पूजा अर्चना की। कलश यात्रा का नेतृत्व मंडा मेला के संरक्षक प्रोफेसर अवध मणि पाठक, चुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया आदित्य भगत उरांव सहित कई लोग कर रहे थे।

# सांसद ने किया यशोदा महिला समिति का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

किसको मोड़ स्थित गुरुकुल शांति आश्रम में शनिवार को सांसद सुदर्शन भगत ने यशोदा महिला समिति का उद्घाटन किया। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा समिति, समाज सेवा के प्रति समर्पित है। समिति ने सेवा को माध्यम बनाते हुए महिला समिति का गठन किया है। जिसकी शुभारंभ शनिवार को कामदा एकादशी के अवसर पर हुई है। उन्होंने बताया गठन के पहले दिन आश्रम के ब्रह्मचारियों को समिति ने श्री इन वन वाटर फिल्टर प्रदान कर बड़े ही नेक का कार्य किया है। उन्होंने क्षेत्र के सांसद होने के नाते समिति को हरसंभव




मदद का आश्वासन देते हुए समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को आगे इस प्रकार की सेवा कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं सांसद की पत्नी कृष्णा टोप्पो भी उनके साथ थी। उन्होंने महिला समिति को प्रोत्साहित करते हुए कहा अच्छे कार्य करने में विभिन्न प्रकार की रूकावटे आती है उससे कभी घबराना नहीं है। आप गरीब असहाय बच्चों के प्रति सेवाभाव से कार्य करते रहे शुभकामनाएं दी। संस्था के सतीश जायसवाल ने बताया संस्था की महिलाए अपने घर के राशन पानी में कटौती कर राशन एवं पैसा जमा करती है और गरीब अनाथ बच्चों के बीच जा कर बाटने का कार्य करती है। यह श्री इन वन वाटर फिल्टर गर्मी में ठंडा पानी, जाड़े में गर्म पानी व सामान्य दिनों में नॉर्मल पानी देगी। मौके पर समिति के मंजू जायसवाल, कनक लता, आरती गुप्ता, ममता गुप्ता, रीता अग्रवाल, शतीस जायसवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, संगीता मितल, शांति आश्रम के आचार्य शरदचन्द्र आर्य, आचार्य अर्जुनदेव आदि मौजूद थे।

**जागरूकता**

### कांग्रेस ने चलाया जय भारत सत्याग्रह अभियान

# 8 अप्रैल तक नुक्कड़ सभा करेगी कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के सभी प्रखंडों में कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम हेतू प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी के संसद सदस्यता को केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा साजिश के तहत समाप्त किए जाने को लेकर आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत आठ अप्रैल तक 'जय भारत सत्याग्रह' अभियान झारखंड के सभी प्रखंडों में ग्राम स्तर पर बाजार हाट चौक चौराहों पर प्रचार वाहन के माध्यम से नुक्कड़ सभा किया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही रवैया और मोदी के भ्रष्टाचारी मित्र अदानी को बचाने जैसे कृतियों को आम जनों को अवगत कराया जाएगा। आज पूरे देश में




राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ी है इसी से घबराकर केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी के खिलाफ एक षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया था और एक पुराने मामले को लेकर गुजरात के सूरत के निचली अदालत द्वारा 2 वर्षों की सजा सुनाई और मोदी सरकार तत्परता दिखाते हुए उनके संसद सदस्यता को रद्द करवाया। यहां तक कि उन्हें सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भी थमा दिया गया जो इस बात को साबित करता है कि देश के अंदर अब लोकतंत्र समाप्त हो गया है। मोदी सरकार अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म करना चाहते हैं और विपक्ष की आवाज को दबाना चाहते हैं। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर राहुल गांधी के संसद सदस्यता को मोदी सरकार द्वारा समाप्त किया गया है। विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड प्रभारी निशीथ जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की लोकप्रियता से भाजपाई और पीएम मोदी सदमा में हैं। हाजी सकील अहमद ने कहा कि मोदी सरकार के गलत नीति सिद्धान्तों और उनका कच्चा चिट्ठा खोले जाने पर आनन-फानन में राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द करवा कर लोकतंत्र की हत्या करने का कार्य किया गया है। कहा कि यदि हमारे नेता राहुल गांधी को उचित न्याय नहीं मिल पाया तो गांव टोला मुहल्ला से लेकर पूरे देश भर में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि सह किस्को प्रखंड प्रभारी निशीथ जायसवाल, विशाल डूंगडूंग, शाहिद अहमद बेलू, सदरुल अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष विरमत भगत, मंलेश्वर उराँव, दिलीप उराँव ,प्रदीप महली ,सत्यदेव भगत , मनोज उराँव, संजय उराँव रंजीत उराँव, मिकाइल अंसारी लक्ष्मण उराँव मो सहाबुद्दीन विजय भगत इंद्रजीत तिग्गा शिवचंद्र भगत अनीस अहमद,युनूस अंसारी 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, शेख सादिक, समेत सदर, किस्को, भंडरा, कुडू, सेन्हा, कैरो के कांग्रेस प्रभारी उपस्थित थे।

## नियोजन अधिनियम व नियमावली पर परिचर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियोजन नियमावली 2022 को लेकर एक बैठक सह-परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें नियोजन अधिनियम-2021 एवं नियोजन नियमावली-2022 अंतर्गत विभिन्न धाराओं, धारा के उल्लंघन पर आर्थिक दंड के प्रावधानों की जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों को दी गयी। उपायुक्त द्वारा जिला नियोजन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि नियोजन अधिनियम एवं




नियमावली का सख्ती से पालन कराया जाय। इससे संबंधित एक नोटिस जारी की जाय और धाराओं के उल्लंघन पर संबंधित नियोजक पर कार्रवाई की जाय। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस०, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत और सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# विनय अग्रवाल टीम ने किया रोड शो, दिया व्यापारी एकता का परिचय




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विनय कुमार अग्रवाल के प्रत्याशियों एवं समर्थकों द्वारा चेंबर चुनाव को लेकर नेहरू रोड स्थित दवा मंडी से लोहार टोला,मेन रोड, सुभाष चौक, झंडा चौक, थाना चौक होते हुए एक रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यगण शामिल होकर विनय कुमार टीम को जिताने का वायदा किया। इस अवसर पर विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि हम व्यापारियों के हित के लिए 24 घंटा 365 दिन उनके साथ खड़े हैं। कहा यह चुनाव चेंबर के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए एवं व्यापारियों के हित, सुरक्षा मान सम्मान हर सुख दुख में साथ रहने का चुनाव है। उन्होंने अपील कि की हमारी टीम एक अनुभवी युवा एवं हर उम्र के सदस्यों की टीम है। जिनके द्वारा हमेशा व्यापारियों के हित में कार्य किया जाता है। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे चेंबर के आठ पूर्व अध्यक्षों का समर्थन प्राप्त है और मैं चेंबर के व्यवसायियों को यह विश्वास दिलाता हूं आप लोगों को कभी भी इस बात का एहसास नहीं होगा कि आपने मुझे चेंबर का नेतृत्व देकर कोई गलती की है। मैं कभी भी चेहरा चमकाने में या अपने आप को सुपर बनाने में विश्वास नहीं रखता। मैं आप सबके बीच का लड़का हूं आप सब मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर चलें आप सबों हमेशा हमारा सहयोग मिलेगा। रोड शो में मुख्य रूप से चेंबर के आठ पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह, आनंद अग्रवाल,सुबोध पांडे,दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह, अनूप कुमार सिंह बाबू साहब,मनजी सिंह,पंकज प्रसाद तिवारी, रामगढ़ शहर के चेंबर सदस्य, भुरकुंडा, रैलीगड़ा, गिद्दी, मांडू, गोला से आए सदस्यगण शामिल थे। साथ ही विनय कुमार टीम के अमरेश गणक, अशोक सिंह, भूपेंद्र सिंह पप्पू, विनय कुमार सिंह, दिनेश कुमार पोद्दार, गोपाल शर्मा, इंद्रपाल सिंह पाले, जयप्रकाश सिंह, मनजीत साहनी, मनोज चतुवेर्दी मानू, मुरारीलाल अग्रवाल, संतोष तिवारी, सरोज कुमार सिंह, विष्णु पोद्दार उपस्थित थे।

## दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत जयनगर रोड रिया शृंगार नामक मनिहारी दुकान में शुक्रवार रात शॉर्ट सर्किट से आग लगने से दुकान का सामान जलकर राख हो गयी। दुकानदार को पांच लाख का नुकसान हुआ है। स्टोर मालिक वीरू साव ने बताया कि रात में दुकान बंद करके वे अपने घर चले गए थे। वहां अचानक धुआं देने लगा, इसकी सूचना मिलने के बाद पहुंचकर देखा कि शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई है। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस और दमकल को देने के बाद दमकल मौके पर पहुंचकर आग बुझाया पर तबतक सभी सामान जलकर राख हो गया था।

## 6 माह बाद अपने परिवार से मिला खोया बच्चा

**रामगढ़।** नाबालिक बच्चा जो कि रामगढ़ जिले का रहने वाला है। 6 माह पूर्व अपने रिश्तेदार के साथ तमिलनाडु राज्य के चेन्नई घूमने गया था एवं किसी कारणवश वहां गुम हो गया था । जिसके उपरांत जिला प्रशासन रामगढ़, बाल कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रयास से 31 मार्च को बच्चे को उनके अभिभावकों से मिलाया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे तथा बाल कल्याण समिति रामगढ़ के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## हवन पूजन व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार से नए सत्र का शुभारंभ हुआ । इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन किया गया । हवन पूजन प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के निर्देशन में आयोजित किया गया । जिसमें बतौर पुरोहित विद्यालय के आचार्य चंद्रमोहन मिश्रा और यजमान एसएमसी के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, प्रधानाचार्य, आचार्य, दीदी और भैया बहन शामिल हुए । इस दौरान सबों ने सस्वर भक्तिपूर्ण सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया और मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियाँ दी। साथ ही विद्यालय के भैया-बहनों ने माँ सरस्वती की वंदना कर एक-दूसरे को रोली-चंदन का तिलक लगाकर नए सत्र का आगाज किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्या भारती योजना के अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यालयों में हवन पूजा के साथ प्रतिवर्ष नवीन सत्र का आरंभ किया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य भैया-बहन के सर्वांगीण विकास हेतु ईश्वर की आराधना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना है।

### राजनीति का शिकार हुआ झुरझुरी का रामनवमी जुलूस

# जुलूस रोके जाने पर विधायक व रामभक्तों ने जताई नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के झुरझुरी में बैठक के बाद विधायक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में रामनवमी जुलूस निकाला गया जिसे पुलिस प्रशासन ने तरबेचवा भुइयां टोला के पास रोक दिया। विधायक, पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता,जिप सदस्य कुमकुम देवी,उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो का अथक प्रयास भी विफल साबित हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक झुरझुरी पंचायत में तीन अखाड़े रामेश्वर टोला,भुइयां टोला और झुरझुरी टोला का रामनवमी जुलूस गुरुवार को निकालना था। लेकिन रुट चार्ट झुरझुरी शिव मंदिर से यादव टोला होते हुए भुइयां टोला, मियां टोला होते हुए जीटी रोड तरबेचवा से होते हुए रुपाली महतो घर से होते शिव मंदिर वापसी का रहने के बावजूद जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी गई। जिससे लोगों में आक्रोश हुआ और जुलूस नहीं निकाला गया। इस बाबत शनिवार को विधायक अमित कुमार यादव की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। जिसके बाद जुलूस निकाला गया। वहीं जुलूस रोके जाने पर रामभक्तों ने नाराजगी जताई।

### क्या कहते हैं एसडीओ

रुट चार्ट रहने के बावजूद जुलूस रोके जाने पर बरही एसडीओ पूनम कुजूर ने बताया कि रुट चार्ट पूर्व से बना हुआ है। लेकिन विवादित रुट से कभी भी जुलूस नहीं निकाला गया और ना ही अनुमति का कोई आवेदन प्राप्त हुआ है। ज्ञात हो रामनवमी जुलूस का लाइसेंस वर्तमान मुखिया के दिवंगत पिता केवल प्रसाद के नाम से निर्गत किया था। उनके निधन के बाद उक्त लाइसेंस वर्तमान मुखिया सुमन कुमार के नाम पर है। लाइसेंस में रुट चार्ट रहने के बावजूद जुलूस में अड़चन को लोग राजनीति का भेंट मान रहे हैं।

## जिला स्तरीय प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक



**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने जिले के सरकारी विद्यालयों में सहायक आचार्य की प्रतिनियुक्ति के संबंध में उपस्थित सभी को विस्तृत रूप से जानकारी दी। तत्पश्चात उप विकास आयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सूची प्राप्त कर सरकार द्वारा दिए दिशा निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर विभाग को ससमय भेजने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

## चेचकपी में भक्ति जागरण का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत चेचकपी में रामनवमी के अवसर पर रंगारंग भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुखिया रीता देवी द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व हम लोग मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान के जन्मदिन को लेकर मनाते हैं। पूरे देश में रामनवमी को त्यौहार के रूप में हम सब मनाते हैं। मैं पंचायत वासियों को राम नवमी के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं और आग्रह करती हूं कि पर्व को शांति पूर्वक मनाएं। हम सभी को भगवान श्री राम के आदर्शों का पालन करना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन में सभी सगे संबंधियों के साथ मयार्दा में रहकर उत्तम व्यवहार किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने मंच संचालन किया।मौके पर पूर्व प्रमुख राम लखन मेहता, प्रदीप मेहता, दशरथ सिंह, मोहन साव,राजू साव, राजू मेहता, सुजीत मेहता, विकास मेहता, गुरुदेव सिंह ,जगदीश करमाली, सुनील मेहता, यमुना सिंह पिंटू सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ में वर्क फ्रॉम होम के नाम पर कंपनी ने ठगे 5.56 लाख रुपये

**रामगढ़।** कोरोना काल के बाद फर्जी कंपनियां आम लोगों को वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लगातार ठग रही हैं। ऐसा ही एक मामला रामगढ़ में भी दर्ज हुआ है। पीड़ित जय प्रकाश राणा ने शनिवार को रामगढ़ थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। उसने बी कैरियर बिल्डर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जयप्रकाश राणा ने बताया कि 21 मार्च को कंपनी के एचआर की प्रतिनिधि के रूप में मधु मेहरा ने उन्हें एक लिंक भेजा था। उन्हें वर्क फ्रॉम होम जॉब देने का प्रलोभन दिया गया था। इस प्रलोभन में फंस कर उन्होंने कंपनी में अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया। कंपनी ने उन्हें लगातार काम कराया।

## 4 को झामुमो का जिलास्तरीय 44 वां स्थापना दिवस मनेगा: शंभू लाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44 वां स्थापना दिवस समारोह हजारीबाग के संत कोलंबा कॉलेज ग्राउंड में 4 अप्रैल को निर्धारित किया गया है। इस निमित्त समीक्षा बैठक के क्रम में बरकट्ठा पहुंचे जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव ने बताया कि 44 वां स्थापना दिवस इस वर्ष भव्यता के साथ मनाया जाएगा। कहा कि कार्यक्रम में पार्टी के सुप्रीमो शिबू सोरेन और पार्टी के अध्यक्ष हेमंत सोरेन ,कई मंत्री एवं विधायक गण का आगमन होने जा रहा है जिसकी तैयारी ढोल नगाड़ों के साथ कर ली गई है। वहीं जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने बताया कि पंचायत से लेकर सभी प्रखंडों में स्थापना दिवस को लेकर पुरजोर तैयारी की गई है उम्मीद है कि इस बार का आयोजन सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा। कहा कि कोरोना के कारण विगत 2 वर्षों से यह आयोजन नहीं हो पाया था। मौके पर मौजूद जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी ने बताया कि बरकट्ठा प्रखंड में इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग जुड़ेंगे इसमें बरकट्ठा और चलकुशा के सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया है। मौके पर राजाराम मांझी, चन्द्रदीप पाण्डेय, महेश मांझी, लालमणि माँझी, सुखदेव माँझी, हरिलाल मांझी, महेंद्र महतो, कार्तिक महतो, इम्तियाज भारती, मोहम्मद हफीज, मो० मैराज, मोहम्मद कौशर, सफीक अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता

## राजेश कुमार ने गोल्ड जीत कर क्षेत्र का बढ़ाया मान



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र राजेश कुमार ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र समेत राज्य का नाम रौशन किया है। विदित हो डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। 36वां राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राजेश कुमार का 21 किलोग्राम कैटेगरी और पांचवां राष्ट्रीय केडेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मुकेश कुमार का 51 किलोग्राम कैटेगरी में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 31 मार्च तक राजस्थान में आयोजित किया गया था। पूरे झारखंड राज्य में इस वेट कैटेगरी में केवल राजेश कुमार और मुकेश कुमार का चयन किया था। चयन होने में सबसे ज्यादा योगदान ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन का रहा जो अपने कड़े प्रशिक्षण से इन बच्चों को इस योग्य बनाया कि ये केवल विद्यालय का ही नहीं बल्कि झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने योग्य बने। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने राजेश कुमार की सफलता पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की ।विद्यालय प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के हर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा जाता है। प्रशिक्षक गुलाम हसन इस सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन अभ्यास और उनके लगन को दिया।

## महारामनवमी शांतिपूर्ण संपन्न, प्रशासनिक पदाधिकारियों ने जताया आभार








**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड सहित विभिन्न पंचायतों में महा रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस दौरान न केवल हिंदू धर्मावलंबी अपितु मुस्लिम धर्मावलंबियों ने भी खुले दिल से जुलूस में सहयोग किया । साथ ही स्वेच्छा से पेयजल वितरण भी किया ।शोभा यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित रामनवमी महासमिति के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी महती भूमिका निभाई । दशवीं के दूसरे दिन के जुलूस समाप्ति के साथ ही प्रशासन सहित सबों ने चैन का सांस लिया । शांतिपूर्ण रामनवमी संपन्न होने पर एसडीओ पूनम हुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ सी आर इंदीवर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार सहित महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने प्रखंड वासियों का अभार जताते हुए बधाई दी है ।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल घोषित



**बरही ।** रसोईया धमना स्थित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया । परीक्षाफल निदेशक टूकलाल साहू ने जारी किया जिसे प्राचार्य नितेश कुमार बच्चो के बीच वितरित किया । साथ ही नर्सरी से कक्षा सात तक के विद्यार्थियो के बीच वर्ग शिक्षको ने प्रगति पत्रक दिया । मौके पर प्राचार्य ने सभी बच्चो को शुभकामनाएं और बधाई दी । साथ ही अगली कक्षाओं के लिए अत्यधिक परिश्रम और लगन करने की सलाह दी । इस अवसर पर सलाहकार राजेन्द्र प्रसाद सहित शिक्षक विभा शर्मा,स्वेता राज लक्ष्मी, नरेश कुमार, शिबू रजक,अरुण कुमार, कल्पना कुमारी, प्रियंका कुमारी,नुरेशा खातून, सरिता कुमारी, अनामिका कुमारी आदि मौजूद रहे ।

### कीर्तिमान स्थापित

### भुरकुंडा परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष

# सभी के सहयोग से उत्पादन लक्ष्य से अधिक : अजय



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बरका-सयल प्रक्षेत्र के भुरकुंडा परियोजना ने अपने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन कर कीर्तिमान स्थापित किया है। 2022-23 के निर्धारित उत्पादन लक्ष्य 3 लाख एमटी कोयला उत्पादन को हासिल करते हुए 4.10 लाख एमटी कोयला का उत्पादन किया। वहीं 10 हजार क्यूबिक मीटर ओबी उत्पादन लक्ष्य में 80 हजार क्यूबिक मीटर का उत्पादन किया गया। कम समय में उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने से परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। उत्पादन टारगेट पूरा होने पर शनिवार को बरका सयाल प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने बलकुदरा आउट सोर्सिंग खदान पहुंचकर उपस्थित सभी कामगारों, अधिकारियों और यूनियन के लोगो को टारगेट पूरा होने पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाईयां दी। साथ ही सभी कामगारों के बीच मिठाईयां बांटी गई। मौके जीएम अजय सिंह ने कहा कि बरका-सयाल क्षेत्र के कर्मठ कामगार, अधिकारी व यूनियन के सहयोग से हम सबों ने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन करने में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि बरका सयाल प्रक्षेत्र अपने स्थापना काल से लेकर अभी तक की सबसे ऐतिहासिक उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त किया है जो हमसबों के लिए गौरव की बात है। क्षेत्र के सभी परियोजनाओं ने अपने निर्धारित लक्ष्य को पार कर अधिक उत्पादन किया है। जो बरका सयाल क्षेत्र के लिए गौरवशाली है। जीएम अजय सिंह ने बरका सायल के सभी परियोजनाओं में जाकर उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने की बधाइयां और शुभकामनाएं कामगारों को दिया। मौके पर सयाल डीपीओ सुबोध कुमार, उरीमारी पीओ पदाधिकारी दिलीप कुमार, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, एरिया स्टाफ अफिसर ए मलिक, जीएम ईएंडएम अमरेंद्र कुमार सिंह, बलकुदरा मैनेजर बबलू कुमार, शिफ्ट मैनेजर अजीत कुमार सिंह, पीएलआर के रवि रेड्डी, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशि भूषण सिंह, कोल् फील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य और भुरकुंडा परियोजना के सचिव पप्पू सिंह आदि मौजूद थे।

## टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष ने माता के दरबार में लगाई हाज़िरी, दुगार्पूजा समिति ने किया स्वागत



**बरही ।** टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने देवचंडा मोड़ के उपासना मंदिर परिसर स्थित दुर्गा मंडप में मातारानी के दरबार में हाज़िरी लगाई। इस क्रम में पूजा समिति के लोगो ने उनका स्वागत किया । श्री साहू ने बताया कि आदि शक्ति भवानी अंतयार्मी है । जो पूरे जगत की रक्षा करती है । देवी दुर्गा शक्ति का आधार हैं इनकी उपासना से सभी कष्ट समाप्त होते हैं । जीवन में शत्रुओं का नाश होता है । रोग दोष दूर होते हैं तथा जीवन में आर्थिक समृद्धि का आगमन होता है। उन्होंने मातारानी से विस वासियों के मंगलकामना का आशीर्वाद मांगा । इस दौरान उनके साथ बबलू साहू, छोटन ठाकुर, प्रकाश दास, भोली पासवान, रंजीत कुमार, सुधीर मंगलेश, औगौरव कुमार, सुरेश कुमार गुप्ता, नागेश्वर साव, गणेश राम, अमित राम आदि मौजूद थे ।

## घरेलू विवाद में महिला ने की आत्महत्या

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई गोसाई टोला में शनिवार शाम को घरेलू विवाद में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुनीता देवी (30) ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम घटनास्थल पहुंचे और शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त महिला का ससुराल बनासो है लेकिन लोकाई गोसाई टोला स्थित अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

एक नजर इधर भी

## अनकहे किस्से

***15 अगस्त*** या 26 जनवरी को हर स्कूल कॉलेज या टीवी रेडियो पर एक गीत जरूर बजता है, 'जहां डाल - डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वह भारत देश है मेरा ' या फिर 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर, 'सुनो-सुनो ए दुनिया वालो, बापू की ये अमर कहानी' । इन दोनों अमर गीतों के रचनाकार हैं राजेन्द्र क्रिशन दुग्गल जिन्हें फिल्मी दुनिया राजेंद्र कृष्ण के नाम से जानती है । उनका जन्म 6 जून 1919 को जलालपुर जट्टा नामक गांव में हुआ जो उस समय के पंजाब ( अब पाकिस्तान) प्रांत में था। प्रचार - प्रसार से हमेशा दूर रहे राजेंद्र कृष्ण पर कहीं कुछ ज्यादा लिखा - पढ़ा गया हो ऐसा नजर नहीं आता है, जबकि उन्होंने लगभग 260 फिल्मों के लिए सोलह सौ से ज्यादा गीतों की रचना की । उनके गीतों में केवल प्यार के चुलबुले गीत ही नहीं बल्कि देश भक्ति और भजन की अच्छी- खासी तथा मजाकिया गीतों की भी एक लंबी रेंज है। वह केवल गीतकार ही नहीं बल्कि अच्छे संवाद लेखक भी थे। उन्होंने उन 60 फिल्मों के संवाद भी लिखे जिनके लिए वे गीत भी लिख रहे थे । हाल ही में कथाकार और पत्रकार गीताश्री द्वारा संपादित पुस्तक ' वो भूली दास्तां' प्रलेक प्रकाशन से प्रकाशित हुई है जो उन पर आई पहली पुस्तक है। पुस्तक पढ़ कर राजेंद्र कृष्ण के बारे में कई रोचक जानकारियां सामने आती हैं। शायरी का चस्का उनको अपने बचपन में ही लग गया था। स्कूल की कॉपी-किताबों में वह गीत लिखते रहते थे। पढ़ने में मन नहीं लगता था तो शिमला पहुंच गये अपने बड़े भाई के पास जो वहां नौकरी करते थे। कई छोटी - मोटी नौकरी के बाद बिजली विभाग में क्लर्क हो गये। फिर तो जब भी मौका मिलता कविताओं और शेरो शायरी की महफिल में भी चले जाते , कभी सुनते और कभी कुछ सुनाते। एक बार शिमला में एक बड़ा मुशायरा हुआ जिसमें बड़े-बड़े कवियों और शायरों को बुलाया गया था । उनके दोस्तों ने उनसे पूछा कि क्या तुम्हें इसमें नहीं बुलाया गया, तब राजेंद्र कृष्ण का जवाब था 'देखना बुलावा आएगा'। वे अपने दोस्तों के साथ बैठे रहे और कुछ देर बाद सचमुच उन्हें वहां अपना कलाम पेश करने के लिए बुलाया गया। उनका सुनाया गया शेर था - कुछ इस तरह वो मेरे पास आए बैठे हैं, कि जैसे आग से दामन बचाए बैठे हैं। इसी मुशायरे में जिगर मुरादाबादी भी कुछ देर से पहुंचे , उन्होंने जब इस नौजवान शायर की तारीफ सुनी तो उन्हें मंच पर दोबारा पढ़ने के लिए बुलाया ...। बस यहीं से उनकी किस्मत बदल गई। वे बंबई जा पहुंचे ।1947 में उन्होंने सबसे पहले जनता फिल्म का स्क्रीनप्ले और गीत लिखे । जंजीर , पगड़ी ,आज की रात फिल्मों के गीत भी इसी वर्ष लिखे लेकिन उन्हें पहचान मिली फिल्म बड़ी बहन (1949) के गाने 'चुप चुप खड़े हो जरूर कोई बात है' से । इसका संगीत पहली संगीतकार जोड़ी हुस्नलाल भगतराम ने दिया था। 1951 में भगवान दादा की फिल्म अलबेला से तो वे घर घर पहुंच गए। सी. रामचंद्र के संगीत से सजे इस फिल्म के सभी गाने सुपरहिट साबित हुए। 'शोला जो भड़के दिल मेरा धड़के', 'शाम ढले खिड़की तले तुम सीटी बजाना छोड़ दो', 'मेरे दिल की घड़ी कहे टिक टिक टिक' या फिर लोरी 'धीरे से आजा री अखियन में निदिया'। उनके बेहद सहज और सरल गीतों का जादू चल निकला। उनके गीतों में प्यार कभी संतुलित, तो कभी चुलबुला हो उठता । इतना ही नहीं उनके पास देशभक्ति, सुंदर भजनों , गजलों एवं मजाकिया गीतों का भी खजाना था। निरर्थक लगने वाले शब्दों की पैरोडी से उन्होंने कई ऐसे गीत दिए जो आज भी जगह-जगह गुनगुनाए जाते हैं। वह चाहें इना मीना डीका हो या अपलम चपलम चपलाई या बाबडी बूबडी बम बम या जंबो ची कोला जंबो ची कोला।

■ **अजय कुमार शर्मा**

# इतनी खौफजदा तो कभी नहीं थी भाजपा

***याद*** कीजिए वर्ष 1977 के मई महीने में अंतरात्मा को झकझोर देने वाला ऐतिहासिक दुर्भाग्यपूर्ण कांड। बिहार की राजधानी पटना से लगभग 80 किलोमीटर दूर नालंदा जिले का गांव बेलछी, जिसमें नरसंहार हुआ था। वहां जातीय संघर्ष में 11 लोगों को जिंदा जला दिया गया था। केंद्र से इंदिरा गांधी सत्ता से बेदखल हो गई थीं और वहां जनता पार्टी की सरकार थी। मोरारजी भाई देसाई प्रधानमंत्री थे तथा बिहार में कपूर्री ठाकुर की सरकार थी। सत्ता में दूर–दूर तक कांग्रेस के वापस लौटने की उम्मीद नजर नहीं आ रही थी। वहीं, सत्ता से बेदखल हो चुकीं इंदिरा गांधी ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए बेलछी जाने का कार्यक्रम बनाया। उनकी पारखी नजर ने ताड़ लिया था कि इस घटना का प्रसार और प्रभाव देश ही नहीं, अन्य देशों में भी होगा। पटना तक हवाई जहाज, फिर मूसलधार बारिश में कार में कुछ ही दूर चली थीं कि कार कीचड़ में फस गई। उसके बाद ट्रैक्टर का सहारा लिया गया। उसके आगे नदी को पार करने के लिए बिना हौदे की हाथी पर सवार होकर उनका काफिला बेलछी गांव पहुंचा। वहां पीड़ित परिवार को लगा, जैसे कोई देवदूत उनके दुख को बांटने आ गया हो। महिलाएं उनके गले लगकर फफक–फफक कर रोईं और कहा कि हमलोगों से बड़ी भूल हो गई कि हमने चुनाव में आपको वोट नहीं दिया। फिर सच में इंदिरा गांधी की यह यात्रा देश के लोगों का दिल जीत लिया और परिणामस्वरूप वर्ष 1980 में कांग्रेस भारी बहुमत से सत्ता में वापस लौटी। यह उदाहरण देना इसलिए आवश्यक हो गया था कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में जो स्थिति कांग्रेस की हो गई थी, उसमे यही लगने लगा था कि शायद 1885 में बनी देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस लगभग खत्म हो गई। ऐसा हर मध्यम से प्रचारित भी किया गया और विशेष रूप से सत्तारूढ़ भाजपा ने यह नारा दिया कि देश 'कांग्रेस मुक्त' हो गया है और उसका निर्बाध सत्ता में पचास वर्ष तक बने रहना अब सुनिश्चित हो गया है। देश की भोली-भाली जनता से इतने लुभावने वादे किये गये, इतने दिवास्वप्न दिखाये गये कि वह भ्रमित हो गई और आंख मूंदकर वादे (जुमलों) पर विश्वास करने लगी। मार्केटिंग के इस काल में कहा गया- हम प्रतिवर्ष दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को नौकरी देंगे, काले धन का जो पैसा विदेशी बैंकों से आयेगा उसमें सबकी बराबर की हिस्सेदारी होगी और कम से कम पंद्रह लाख रुपये प्रत्येक व्यक्ति के खाते में जमा कराई जायेगी। जो कुछ पिछले सत्तर वर्षों में कांग्रेस नहीं किया, उसकी भरपाई हम करेंगे। अपनी बातों पर बल देते हुए सभी सत्तारूढ़ भाजपा नेता कहते थे कि पिछले 70 वर्षों में पिछली सरकार ने देशहित में कुछ भी नहीं किया। उनके द्वारा आरोप लगाया जाता था कि कांग्रेस के नेता अपने कार्यकाल में पचास कड़ोड़ की गर्लफ्रेंड रखते थे और कई ऐसे आरोप लगाये जाते थे जो निम्न स्तर के होते थे। इन आरोपों में उनके नेताओं का लक्ष्य एक मात्र गांधी-नेहरू परिवार होता था। इस बात को प्रचारित करने के लिए कि राहुल गांधी पढ़ा-लिखा नहीं है, इसलिए वह 'पप्पू' है। सोनिया गांधी पर तरह–तरह के तंज कसना आम बात हो गई थी। यहां तक कि पार्टी का साधारण प्रवक्ता भी इस परिवार के लिए टीवी कार्यक्रम में आकर सरेआम अनर्गल और अमर्यादित प्रलाप किया करते रहे हैं। भाजपा के सारे कुतर्कों को राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की लगभग चार हजार किलोमीटर की 'भारत जोड़ो पदयात्रा' ने उनके मंसूबों को ध्वस्त कर दिया। देश ही नहीं, विश्व ने देखा कि जिसे अपमानित करने के लिए सत्तारूढ़ दल ने अपने सारे घोड़े खोल दिए थे, वे सारे के सारे बेनकाब

**मार्केटिंग के इस काल में कहा गया- हम प्रतिवर्ष दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को नौकरी देंगे, काले धन का जो पैसा विदेशी बैंकों से आयेगा उसमें सबकी बराबर की हिस्सेदारी होगी और कम से कम पंद्रह लाख रुपये प्रत्येक व्यक्ति के खाते में जमा कराई जायेगी। जो कुछ पिछले सत्तर वर्षों में कांग्रेस नहीं किया, उसकी भरपाई हम करेंगे।**

हो गए। राहुल गांधी एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में देश के सामने आए। देशभर में जगह–जगह राहुल गांधी का भव्य स्वागत हुआ; लोगों ने महसूस किया कि जिस प्रकार उनकी छवि बिगाड़ी गई थी, वह गलत था। कांग्रेस के एक नेता ने तो यहां तक कह दिया कि भाजपा अब राहुल गांधी से बुरी तरह डर गई है और हो सकता है कि फिर कोई कारनामा उनके विरुद्ध न हो जाए। फिर राहुल गांधी का कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में भाषण देने को एक मुद्दा बना लिया गया। इधर राहुल गांधी की ओर से हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जो आरोप उद्योगपति गौतम अदाणी पर लगाये गये हैं, उस पर सरकार से जवाब मांगना, देश के संसदीय इतिहास को ही बदल दिया। आजादी के बाद से अब तक यही होता रहा कि संसद की कार्यवाही को बाधित करने का काम विपक्षी दलों द्वारा किया जाता रहा था, लेकिन अदाणी को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद संसद सत्तारूढ़ दल द्वारा इसलिए बाधित किया जाता रहा कि राहुल गांधी ने अपने इंग्लैंड दौरे पर भारत की आलोचना की और अमेरिका और इंग्लैंड से हस्तक्षेप करने के लिए कहा। जबकि, विपक्ष, खासकर राहुल गांधी बराबर यह प्रयास करते रहे कि उन पर जो आरोप लगाया गया है, उसका वह संसद में जवाब दे सकें। ऐसा अवसर राहुल गांधी को नहीं मिला और 2019 में कर्नाटक में उनके द्वारा चुनावी भाषण में मोदी सरनेम लेकर जो आक्षेप किया गया था, उसके लिए गुजरात के सूरत की एक अदालत का फैसला आ गया, जिसमें राहुल गांधी को दो वर्ष की सजा सुनाई गई। परिणामस्वरूप लोकसभा से उनकी सदस्यता 23 मार्च, 2023 से रद्द कर दी गई। और, अब लोकसभा की आवास समिति ने 22 अप्रैल तक सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भी जारी कर दिया है। राहुल गांधी की लोकिसभा सदस्यता रद्द करने को लेकर सभी विपक्षी दल एकजुट होकर भाजपा पर आक्रामक है। यहां तक कि धरना–प्रदर्शन के साथ–साथ कांग्रेस ने महात्मा गांधी का अनुसरण करते हुए सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया है। वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा के नेता और सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण कहते हैं कि यह तो न्यायिक प्रक्रिया है जिसमें छोटा-बड़ा कोई नहीं होता है। इसलिए कोर्ट ने जो उन्हें सजा सुनाई है, उसका पालन सभी को करना ही होगा। भाजपा का तो यह भी कहना है कि कांग्रेस में ऐसे भी नेता कई बैठे हैं जो नहीं चाहते कि राहुल गांधी संसद में रहें। सच जो भी हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र में कोई किसी का मुंह कब तक बंद करके रख सकता है? विपक्षी दल कांग्रेस को एक महीने का समय है कि वह देश की न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास करते हुए उच्च और सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती है। चूंकि भारतीय न्यायपालिका पर सभी को भरोसा भी है, इसलिए यदि ऊपरी अदालत द्वारा राहुल गांधी को निर्दोष साबित कर दिया जाता है, तो फिर उन्हे जेल भी नहीं जाना होगा और उनकी लोकसभा की सदस्यता भी दुबारा बहाल हो जायेगी। राहुल गांधी द्वारा अदाणी-प्रधानमंत्री के संबंधों का जो आरोप संसद और संसद के बाहर लगाया गया था, उसे पुष्ट करते हुए तथा विभिन्न विपक्षी दलों की एकता को मजबूती देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अदाणी तो मात्र फ्रंट पर है, उनके पीछे तो प्रधानमंत्री स्वयं खड़े हैं।

इन दिनों



निशिकांत ठाकुर

# राहुल जेल को ही घर बनाएंगे?

**राहुल** गांधी ने 26 फरवरी को रायपुर में हुए कांग्रेस के अखिल भारतीय अधिवेशन में बताया था कि उनके पास खुद का कोई घर नहीं है। नई दिल्ली में तुगलक लेन स्थित आवास भी उनका अपना नहीं है। उन्हें शायद तभी कोई आभास हो गया होगा कि आगे क्या होने वाला है! सूरत के न्यायालय द्वारा 23 मार्च को सुनाए गए फैसले के बाद लोकसभा सचिवालय ने संसद सदस्य के रूप में उनकी सदस्यता खत्म कर दी है । साथ ही, सांसद के तौर पर मिले हुए तुगलक लेन के आवास को भी अब उन्हें महीने भर के भीतर खाली करना पड़ेगा।

**तुगलक लेन का घर खाली करके राहुल कहाँ जाएँगे ?**

ऊपर की अदालतों के द्वारा अगर सूरत की सजा में किसी भी तरह की राहत नहीं दी जाती है तो 22 अप्रैल के बाद के दो सालों के लिए राहुल गांधी के नए आवास का पता गुजरात या देश की कोई जेल होगी। शनिवार की अपनी प्रेस कांफ्रेंस में राहुल ने कितने भी लंबे वक्त के लिए अपने नए ठिकाने पर रहने की तैयारी भी दिखा दी। आश्चर्य नहीं होना चाहिए अगर उस (फि लहाल) अज्ञात जेल की किसी अत्यधिक सुरक्षा प्राप्त कोठरी को राहुल की हैसियत के मुताबिक सुविधायुक्त बनाने का काम युद्धस्तर पर प्रारंभ भी कर दिया गया हो। किसी भी बात का अब कोई भरोसा नहीं रहा है।
मोोदी सरनेम को लेकर दायर किए गए मानहानि के मुकदमे के एक रुके हुए फैसले ने चौबीस घंटों के भीतर ही एक सौ चालीस करोड़ लोगों के देश की राजनीति को आगे आने वाले सालों के लिए हिलाकर रख दिया। ऐसा ही एक क्षण 12 जून 1975 को तब उपस्थित हुआ था जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहनलाल सिन्हा ने राहुल की दादी इंदिरा गांधी की लोकसभा की सदस्यता को खारिज कर दिया था। उसके बाद जो घटनाक्रम चला उसने देश की तकदीर को बदल दिया था । राहुल उस समय पाँच साल के थे। अड़तालीस साल बाद किसी और संदर्भ में हो रही इतिहास की पुनरावृत्ति क्या एक बार फिर जून 1975 के बाद बने घटनाक्रम के तरह की ही साबित होगी ?
सूरत के फैसले के तत्काल बाद से ही सवाल उठाए जा रहे थे कि राहुल अब क्या करेंगे ? राहुल ने उनका भी जवाब दे दिया है। उनके जवाबों ने भाजपा को और ज्यादा डरा दिया होगा ! दूसरी ओर, उनके जवाबों से जनता का बचा हुआ डर भी खत्म हो गया होगा। विपक्ष और ताकतवर बन गया होगा ! ह्य मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूँ। मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूँ, राहुल ने लोकसभा से निष्कासन के बाद कहा था। वे अब चुनौती दे रहे हैं कि उन्हें जीवन भर के लिए निष्कासित कर दिया जाए,जेल में डाल दिया जाए तो भी लोकतंत्र के लिए उनकी लड़ाई जारी रहने वाली है।

■ **श्रवण गर्ग**

है न विचित्र बात !

## नफरती सोच व घृणा

***कई*** बार तो ऐसा महसूस होता है कि समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा करने के लिए नफरती भाषण देने की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई। राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं साम्प्रदायिकता का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। अब तो ऐसा भी महसूस होने लगा है कि देश की दंड व्यवस्था के तहत जहां 'हेट स्पीच' को नये सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है वहीं इस समस्या से निपटने के लिए 'हेट स्पीच' को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? राजनेताओं एवं तथाकथित धर्मगुरुओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर कड़ी टिप्पणी की है। एक मामले पर दो दिनों तक चली सुनवाई में अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा कि ऐसे नफरती भाषणों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई है? हालांकि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए राजनेताओं और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को सार्वजनिक मंचों से बोलते वक्त संयम बरतने की नसीहत दे चुका है, मगर इस प्रवृत्ति में कोई सुधार नजर नहीं आता। कई बार तो ऐसा महसूस होता है कि समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा करने के लिए नफरती भाषण देने की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई। इस संबंध में धर्म संसदों में आपत्तिजनक भाषण, राजनीतिक सभाओं में घृणा एवं नफरती बोल एवं विभिन्न चैनलों पर बहस के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियां के दौरान हेट स्पीच के मामलों ने गंभीर एवं जटिल स्थितियों को जन्म दिया है। इस तरह भारत की गौरवमय संस्कृति को धुंधलाना, 'वसुधैव कुटुम्बकम' एवं सर्वधर्म सद्भाव के मंत्रों को ध्वस्त करना, भारत की एकता और अखण्डता को बांटना अक्षम्य अपराध है। इसलिये इनदिनों देश के ताजा मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने 'हेट स्पीच' एवं नफरती बयानों-भाषणों पर तल्ख टिप्पणी की है। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि नेता जिस दिन राजनीति में धर्म का इस्तेमाल छोड़ देंगे, नफरती भाषण भी बंद हो जाएंगे। भारत के लोग दूसरे समुदायों के लोगों का अपमान न करने, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना कायम करने का संकल्प क्यों नहीं लेते? अदालत ने जवाहर लाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों को लोग दूर-दूर से सुनने आत थे। वैसी नजीर अब कोई नेता क्यों पेश नहीं करना चाहता। अदालत ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि लोग समुदाय विशेष को लेकर ही नफरती भाषणों के खिलाफ चुनिंदा तरीके से मुकदमें क्यों दर्ज कराते हैं। उनमें सभी समुदायों और पंथों के खिलाफ दिये गये नफरती भाषणों पर सख्ती क्यों नहीं दिखाई जाती। बकवास बता मनमोहन सिंह वाला अध्यादेश न फाड़ा होता तो आज नहीं आती ये नौबत, 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे राहुल? क्या कहता है कानून सर्वोच्च न्यायालय लंबे समय से ऐसे भाषणों, बयानों और तकरीरों के खिलाफ सख्त रहा है। बात केवल मुस्लिम कट्टरता एवं नफरती बयानों की ही नहीं है, करीब दो महीना पहले महाराष्ट्र में आयोजित सकल हिंदू समाज की रैली को लेकर भी न्यायालय ने निर्देश दिया था कि राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि वहां कोई नफरती भाषण न होने पाए।

■ **ललित गर्ग**

# अमृतकाल पर दाग न बन जाय 'अमृत-काल'

***खालिस्तान*** समर्थक भगोड़े अमृतपाल सिंह की कहानी किसी सस्पेंस थ्रिलर से कम है क्या? वो देश भर की पुलिस को चकमा ही नहीं दे रहा है, बल्कि सोशल मीडिया पर नई-नई शर्तें और कानून के राज को खुलेआम चैलेंज कर रहा है। 18 मार्च को उसे गिरफ्तार करने के लिए मोगा के कमालके में कमाल की नाकेबंदी की गई थी। आठ-आठ जिलों के एसएसपी, दो डीआईजी स्तर के अधिकारी और अर्द्धसैनिक बलों की कंपनियां लगी रहीं, लेकिन अमृतपाल उनके सामने से ही फरार हो गया। दो हफ्ते पहले जिस काम को पूरा करने का जिम्मा पंजाब के आठ जिले की पुलिस पर था, अब नौ राज्यों की पुलिस भी मिलकर उसे पूरा नहीं कर पा रही है। वो उत्तराखंड से लेकर हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र और न जाने कहां-कहां देखा गया है। ये तो वो जगह है जहां से उसकी लोकेशन मिली है। उसके उत्तरप्रदेश बॉर्डर पार कर नेपाल पहुंच जाने की अटकलें भी हैं। भारतीय दूतावास की अपील पर नेपाल के इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने उसे वॉच लिस्ट में जरूर डाल दिया लेकिन पुराना इतिहास गवाह है कि नेपाल में ऐसी कार्रवाई कितनी असरकारी होती है। अब फिर चर्चा है कि पुलिस ने अमृतसर और बठिंडा में और उसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है, क्योंकि अमृतपाल सिंह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर या बठिंडा में तख्त श्री दमदमा साहिब में से किसी एक में प्रवेश करने के बाद आत्मसमर्पण कर सकता है। ये कोई नहीं बता रहा है कि अगर पुलिस के पास उसके नेपाल चले जाने की सूचना थी, तो फिर 'परिंदा भी पर नहीं मार सकता' वाली सुरक्षा के तमाम दावों के बीच वो बॉर्डर पार कर वापस भारत कैसे लौट आया? ये तो दो ही स्थितियों में संभव है - या तो पुलिस के सूचना तंत्र में खामी है या फिर उसका सुरक्षा तंत्र फेल कर गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने आतंकी संगठनों और गैंगस्टरों की जांच के लिए 2022 और 2023 में पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की थी। उस समय अमृतपाल को क्यों बख्शा गया, इसका जवाब किसी के पास नहीं है जबकि उस समय हमारे घरेलू मीडिया समेत अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे देशों में भिंडरावाले 2.0 के रूप में उसकी ताजपोशी का डंका जमकर पीटा जा रहा था। सवाल बहुत सारे हैं? जालंधर में आमने-सामने की भिड़ंत में तीन में से केवल उसी गाड़ी का बचकर निकल भागना जिसमें अमृतपाल बैठा था क्यों महज संयोग है? राज्य की 80 हजार पुलिस को चकमा देकर एक देश विरोधी का भाग निकलना किसकी 'काबिलियत' कही जायेगी? नाकामी केवल पंजाब पुलिस की ही नहीं है, ये इंटेलिजेंस के लिए भी उतनी ही शर्म की बात है क्योंकि जब कोई वांटेड अपराधी होता है तो केंद्रीय इंटेलिजेंस ब्यूरो की भी ये जिम्मेदारी होती है कि वो उसे ट्रैक करें और नजदीकी पुलिस थाने को इसकी सूचना दें और उसकी गिरफ्तारी को सुनिश्चित करें। बेशक मोदी सरकार की सख्त निगरानी और अचूक कार्रवाई के कारण देश में आतंकवादी घटनाएं अब पुराने दिनों की बातें हो गईं हैं। इसलिए ये बात हैरान करती है कि अमृतपाल पर इंटेलिजेंस कैसे चूक कर गई? व्यावहारिक समझदारी तो यही कहती है कि अमृतपाल ने जिस देश में कदम रखा, उसी दिन से और खासकर खालिस्तान का खुलेआम समर्थन करने के बाद तो निश्चित रूप से उसे देश के खुफिया रडार पर होना चाहिए था और उस पर एनएसए के तहत केस दर्ज किया जाना चाहिए था। 24 फरवरी को अजनाला पुलिस थाने पर हमले के बाद आखिरकार जब उस पर कार्रवाई का निर्णय लिया गया, तब तक काफी देर हो चुकी थी। चेहरे बदल-बदलकर देश के सुरक्षा तंत्र को चुनौती दे रहे अमतृपाल का असली चेहरा क्या है? पिछले साल गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर खालिस्तानी झंडा फहराने वाले दीप सिद्धू की कार दुर्घटना में रहस्यमय मौत और उसकी जगह 'वारिस पंजाब दे' संगठन की कमान अपने हाथ में लेने से पहले तक अमृतपाल को भारत क्या, पंजाब का आम बाशिंदा भी ठीक से नहीं जानता था। इसी वजह से वो दुबई से जुड़े अपने अतीत के बारे में खुलकर बात नहीं करता है जहां वह गैर-अमृतधारी था और सिख धार्मिक सिद्धांतों का पालन नहीं करता था। दुबई में वो ड्रग डीलर जसवंत सिंह रोडे से जुड़ा हुआ था, जिसका भाई पाकिस्तान से काम कर रहा है। भारत आने के बाद उसने अचानक एक धार्मिक कट्टरपंथी के रूप में काम करना शुरू कर दिया, जो एक तो उसकी पिछली 29 साल की जिंदगी से बिल्कुल अलग था और दूसरा स्पष्ट रूप से इस आशंका को बल देता है कि उसे भारत में भारतीय हित के लिए विरोधी ताकतों द्वारा लगाया गया। ये ताकतें कौन सी हैं - इसकी जानकारी के लिए ये पता लगाना जरूरी है कि कौन उसे खालिस्तान के बहाने देश में अस्थिरता फैलाने के लिए रसद पानी दे रहा था, कौन उसे कानून के शिकंजे बचा रहा था, और अब जब वो मारा-मारा फिर रहा है तो कौन उसके लिए सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध करा रहा है? अमृतपाल को 158 विदेशी खातों से फंडिंग की सूचना है जिनमें से 28 खातों से 5 करोड़ से ज्यादा की रकम भेजी गई थी। इन खातों का कनेक्शन पंजाब के माझा और मालवा से है। आश्चर्य की बात है कि फेमा पर केन्द्र सरकार की सक्रियता और उससे जुड़ी कई सक्सेस स्टोरी के बीच भी अमृतपाल एक साथ इतने सारे विदेशी खातों को कैसे ऑपरेट कर रहा था? क्या इस मामले का हवाला से भी कोई कनेक्शन सामने आयेगा? उसके मददगारों में एक ओर ड्रग तस्कर हैं जो अपनी काली कमाई से उसकी मदद कर रहे हैं और दूसरी ओर आईएसआई है जो उस तक हथियार और अन्य मदद पहुंचा रही है। विदेशों में बैठे उसके आका अलग से उसे करोड़ों की फंडिंग कर रहे हैं। नशा मुक्ति केन्द्र की आड़ में वो खुद को हथियारों से लैस कर एक अलग सेना तैयार कर रहा था। अमृतपाल की एक महिला ब्रिगेड को लेकर भी जानकारी मिल रही है जो एक तरह से उसका साया बनकर घूम रही है और जिसकी मदद से हाई अलर्ट होने के बावजूद वो शहर-शहर सारी एजेंसियों को चकमा देता घूम रहा है। यह संयोग नहीं हो सकता कि हर बदलते ठिकाने पर उसे आसरा देने वाली उसकी कोई महिला मित्र ही निकली है। वहीं बार्डर पार कराने के लिए आईएसआई की ओर से अपने सभी स्लीपर सेल को एक्टिव करने की खबरें भी हैं। महज डेढ़ महीने पहले उसकी पत्नी बनी किरणदीप कौर का भी संदिग्ध अतीत है। वो ब्रिटेन में रहती है और खालिस्तानी समर्थक होने के साथ ही कथित तौर पर बब्बर खालसा संगठन के संपर्क में है। निश्चित रूप से ये जानकारियां महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इन्हें जुटाने में अब बहुत देर हो चुकी है। अमृतपाल का अब तक पकड़ में नहीं आना उसके बढ़ते कद की तरह अब बड़ा सवाल बन गया है। वो खुलेआम पंजाब से लेकर देश के नेताओं को अंजाम भुगतने की चुनौती दे रहा है। सबसे बड़ा खतरा इस बात का है कि पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है जहां सामाजिक और आर्थिक बवंडर फैलाने का तमाम मसाला पहले से मौजूद है। मुख्यधारा में सिखों के बहिष्कार का नैरेटिव, कट्टरपंथी प्रवासी और आईएसआई का दखल पंजाब में अलगाववाद को फिर हवा दे सकता है। तेजी से नुकसान का धंधा बनती जा रही खेती और उसके साथ ही कम हो रही कृषि योग्य भूमि के बीच बढ़ती बेरोजगारी और सीमा पार से आ रहे ड्रग के कारण चुनौती और गंभीर हो सकती है। पंजाब में आम चलन है कि परिवार के एक व्यक्ति को विदेश भेजने के लिए जमीन बेच दी जाती है। फिर जब घर में आर्थिक मुश्किलें आती हैं तो मदद विदेश से आती है और धीरे-धीरे परिवार प्रवासी कट्टरपंथियों के प्रभाव के प्रति संवेदनशील होता जाता है। इसके पीछे शेष भारत में अल्पसंख्यकों के हवाले से पैदा हुआ डर भी काफी काम करता है। कौम की आड़ में फैलाया गया ये पूरा नैरेटिव अमृतपाल जैसे लोगों की 'लार्जर दैन लाइफ' वाली छवि बनाने के काम आता है जैसा हमने भिंडरावाले के मामले में भी देखा है। पंजाब फिर अस्सी वाले उसी दशक में न पहुंच जाए इसके लिए जरूरी है कि अमृतपाल के सरेंडर करने या उसकी गिरफ्तारी के बाद पारदर्शी जांच और अभियोजन सुनिश्चित कर जल्द-से-जल्द उसकी इस कथा का उपसंहार लिख दिया जाय। क्योंकि अमृतकाल में हिंद की गौरव गाथा में दाग है ये अमृत कथा।





उपेंद्र राय

**(लेखक भारत एक्सप्रेस के सीएमडी हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगन हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## NEWS इन ब्रीफ

### यूपी के मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने की राष्ट्रपति से मुलाकात



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। प्रजापति ने राष्ट्रपति को अलीगढ़ जिला जेल के कैदियों द्वारा निर्मित लकड़ी का शिवलिंग, बांसुरी एवं ओम की आकृति और मथुरा जिला जेल में निर्मित साड़ियां भेंट कीं। इसके अलावा लखनऊ और गाजियाबाद की जिला जेलों में कैदियों द्वारा निर्मित अन्य वस्तुएं भी भेंट कीं।

### नौसेना प्रमुख एडमिरल हरि कुमार कोरोना संक्रमित

**भोपाल।** तीन दिवसीय कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में शामिल नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरिकुमार कॉन्फ्रेंस छोड़कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। भोपाल आने से पहले उन्होंने कोरोना टेस्ट कराया था। शुक्रवार को टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद देर शाम को विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

### नक्सलियों ने यात्री बस को किया आग के हवाले

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के मालेवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बारसूर-पल्ली मार्ग पर घोटिया चौक के पास शनिवार को दंतेवाड़ा-नारायणपुर के बीच चलने वाली यात्री बस को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है।

### भागवत ने वीरांगना दुर्गावती की मूर्ति का अनावरण किया

**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को मध्यप्रदेश के सतना जिले के मझगवां विकासखंड में वीरांगना दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया। श्री भागवत ने इस मौके पर महर्षि बाल्मीकि परिसर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जहां वीरांगना दुर्गावती के शौर्य की चर्चा की, वहीं उन्होंने राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख का स्मरण करते हुये कहा कि चित्रकूट जहां भगवान राम की तपोस्थली है, वहीं यह नानाजी देशमुख की कर्मस्थली भी रही है।

## बिहार : सासाराम व नालंदा में रामनवमी जुलूस के दौरान दो पक्षों में हिंसा

# इंटरनेट सेवा बंद, धारा 144 लागू





**एजेंसी। पटना**

बिहार में रामनवमी जुलूस के दौरान दो पक्षों में हिंसा की घटनाएं सासाराम और नालंदा जिले में शुक्रवार को हुईं, लेकिन शनिवार को भी दोनों ही जगह 'स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण' में बताई जा रही है। अंदर ही अंदर दोनों जगह तनाव है, जबकि इंटरनेट बंद कर और धारा 144 को सख्ती से लागू कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। सासाराम में तनाव के कारण गृह मंत्री अमित शाह का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। दोनों जिलों में दोनों पक्षों के चुनिंदा लोगों के साथ कुछ घंटे में पुलिस शांति समिति की बैठक भी करने जा रही है।

### अशांति के कारण गृह मंत्री का दौरा रद्द

गृह मंत्री अमित शाह के सासाराम दौरे के मद्देनजर हालात पर काबू पाने का प्रयास तेज बताया जा रहा था। लेकिन, कार्यक्रम स्थल के आसपास धारा 144 लागू रहने और स्थिति तनावपूर्ण रहने के कारण शाह का दौरा रद्द कर दिया गया है।

## दुख की बात, आपस में झगड़ा साधारण बात नहीं : नीतीश



**बिहार** के सासाराम में हुई हिंसक घटना के बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह के रविवार को सासाराम जाने के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है, इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिंसक घटनाओं को दुख की बात बताते हुए कहा कि जरूर कोई ना कोई गड़बड़ी किया है। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री के सासाराम दौरे को रद्द किए जाने के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि मुझे नहीं मालूम है कि वह यहां क्यों आ रहे हैं। आ काहे रहे हैं ये तो वो जानें। अगर नहीं आ रहे हैं तो वो जानें। लेकिन राज्य सरकार की तरफ से हर तरह का इंतजाम रहता है। उन्होंने बिहारशरीफ और सासाराम हिंसा की घटनाओं पर कहा कि खबर मिलते ही नियंत्रण कर लिया गया। उन्होंने कहा कि यह जो घटना घटी है बहुत दुख की बात है। जरूर कोई ना कोई घचपच किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने तो पूरी तरह से कह दिया है कि अंदर से पता कीजिए। कौन क्या कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये मामला बदमाशी का है। आपस का झगड़ा करना, ये साधारण बात नहीं है। यह तो गड़बड़ किया है। इसको सब तरफ से देखा जा रहा है। आप लोग जानते हैं कि यहां लॉ एंड ऑर्डर पर सबकुछ अच्छी तरह से किया जाता है। इधर, पुलिस का दावा है कि बिहारशरीफ और सासाराम में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और स्थिति सामान्य है।

ताजा हालत यह है कि कादिरगंज, मुबारकगंज, चौखंडी नवरत्न बाजार में दुकानों के साथ घरों के दरवाजे भी बंद हैं। इसके बावजूद शनिवार को भी 10 मिनट के लिए पथराव की सूचना आई। इसमें किसी के घायल होने की जानकारी नहीं मिली है। लेकिन, यह घटना बता रही है कि तनाव अब भी है। पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके को छावनी के रूप में बदल चुकी है। सड़क पर रातम में गश्ती चलती रही और सुबह भी वही हालात हैं। एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दो लोगों पर केस दर्ज हुआ है। धारा 144 लागू रहने की जानकारी पुलिस माइक के जरिए दे रही है। इंटरनेट सेवा ठप रखकर अफवाहों को रोकने का प्रयास जारी है। पुलिस शांति समिति की बैठक की तैयारी में लगी है। 12 बजे शांति समिति की बैठक के लिए दोनों पक्ष से चुनिंदा लोगों को बुलाया गया है।

### दो किमी दायरे में तनाव, लोग घरों में बंद

नालंदा में दो किलोमीटर के दायरे के आधा दर्जन मोहल्लो में अब भी तनावपूर्ण स्थिति है। लोग घरों में बंद हैं। दुकानें भी नहीं खुली हैं। लोग एक-दूसरे से मिल नहीं पा रहे, क्योंकि धारा 144 के सख्ती से अनुपालन के लिए पुलिस लगातार मार्च कर लोगों को घर में रहने की ताकीद कर रही है। नगर निगम की गाड़ी से प्रचार किया जा रहा है कि स्थिति ठीक है, अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। पुलिस अबतक यह नहीं जानकारी दे रही कि प्राथमिकी दर्ज हुई है या नहीं। दोनों पक्षों से कुल 27 लोग गिरफ्तार किए गए हैं, जिसके कारण यह माना जा रहा है कि अब प्राथमिकी दर्ज हो गई है।

## भाजपा को नए राम मंदिर से 2024 में है उम्मीद



**एजेंसी। लखनऊ**

जब जनवरी 2024 में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा, तब भाजपा अपने इतिहास के सबसे गौरवशाली क्षण का अनुभव करेगी। राम मंदिर भाजपा के इतिहास में लाभदायक साबित होगा और उस आंदोलन की पराकाष्ठा को भी चिह्नित करेगा, जिसने इसे देश में पूर्ण सत्ता तक पहुंचा दिया। 1980 में अस्तित्व में आने के बाद से ही राम मंदिर भाजपा की राजनीति का आधार रहा है और पार्टी ने पिछले दशकों में मंदिर आंदोलन में कुछ अशांत समय का सामना किया है। 2024 में जब राम मंदिर के कपाट खुलेंगे, तब तक सिर्फ भूतल ही बनकर तैयार होगा। वहां रामलला की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी और अगले साल जनवरी में जनता के लिए खोल दिया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट जनता के लिए इसे खोलने से पहले पूरे मंदिर के तैयार होने का इंतजार नहीं कर रहा है। मंदिर की पहली और दूसरी मंजिल को पूरा होने में एक और साल लगेगा और 71 एकड़ से अधिक का पूरा परिसर 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा। बीजेपी चाहती है कि मंदिर अगले साल खुले ताकि लोकसभा चुनाव भगवा रंग में हो सके। सूत्रों के अनुसार, मंदिर का उद्घाटन, एक बड़े पैमाने पर प्रचार अभियान से पहले होगा, जिसे हिंदू भावनाओं को बढ़ाने और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए उन्माद पैदा करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, संघ परिवार के अन्य घटक इस भव्य अवसर के लिए एक बिल्ड-अप बनाने के लिए कार्यक्रमों की योजना बना रहे हैं। मंदिर के निर्माण पर 1,800 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जो पूरी तरह से दान से आएंगे। योगी आदित्यनाथ सरकार को उम्मीद है कि मंदिर खुलने पर तीर्थयात्रियों की संख्या प्रतिदिन लगभग एक लाख भक्तों तक बढ़ जाएगी। सरकार एक साथ एक नई अयोध्या बनाने की तैयारी कर रही है, जो अपने आप में तीर्थयात्रियों के लिए एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण होगी।

## ओडिशाः पांच बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी

# 35,760 करोड़ का निवेश, 38,100 से अधिक को मिलेगा रोजगार

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

854.17 करोड़ रुपए के छह निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने के एक दिन बाद, ओडिशा सरकार ने शनिवार को पांच और बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दे दी, जिससे राज्य में 35,760 करोड़ रुपए का निवेश आएगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली हाई लेवल क्लीयरेंस अथॉरिटी (एचएलसीए) ने उन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, जो ओडिशा में 38,100 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। स्वीकृत परियोजनाएं भद्रक, ढेंकानाल, जगतसिंहपुर और क्योंझर जिलों में स्थापित की जाएंगी। एचएलसीए ने इस्पात क्षेत्र में दो परियोजनाओं, हरित ऊर्जा और उपकरण, रसायन क्षेत्र और तकनीकी कपड़ा क्षेत्र में एक-एक परियोजना को हरी झंडी दी है। सरकार ने 25,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक एकीकृत सौर उपकरण निर्माण



परिसर स्थापित करने के लिए वारी एनर्जीज लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह नेउलोपोई, ढेंकानाल में 50,000 मीट्रिक टन पॉलीसिलिकॉन, 10,000 मेगावाट प्रत्येक पिंड, वेफर, सौर सेल और सौर मॉड्यूल की क्षमता वाली एक विनिर्माण इकाई स्थापित करेगा। एक अधिकारी ने कहा कि इस तरह की विनिर्माण सुविधा पूर्वी भारत में सबसे बड़ी है जो इस क्षेत्र में और निवेश के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करेगी। इसी तरह, एचएलसीए ने क्योंझर जिले में 1.8 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) का एक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने के लिए सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें 5,436.10 करोड़ रुपए के निवेश का वादा किया गया है। काशवी पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित इस्पात क्षेत्र की एक अन्य परियोजना को भी सरकार की मंजूरी मिल गई है। कंपनी 1600 करोड़ रुपए के निवेश से क्योंझर जिले के कालीपाल में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करेगी। तकनीकी कपड़ा क्षेत्र में, ओडिशा सरकार ने एमसीपीआई प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 2,223.25 करोड़ रुपए की एक परियोजना को मंजूरी दी है। प्राधिकरण ने आईवीएल धनसेरी पेट्रोकेम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 1,500 करोड़ रुपए के निवेश से जगतसिंहपुर जिले के पारादीप में बोतल ग्रेड पीईटी रेजिन स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### सड़क दुर्घटना में घायल तीन की मौत

**नवादा।** नवादा में सड़क दुर्घटना में घायल 3 लोगों की मौत शनिवार को पटना के पीएमसीएच में हो गई।. सड़क हादसा का यह मामला शुक्रवार को देर शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 20 पर घटित हुई थी। गंभीर हालत में घायलों को आनन-फानन में पावापुरी मेडिकल कॉलेज के बाद पटना के पीएमसीएच में ले जाया गया था। जहां सभी को गहन चिकित्सा कक्ष में रखा गया था लेकिन दुर्भाग्य ही कहा जाए कि शनिवार को तीन घायलों की मौत हो गई।

### पिकनिक मनाने गए 3 बच्चों की कुंड में डूबने से मौत

**छिंदवाडा।** मध्यप्रदेश के छिंदवाडा जिले के परासिया तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत तीसरा डुंगरिया में शनिवार सुबह देवरानी दाई कुंड में पिकनिक मनाने आए चार बच्चे नहाने के दौरान अचानक पानी में डूब गए। जिसमें 3 बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक लड़की को गंभीर अवस्था में सरकारी हॉस्पिटल भेजा गया।

## शिक्षक भर्ती घोटाला

# ईडी ने गिरफ्तार प्रमोटर अयान शील की 100 करोड़ की संपत्ति को किया ट्रैक

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपए के शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस सिलसिले में गिरफ्तार निजी रियल एस्टेट प्रमोटर अयान शील की 100 करोड़ रुपए की संपत्ति का पता लगाया है। शील को शनिवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां केंद्रीय एजेंसी के वकील इस मामले में जांच अधिकारियों के निष्कर्षों का विवरण पेश करेंगे।

सूत्रों ने कहा कि शी के स्वामित्व वाली 100 करोड़ रुपए की सटीक संपत्तियों को इंगित करने के बाद, ईडी के अधिकारी वर्तमान में संपत्ति खरीदने के लिए धन के स्त्रोतों को ट्रैक करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों की भर्ती के घोटाले में संलिप्तता के अलावा, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को विभिन्न



नगर पालिकाओं और पंचायत निकायों में इसी तरह के भर्ती घोटालों में उनकी संलिप्तता के बारे में विशिष्ट सुराग भी मिले हैं। सूत्रों ने कहा कि ईडी के अधिकारियों ने पहले ही शील के 50 से अधिक बैंक खातों के ब्योरे को ट्रैक कर लिया है या तो व्यक्तिगत रूप से या उनकी पत्नी काकोली शील के साथ संयुक्त रूप से या उनके स्वामित्व वाली कंपनियों के नाम पर। उन्होंने उसके बैंक लॉकरों को भी ट्रैक कर लिया है और भंडार की जांच के लिए उन्हें खोलने की प्रक्रिया में हैं। शील को निष्कासित युवा तृणमूल कांग्रेस के नेता शांतनु बंद्योपाध्याय और कुंतल घोष के बेहद करीबी विश्वासपात्र के रूप में जाना जाता है, दोनों वर्तमान में भर्ती घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए न्यायिक हिरासत में हैं।

यह पता चला है कि अगर शील के वकील अपने मुवक्किल की ओर से जमानत याचिका दायर करते हैं, तो ईडी के वकील इस आधार पर जमानत याचिका का विरोध करेंगे कि उनकी रिहाई से सबूतों से छेड़छाड़ और इस मामले में गवाहों को प्रभावित किया जा सकता है।

# अब पटना में दिखा 'मोदी हटाओं देश बचाओ' का पोस्टर

**एजेंसी। पटना**

दिल्ली, गुजरात और हरियाणा के बाद शुक्रवार को बिहार की राजधानी में 'मोदी हटाओ, देश बचाओ' के नारे वाले पोस्टर मिले। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के गेट नंबर 10 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने वाले ऐसे पोस्टर मिले हैं। हालांकि, पटना जिला प्रशासन को इस बात का अंदाजा नहीं है कि इस कृत्य के पीछे कौन है। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार की रात गांधी मैदान की दीवार पर ऐसे पोस्टर लगाए गए। स्थानीय रेहड़ी-पटरी वालों ने दावा किया कि वह रात 11 बजे तक वहीं रुके रहे। हर दिन और उस समय तक पोस्टर नहीं लगे थे। ऐसा माना जाता है कि पोस्टर आधी रात से 3 बजे के बीच लगाए गए थे। दिल्ली, गुजरात और हरियाणा की पुलिस पहले ही पोस्ट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। पटना के मामले में अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सूत्रों ने कहा है कि पटना पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

## पूर्णिया में रफ्तार का कहर

# ट्रक ने राहगीरों को कुचला, चार की मौत

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पूर्णिया जिले में एक ट्रक चालक ने पैदल चल रहे लोगों को कुचल दिया। इससे चार लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार रात हुई दूसरी दुर्घटना के बाद, स्थानीय निवासियों ने ड्राइवर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की और पुलिस को सौंपने से पहले उसकी पिटाई कर दी। पीड़ितों की पहचान मोहम्मद सरबुल आलम, मोहम्मद हाफिज सब्बीर, हाफिज रुवैद और दीपक कुमार के रूप में हुई है। व्यासी रेंज के एसडीपीओ आदित्य कुमार ने कहा, ट्रक पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसने मौके से भागने की कोशिश की। ऐसा करते हुए, उसने कई लोगों को कुचल दिया। चालक को अमौर ब्लॉक से पकड़ा गया। हमने ट्रक भी जब्त कर लिया है। चालक को फिलहाल पूर्णिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्तियों को भी उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## आकांक्षा दुबे मर्डर केस

# मां ने कहाः पुलिस-समर सिंह की है सांठगांठ



**एजेंसी। पटना**

भोजपुरी की जानी मानी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत ने पूरे इंडस्ट्री को हिला कर रख दिया है। अभिनेत्री के ऐसा करने की वजह अभी तक सामने नहीं आ पाई है। आकांक्षा की मौत पर कई भोजपुरी सितारों ने श्रद्धांजलि भी अर्पित की है। फैंस भी अपनी फेवरेट स्टार को खो कर सकते में हैं। वहीं, दूसरी ओर आकांक्षा केस के आरोपी समर सिंह का पुलिस अभी तक पता नहीं लगा पाई है। अभिनेत्री का मां ने अब पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।

### मां का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

आकांक्षा दुबे की मौत को काफी दिन गुजर चुके हैं और पुलिस आरोपी समर सिंह को खोजने में असफल साबित हो रही है। बेटी के अचानक चले जाने से घर परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। अब हाल ही में, दिवंगत अभिनेत्री की मां और परिवार के अन्य लोगों ने वाराणसी के सारनाथ थाने में खूब हंगामा किया। अभिनेत्री की मां का कहना है कि पुलिस समर सिंह को बचाने की कोशिश कर रही है।

### परिवार वालों ने किया धरना प्रदर्शन

गौरतलब है कि समर सिंह नेपाल भाग गया है और पुलिस उसे पकड़ने की काफी रणनीति बना रही है, लेकिन अभी तक उसे पकड़ नहीं सकी है। इसे देखते हुए आकांक्षा के परिवार वालों के सब्र का बांध टूट गया है। परिवार वालों ने थाने के आगे प्रदर्शन करते हुए मधु दुबे ने अपनी चूड़ियां तोड़ डालीं। वह रो-रोकर अपनी बेटी के लिए न्याय की गुहार लगाती नजर आईं। यही नहीं, परिवार वालों ने पुलिस पर कई संगीन आरोप भी लगाए हुए हैं।

### पुलिस पर लगाए कई संगीन आरोप

आपको बता दें कि वाराणसी पुलिस की कार्रवाई से तंग आकांक्षा की मां और उनके भाई हरिओम ने बड़ी संख्या में थाने के बाहर काफी धरना प्रदर्शन किया था। परिवार वालों ने मिलकर पुलिस के खिलाफ खूब नारेबाजी भी की थी। इससे पहले अभिनेत्री की मां ने ग्रामीणों के साथ मिलकर भदोही में चक्का जाम करने की भी कोशिश की थी।

## अभियान | स्कूल चलो अभियान-2023 तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

# एक भी बच्चा न स्कूल जाने से वंचित हो : योगी

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहने पाए और कोई भी बच्चा किसी भी संचारी रोग की चपेट में न आए। ये जिम्मेदारी हम सबकी है। बच्चों को स्कूल लाना है, उसके अभिभावक को तैयार करना है जिससे हम प्रदेश के अंदर साक्षरता को शत प्रतिशत कर सकें। शत प्रतिशत साक्षरता प्रदेश के लिए एक बड़ी पूंजी होगी। आने वाले समय में इस अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान-2023 तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करते हुए कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को मुफ्त पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। साथ ही,निपुण असेसमेंट में उत्तीर्ण छात्रों को रिपोर्ट कार्ड भी प्रदान किया। स्कूल रेडीनेस और शिक्षक संदर्शिका का भी विमोचन किया। इसके अलावा मिशन शक्ति



के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया।

नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत के अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि प्राचीन काल से ही उत्तर प्रदेश शिक्षा का और स्वास्थ्य का केंद्र बिंदु रहा है। लेकिन समय के अनुरूप खुद को तैयार न करने के कारण एक समय उत्तर प्रदेश की पहचान अराजकता, गुंडागर्दी,दंगे, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के लिए होने लगी थी। पिछले 6 वर्षों के अंदर प्रदेश सरकार ने जो कदम उठाए आज उसके परिणाम हर क्षेत्र में देखने को मिल रहे हैं। स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ हमने पहली जुलाई 2017 में कुकरैल में किया था। यह कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा। मुझे प्रसन्नता है कि बच्चों के नामांकन की जो संख्या जुलाई 2017 में एक करोड़ 34 लाख थी, वो आज बढ़कर 1.92 करोड़ पहुंच गई है। पहले ड्रॉप आउट रेट का कारण क्या था। विद्यालय के भवन जर्जर थे, फर्श अच्छा नहीं था, विद्यालय भवन के ऊपर बड़े -बड़े पेड़ जमे हुए थे, बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट नहीं थे, पेयजल की सुविधा नहीं थी। आधे से अधिक बालिकाएं नंगे पैर स्कूल आती थी, बालकों में भी यह संख्या 40 फीसदी के आसपास थी। यूनिफॉर्म अच्छी क्वालिटी की नहीं थी। जो यूनिफॉर्म मिलती थी वो भी सत्र समाप्त होने के बाद।

### संचारी रोग नियंत्रण में उ.प्र का मॉडल बना मिसाल

**संचारी** रोगों पर सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश नो क्लाइमेटिक जोन का प्रदेश है। अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग बीमारी भी आती है। आप देखेंगे कुशीनगर, गोरखपुर से लेकर नेपाल की तराई से सहारनपुर तक मस्तिष्क ज्वर का कहर कभी इस क्षेत्र में हजारों बच्चों को हर वर्ष निगल लेता था। एक वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चे इसकी चपेट में आते थे। लोगों के मन में जुलाई से लेकर नवंबर-दिसंबर तक भय और दहशत का माहौल रहता था। वाराणसी और इसके आसपास के क्षेत्र में कालाजार फैलता था। बरेली और आसपास के क्षेत्र में मलेरिया, लखनऊ-कानपुर-मथुरा तक डेंगू का कहर देखने को मिलता था। झांसी और बुंदेलखंड के क्षेत्र में चिकनगुनिया का कहर था। स्वास्थ्य विभाग ने विगत 6 वर्ष के अंदर कार्यक्रम चलाया,जिसमें कई विभागों की सहभागिता रही। आज से ठीक 5 वर्ष पहले एक अप्रैल 2018 को संचारी रोग नियंत्रण का शुभारंभ किया। इन कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के विभागों के साथ भारत सरकार और यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ जैसी संस्थाओं का योगदान रहा।

### वेक्टर कंट्रोल वाहनों का भी किया फ्लैग ऑफ

स्कूल चलो अभियान-2023 और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत के साथ ही शनिवार को सीएम योगी ने लोकभवन में वेक्टर कंट्रोल वाहनों का भी फ्लैग ऑफ किया। सीएम योगी के फ्लैग ऑफ करते ही ये वेक्टर कंट्रोल वाहन अपने गंतव्यों की ओर रवाना हो गए। उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### हरियाणा हॉकी अकादमी ने मुकाबला जीता

**लखनऊ।** हरियाणा हॉकी अकादमी और साई बीएएल टीम ने खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग (अंडर-21, चरण 2) के चौथे दिन अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। दिन के पहले मैच में हरियाणा हॉकी अकादमी ने एचआईएम हॉकी अकादमी को 7-3 से हराया। हरियाणा टीम की तरफ से भतेरी, पूजा, सीमा और शशि खाशा ने गोल किये। एचआईएम हॉकी अकादमी की तरफ से शुभम, सिमरनजीत कौर और रजनी ने गोल किये। दिन के आखिरी मैच में साई बीएएल टीम ने सेल्यूट हॉकी अकादमी को 9-0 से पीटा। विजेता टीम की तरफ से कप्तान प्रियंका, ऋतु देवी लैशराम, सीमा आनंदराव पवार, नीलम कच्छप और डेचम्मा पीजी ने गोल दागे।

### मुंबई इंडियंस ने बेंगलुरु में अपना अभ्यास शुरू किया

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शुरुआत रविवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से करेगा। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी शुक्रवार को ही बेंगलुरु पहुंच गए थे और उन्होंने शाम को स्टेडियम में अपना अभ्यास सत्र किया। अभ्यास सत्र में कप्तान रोहित शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, जोफ्रा आर्चर और अन्यों ने हिस्सा लिया। जसप्रीत बुमराह की जगह टीम में शामिल किये गए संदीप वारियर भी टीम से जुड़ गए हैं और कोचों से बातचीत के बाद उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी सत्र किया।

### फुटबॉल रेफरी के लिए पीएफआई एक्सपोजर कोर्स सम्पन्न

**नई दिल्ली।** लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एलएनआईपीई), ग्वालियर में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा रेफरी के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रोजेक्ट फ्यूचर इंडिया (पीएफआई) एक्सपोजर कोर्स गुरुवार, 30 मार्च, 2023 को सम्पन्न हुआ। पूरे भारत से 29 प्रतिभागियों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया। यह कोर्स तीन प्रशिक्षकों - रिजवान उल हक (दिल्ली), मुर्गथ जी (कर्नाटक) और नजीर अहमद (जम्मू-कश्मीर) के देखरेख में आयोजित किया गया था।

### मियामी : फाइनल में पहुंची क्वितोवा

**मियामी।** पेट्रा क्वितोवा ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया पर 7-5, 6-4 से जीत के साथ अपने करियर में पहली बार मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में क्वितोवा का सामना एलेना रायबाकिना से होगा। इस सप्ताह अपने 99वें डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में खेल रही क्वितोवा ने इससे पहले कभी भी मियामी में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ी थी। क्वितोवा शनिवार को अपने करियर के 13वीं फाइनल में अपने नौवें कैरियर डब्ल्यूटीए 1000 खिताब के लिए रायबाकिना का सामना करेंगी।

# ऋतुराज एक शानदार प्रतिभा है : फ्लेमिंग

**एजेंसी। अहमदाबाद**

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रमुख कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ की सराहना करते हुए कहा है कि वह एक शानदार प्रतिभा है इसलिए टीम थिंक टैंक उन्हें ऊंचे स्तर पर रखता है। गायकवाड़ ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिछले चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ 50 गेंदों पर 92 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपना अर्धशतक 23 गेंदों में पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में नौ छक्के लगाए। स्मिथ ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहाः वह (ऋतुराज) एक अद्भुत प्रतिभा है। हम उन्हें ऊंचे



स्तर पर रखते हैं और हमारा मानना है कि वह क्लास प्लेयर हैं। उनके पास ताकत है, उनके पास टच है और उनके साथ अच्छी चीजें ही होंगी। गायकवाड़ के शानदार प्रयास के बावजूद चेन्नई 178 रन ही बना सकी और गुजरात ने पांच विकेट शेष रहते जीत हासिल कर ली।

फ्लेमिंग ने कहाः हम उनकी शानदार पारी का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने 12वें से 16वें ओवर तक अच्छी गेंदबाजी की और हम अंत में फाइनल पुश नहीं लगा पाए। लेकिन 180 अच्छा स्कोर था। ओवरऑल मैं सकारात्मकता और आक्रामकता पसंद करता हूं और किसी अन्य दिन हम 200 बना सकते थे। गायकवाड़ को गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या की भी सराहना मिली। हार्दिक ने कहाः वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे उससे ऐसा लग रहा था कि चेन्नई 220-230 का स्कोर बनाएगी। हमें गायकवाड़ को गेंदबाजी करने में परेशानी हो रही थी, क्योंकि वह आलराउंड क्रिकेटर हैं और क्रिकेटिंग शॉट्स खेलते हैं।

# गावस्कर, भज्जी ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के 2023 संस्करण में जब से 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को शुरू करने की घोषणा की है इसने सभी का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। आईपीएल 2023 के गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच उद्घाटन मैच में एक चीज सभी के दिमाग में थी कि टीमें किस तरह इसका इस्तेमाल करेंगी और कौन इम्पैक्ट खिलाड़ी बनेगा। आईपीएल में टीमें इसके इस्तेमाल के बारे में सोच रही हैं, लेकिन इस बीच विशेषज्ञों ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हरी झंडी दिखा दी है।

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि टीमों को इस नए नियम से अभ्यस्त होने में समय लग सकता है। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहाः आपको नए नियमों को समझने और नयी खेल शर्तों से अभ्यस्त होने में कुछ समय लगेगा। यह आईपीएल 2023 में सभी दस टीमों के साथ है। उन्हें इसे समझने में कुछ समय लगेगा।

इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने इस नए नियम के लिए आईपीएल के थिंक टैंक की सराहना की।

उन्होंने कहाः यह अनूठी पहल है। अब आप एक खिलाड़ी को उस खिलाड़ी से बदल सकते हैं जो आपको लगता है कि उपयुक्त नहीं है और उस खिलाड़ी को ला सकते हैं जो मौजूदा खेल परिस्थितियों में प्रभाव डाल सकता है। इसलिए बीसीसीआई सराहना की पात्र है, क्योंकि यह एक अच्छा नियम है।

## आईपीएल : केकेआर के लिए बारिश बनी खलनायक

# पंजाब ने 7 रनों से पीटा



**एजेंसी। मोहाली**

पंजाब किंग्स ने बारिश से बाधित अपने पहले मुकाबले में कोलकाता नाउट राइडर्स (केकेआर) को डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 7 रनों से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। इस मैच में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 191 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 16 ओवर में 7 विकेट पर 146 रन बनाए थे, तभी बारिश आ गई। जिस समय बारिश आई केकेआर की टीम डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 7 रन से पीछे थी और बारिश के कारण खेल दोबारा न शुरू होने पर पंजाब को 7 रन से विजेता घोषित कर दिया गया।

191 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की टीम मे वरुण चक्रवर्ती के स्थान पर वेंकटेश अय्यर और पंजाब ने भानुका राजपक्षा की जगह ऋषि धवन को बतौर इम्पैक्ट प्लेयर के रुप में उतारा। केकेआर की शुरुआत खराब रही और 4.2 ओवर में 29 के कुल स्कोर पर मनदीप सिंह (02), अनुकूल रॉय (04) और रहमानुल्लाह गुरबाज (22) पवेलियन लौट गए। मनदीप और अनुकूल को अर्शदीप सिंह ने और गुरबाज को नाथन एलिस ने अपना शिकार बनाया।

इसके बाद वेंकटेश अय्यर और कप्तान नीतीश राणा टीम का स्कोर 50 के पार ले गए, इस जोड़ी को सिंकदर रजा ने तोड़ा। उन्होंने कप्तान नीतीश राणा को राहुल चाहर के हाथों कैच आउट कराया। राणा ने 17 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्के की बदौलत 24 रन बनाए। राणा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए रिंकू सिंह कुछ खास नहीं कर सके और केवल 4 रन बनाकर राहुल चाहर का शिकार बने।

रिंकू के आउट होने के बाद आंद्रे रसल और अय्यर ने तेज बल्लेबाजी की खासकर रसल ने पंजाब के गेंदबाजों की धुनाई शुरू कर दी। हालांकि, वह अपनी पारी को ज्यादा दूर नहीं ले जा सके और सैम करन का शिकार बने। रसल ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 35 रन बनाए। रसल के आउट होने के बाद अय्यर भी तेजी से रन बनाने के चक्कर में अर्शदीप सिंह का तीसरा शिकार बने। अय्यर ने 28 गेंदों में 3 चौके और 1 छक्के की बदौलत 34 रन बनाए। इसके बाद शार्दुल ठाकुर और सुनील नरेन ने आते ही छक्के लगाए। हालांकि, 16 ओवर के बाद, जब केकेआर का स्कोर 7 विकेट पर 146 रन था तभी बारिश आ गई। उस समय शार्दुल 3 गेंदों पर 1 छक्के की बदौलत 8 और नरेन 2 गेंदों पर 1 छक्के की बदौलत 7 रन बनाकर नाबाद थे। जब बारिश आई उस दौरान डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर केकेआर की टीम 7 रन पीछे थी।

### केकेआर ने गेंदबाजी का किया फैसला

**इससे** पहले इस मैच में केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंजाब को कप्तान शिखर धवन और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरूआत दिलाई, खासकर प्रभसिमरन ने काफी तेज बल्लेबाजी की और 1.5 ओवर में 23 रन जोड़ दिये। हालांकि, दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर वह टिम साउदी का शिकार बने। प्रभसिमरन ने 12 गेंदों पर 2 चौके और दो छक्कों की बदौलत 23 रन बनाए। इसके बाद धवन और भानुका राजपक्षा ने दूसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में 109 के कुल स्कोर पर राजपक्षा को उमेश यादव ने अपना शिकार बनाया। राजपक्षा ने 32 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्के की बदौलत 50 रन बनाए। यह आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक था।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले वार्नर हासिल कर लेंगे फॉर्म : रॉस टेलर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी लीजेंड रॉस टेलर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर अपनी फॉर्म फिर हासिल कर लेंगे और जून में भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की अंतिम एकादश में जगह बना लेंगे। वार्नर आईपीएल के 2023 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी संभल रहे हैं। वार्नर टीम को जीत दिलाने के अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने पर भी जोर लगाएंगे। वार्नर का इंग्लैंड में टेस्ट औसत केवल 26.04 है। उन्होंने हाल में भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में तीन पारियों में सिर्फ 26 रन बनाये थे। वह शेष दौरे में नहीं खेल पाए थे। टेलर के हवाले से आईसीसी ने कहाः डेवी ने काफी क्रिकेट खेली है। वह 100 से ज्यादा टेस्ट खेल चुके हैं। आप इन खिलाड़ियों को थोड़ी जगह दीजिये तो ये भी युवाओं जैसा प्रदर्शन करेंगे। वह सारी दुनिया में खेले हैं और सफलता हासिल की है और मुझे विश्वास है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम भी उनका समर्थन करेगी। उन्होंने कहाः यदि वह आईपीएल में रन बनाते हैं और दिल्ली का आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं तो इससे उन्हें डब्लूटीसी फाइनल और एशेज के लिए आत्मविश्वास मिलेगा।

# भारतीय महिला टीम ग्रुप स्टेज से बाहर



**एजेंसी। सिंगापुर**

भारतीय महिला 33 बास्केटबॉल टीम फीबा 33 एशिया कप 2023 के मुख्य ड्रॉ के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए शीर्ष दो में रहने की आवश्यकता थी, लेकिन टीम अपने दोनों पूल डी मैच हार गई और पूल डी में तीसरे स्थान पर रही। भारतीय टीम को दुनिया के 21वें नंबर के थाईलैंड से 16-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए रसप्रीत सिद्धू, पुष्पा सेंथिल कुमार, धर्शिनी थिरुनावुक्करासु और काव्या सिंगला ने एक-एक अंक बनाए।

दूसरे मैच में रसप्रीत सिद्धू की मदद से भारतीय महिलाओं ने काफी बेहतर आक्रामक प्रदर्शन किया, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था और उन्हें दुनिया की 56वें नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया से 21-11 से हार का सामना करना पड़ा। बैक-टू-बैक हार का मतलब था कि भारत दो हार के साथ अपने पूल में सबसे नीचे था। पूल डी के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने थाईलैंड को हराया और ग्रुप में शीर्ष पर रहा।



## इस सत्र में शुभमन गिल बना सकते हैं 600 रन : पार्थिव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस ने 2023 आईपीएल में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए चार बार के विजेता चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। चेन्नई के लिए ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 गेंदों में चार चौकों और नौ छक्कों की मदद से 92 रन बनाये जिसकी बदौलत चेन्नई ने स्कोर बोर्ड पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। गुजरात ने शुभमन गिल के 36 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से बने 63 रन की बदौलत अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में लक्ष्य को हासिल कर लिया। गुजरात के राशिद खान को उनके आलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। राशिद अली ने मोईन अली और बेन स्टोक्स के महत्वपूर्ण विकेट लिए और तीन गेंदों में नाबाद 10 रन बनाये। जियोसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने गायकवाड की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहाः ऐसा लग रहा था कि गायकवाड़ टीम के अन्य बल्लेबाजों के मुकाबले एक अलग ही विकेट पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। जियोसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने गायकवाड़ के नौ छक्के मारने की सराहना करते हुए कहाः हम उन्हें छक्के मारने से जोड़कर नहीं देखते हैं, लेकिन पारी में नौ छक्के मारना अद्भुत है। उन्होंने पूरी तरह क्लीन हिटिंग की। पटेल ने गुजरात की जीत की सराहना करते हुए कहाः शुभमन गिल के लिए यह सत्र जबरदस्त होगा। गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत शानदार ढंग से की। रिद्धिमान साहा को पहले छह ओवर में अपने शॉट खेलने का लाइसेंस मिला हुआ था। इस विकेट पर लक्ष्य औसत से कम था, इसलिए अच्छी शुरुआत जरूरी थी।

# मियामी ओपन : सिनर ने अल्काराज को हराया

### सेमीफाइनल में हराकर खत्म की नंबर एक खिलाड़ी की बादशाहत

### सर्बिया के नोवाक जोकोविच फिर से बन जाएंगे नंबर एक खिलाड़ी

**एजेंसी। अमेरिका/मियामी**

इटली के जानिक सिनर ने कार्लोस अल्काराज को मियामी ओपन के सेमीफाइनल में हराकर स्पेनिश खिलाड़ी की नंबर एक रैंकिंग पर बादशाहत खत्म कर दी। सिनर ने अल्काराज को पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए 6-7(4), 6-4, 6-2 से हराया और फाइनल में जगह बना ली। इस हार के साथ अल्काराज का एटीपी रैंकिंग में नंबर एक स्थान भी छिन गया। अब सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में सर्बिया के नोवाक जोकोविच फिर से नंबर एक बन जाएंगे। इस जीत से सिनर ने दो सप्ताह पहले अल्काराज से इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुका लिया। सिनर इस तरह अपने दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे हैं। उनके दोनों फाइनल मियामी में आये हैं।

सिनर ने मैच में अल्काराज के 22 विनर्स के मुकाबले 28 विनर्स लगाए और 25 नेट अंकों में से 16 जीते। सिनर की अल्काराज के खिलाफ यह पहली जीत है। इतालवी खिलाड़ी ने अल्काराज के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 3-3 कर लिया है। उन्होंने अलकाराज का 10 मैचों और 21 सेटों का विजय क्रम समाप्त किया।



## संशय : केन विलियमसन को कैच पकड़ने की कोशिश में लगी चोट

# आईपीएल 2023 में आगे खेलना संदिग्ध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मौजूदा आईपीएल में आगे खेलना संदिग्ध हो गया है। विलियमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान बांउड्री पर रुतुराज गायकवाड़ का कैच पकड़ने की कोशिश में उनके दाएं घुटने में चोट लग गई थी। सीएसके की पारी के दौरान 13वें ओवर में गायकवाड़ ने हवाई शॉट खेला। लांग आन पर फील्डिंग कर रहे विलियमसन ने हवा में उछलकर कैच पकड़ा और फिर गेंद के बाहर फेंककर बांउड्री के बाहर गिर गए और उनके घुटने पर चोट लगी। इसके बाद वह लंगड़ाकर मैदान से बाहर चले गए। उनकी चोट कितनी गंभीर है, इसका अभी पता नहीं चला है। हालांकि, लेकिन शुक्रवार की रात जो देखा गया, उसे देखते हुए यह मामूली चोट नहीं लग रही थी। ऑन-फील्ड उपचार प्राप्त करने के बाद विलियमसन मैदान से बाहर चले गए और फिर बी साईं सुदर्शन इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत उनके स्थान पर प्लेइंग इलेवन में शामिल हुए।



टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उन्हें नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है। उन्होंने कहाः निश्चित रूप से यह घुटने की चोट है, लेकिन मेरे पास इस बारे में कोई अपडेट नहीं है कि वास्तव में क्या हुआ है। मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है और इसे ठीक होने में कितना समय लगेगा। ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन की चोट राष्ट्रीय टीम के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने कहाः मैंने अभी उसे मैसेज किया था। वह (विलियमसन) स्कैन के लिए गया है, एक बार जब वह स्कैन और डॉक्टरों की जांच (उस पर) के बाद वापस आएगा, तब ही हम जान पाएंगे कि यह वास्तव में क्या है।

विलियमसन के बाहर होने की स्थिति में टाइटन्स स्टीव स्मिथ और दासुन शनाका में से किसी एक को टीम में शामिल कर सकता है। स्मिथ वर्तमान में आईपीएल में कमेंट्री कर रहे हैं। स्मिथ और शनाका दोनों इस साल की शुरुआत में आईपीएल नीलामी में नहीं बिके थे। विलियमसन 2015 से सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेले थे और 2018 और 2022 में पूरी तरह से और 2019 और 2021 में आंशिक रूप से हैदराबाद की कप्तानी की थी।



# गूगल ने विंडोज के लिए नियरबाय शेयर बीटा किया लॉन्च



**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

टेक दिग्गज गूगल ने बीटा एप्लिकेशन के रूप में विंडोज के लिए अपना नियरबाय शेयर लॉन्च किया है जो उपयोगकताओं को अपने एंड्रॉइड डिवाइस और पीसी के बीच फाइल ट्रांसफर करने में मदद करेगा। 9टु5गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, विंडोज ऐप के लिए नियरबाय शेयर बीटा वर्तमान में विंडोज 10 के लिए एंड्रॉइड.कॉम से सीधे डाउनलोड के रूप में उपलब्ध है और 'एआरएम डिवाइस समर्थित नहीं हैं।' उपयोगकताओं के पीसी पर, ब्लूटूथ और वाई-फाई चालू होना चाहिए, जिसमें कंपनी उपकरणों के बीच 16-फुट (5-मीटर) ट्रांसफर रेंज निर्दिष्ट करती है। यह उपयोगकताओं को आपके एंड्रॉइड डिवाइस और विंडोज पीसी के बीच फोटो, वीडियो, दस्तावेज, ऑडियो फाइलें या संपूर्ण फोल्डर को जल्दी से स्थानांतरित करने की अनुमति देता है।₹ टेक दिग्गज के अनुसार, यह उन यूजर्स के लिए मददगार होगा जो 'अपनी तस्वीरों को बड़ी स्क्रीन पर एडिट करना चाहते हैं या अपने डिजिटल फोल्डर को व्यवस्थित करना चाहते हैं।' रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में यह बीटा अमेरिका और चुनिंदा क्षेत्रों में रिलीज हो रहा है। इस बीच, पिछले साल दिसंबर में टेक दिग्गज ने एंड्रॉइड फोन और टैबलेट पर अपने नियरबी शेयर ऐप के लिए नया मटीरियल यू डिजाइन किया था। आप जिस सामग्री को सुधारते हैं, उसमें मुख्य यूआई उपयोगकताओं के साथ नियरबाय शेयर ऐप पर इंटरैक्ट करने वाले विजुअल परिवर्तन जोड़े गए हैं। आप जिस सामग्री को सुधारते हैं, उसमें मुख्य यूआई उपयोगकताओं के साथ नियरबाय शेयर ऐप पर इंटरैक्ट करने वाले विजुअल परिवर्तन जोड़े गए हैं।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर 92 रुपये हुआ सस्ता




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने नए वित्त वर्ष 2023-24 के पहले दिन आम आदमी को बड़ी राहत दी है। तेल कंपनियों ने कमर्शियल गैस के दाम में कटौती की है। इस कटौती के बाद कमर्शियल गैस 92 रुपये प्रति सिलेंडर तक सस्ती हो गई है। हालांकि 14.2 किलो वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। नई दरें आज (शनिवार) से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल के वेबसाइट के मुताबिक राजधानी दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर अब 2028 रुपये में मिलेगा। पहले इसकी कीमत 2119.50 रुपये थी। कोलकाता में 2132 रुपये में मिलेगा, जो पहले 2221.50 रुपये में मिल रहा था। मुंबई में इसका दाम घटकर 1980 रुपये हो गया है, जो पहले 2071.50 रुपये था। चेन्नई में यह 2268 रुपये की जगह 2192.50 रुपये में मिलेगा।

## ओएलईडी स्क्रीन का उत्पादन कर रहा सैमसंग

**सैन फ्रांसिस्को।** टेक दिग्गज सैमसंग ने एप्पल की अपकमिंग मैकबुक एयर अल्ट्राबुक के लिए ओएलईडी पैनल विकसित करना शुरू कर दिया है। मीडिया ने यह जानकारी दी। सैममोबाइल की रिपोर्ट के अनुसार, एलजी एप्पल के अपकमिंग आईपैड के लिए 11 इंच और 13 इंच की ओएलईडी स्क्रीन का उत्पादन कर रहा है, लेकिन इसमें अन्य डिवाइस के लिए बड़े डिस्प्ले बनाने की क्षमता नहीं है। इसलिए, सैमसंग डिस्प्ले ने मौके का फायदा उठाया और मैकबुक एयर के लिए 13.3 इंच के ओएलईडी पैनल विकसित करना शुरू कर दिया। इससे पहले एनालिस्ट मिंग ची-कुओ ने दावा किया था कि डिस्प्ले वाला मैकबुक अगले साल के अंत तक जारी किया जाएगा।

## आईबीएम स्पिनऑफ किंड्रिल कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** आईटी अवसंरचना सेवा प्रदाता किंड्रिल, तकनीकी प्रमुख आईबीएम का एक उपोत्पाद, वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। सीआरएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 के अंत में आईबीएम से बाहर हुए किंड्रिल में लगभग 90,000 कर्मचारी हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, ₹हम अधिक कुशल और प्रतिस्पर्धी बनने के लिए विश्व स्तर पर कुछ कर्मचारियों को निकाल रहे हैं। यह हमारी प्रक्रियाओं और प्रणालियों को सुव्यवस्थित और सरल बनाने के लिए किए गए चल रहे परिवर्तन कार्य के अतिरिक्त है।₹ प्रवक्ता ने कहा, ₹इन कार्रवाइयों से हमें उन क्षेत्रों में अपने निवेश पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी जो हमारे ग्राहकों को सीधे लाभ पहुंचाते हैं और किंड्रिल को लाभदायक विकास के लिए स्थिति में लाते हैं।

## मार्च में 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** देश में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी कलेक्शन से सरकार की झोली भर गई है। मार्च 2023 में जीएसटी का संग्रह काफी अच्छा रहा है। मार्च 2023 में देश का जीएसटी संग्रह 1,60,122 करोड़ रुपये का रहा है। ये जीएसटी के इतिहास का अब तक का दूसरा सबसे बड़ा कलेक्शन है। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन के लिहाज से बीते वित्त वर्ष का आखिरी महीना काफा शानदार रहा है। ये देश में जीएसटी के इतिहास का अब तक का दूसरा सबसे बड़ा राजस्व संग्रह है और अप्रैल 2022 के बाद से दूसरे स्थान का सर्वाधिक बड़ा जीएसटी कलेक्शन साबित हुआ है। मार्च 2023 के जीएसटी कलेक्शन में ये खास बात है कि लगातार 14 महीनों से ये 1.4 लाख करोड़ रुपये के ऊपर बना हुआ है। वहीं जब से जीएसटी देश में लागू किया गया है तब से ये दूसरा ऐसा मौका है जब जीएसटी संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का रहा हो। साल दर साल आधार पर जीएसटी रेवेन्यू में 13 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# प्रीमियम प्रोडक्ट्स की डिमांड बढ़ी

## टीवी, फ्रिज, लैपटॉप, फोन, जूते 18 तक महंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अब लोग प्रीमियम प्रोडक्ट्स ज्यादा खरीद रहे हैं। देश के ज्यादातर ग्राहक फीचर-रिच प्रोडक्ट्स पसंद कर रहे हैं। इसकी वजह से एक साल में टीवी, फ्रिज, लैपटॉप, स्मार्टफोन और जूते जैसे प्रोडक्ट्स के औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) 18% तक बढ़ गए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ये ग्रोथ एंट्री से मिड-लेवल सेगमेंट के उन प्रोडक्ट्स की बिक्री बढ़ने का नतीजा है, जो अपनी-अपनी श्रेणियों की कुल बिक्री में 70-80% हिस्सेदारी रखते हैं। रिसर्च फर्म आईडीसी के मुताबिक, 2022 में स्मार्टफोन का एएसपी 18% बढ़कर 18,450 रुपए हो गया। 41,200 रुपए से ज्यादा दाम के फोन की ग्रोथ सबसे अधिक रही। जीएफे इंडिया के मुताबिक, लैपटॉप की औसत कीमत 9%, टीवी की 4% और अप्लायंसेस की 4-6% बढ़ी है। बाटा इंडिया के मुताबिक, 2,000 रुपए एएसपी वाले स्नीकर्स, हश पपीज के 4,000 रुपए एएसपी वाले जूते व कोमफिट के 2,100 रुपए एएसपी वाले जूतों की बिक्री बढ़ी है। दूसरी तरफ दिसंबर तिमाही की कुल बिक्री में 1,000 रुपए से कम कीमत वाले प्रोडक्ट्स की बिक्री 10% घटी है। जीएफके इंडिया के हेड ऑफ मार्केट इंटेलिजेंस के अनंत जैन बताते हैं कि आम लोग प्रीमियम प्रोडक्ट्स पसंद कर रहे हैं। सुविधा के साथ ही फीचर-रिच प्रोडक्ट्स की डिमांड बढ़ी है। ये खरीदारी के पैटर्न में आ रहे बदलाव का संकेत है। अपैरल और फैशन में भी प्रीमियम प्रोडक्ट्स को तरजीह दी जा रही है।

## होंडा एसपी 125 भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपडेटेड होंडा एसपी125 को भारत में लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने 125सीसी की प्रीमियम कम्यूटर मोटरसाइकिल में फुली डिजिटल मीटर और बीएस6 फेज-2 के नए एमिशन नॉर्म्स के अनुसार ओबीडी-2 कंप्लाइंट इंजन दिया है। बाइक ई-20 पेट्रोल पर भी दौड़ेगी। कंपनी ने बाइक को दो वैरिएंट में पेश किया है। इसके अलॉय व्हील्स के साथ फ्रंट ड्रम ब्रेक वैरिएंट की कीमत 85,131 रुपए है और अलॉय वैरिएंट वाले फ्रंट डिस्क ब्रेक की कीमत 89,131 रुपए है, सभी कीमतें एक्स-शोरूम दिल्ली हैं। 125सीसी कम्यूटर मोटरसाइकिल सेग्मेंट में होंडा एसपी का मुकाबला हीरो ग्लेमर, हीरो सुपर स्प्लेंडर, होंडा शाइन, टीवीएस राइडर आदि से होगा। बाइक इपीरियल रेड मैटेलिक, ब्लैक, मैट एक्सिस ग्रे मैटेलिक, पर्ल सायरन ब्लू, और मैट मार्वल ब्लू मैटेलिक कलर ऑप्शन के साथ आती है। बाइक में 123.94 का सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड, फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन दिया गया है, जो 10.7 बीएचपी की पावर और 10.9 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इस इंजन को 5-स्पीड मैन्युअल गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। होंडा एसपी 125 के साथ एक नया मैट मार्वल ब्लू मैटेलिक पेंट स्कीम और वाइडर 100 एमएम रियर टायर भी दिया गया है।

## सोन-चांदी की कीमतों में आई शानदार तेजी



**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सरार्फा बाजार में इस हफ्ते की शुरूआत, यानी 27 मार्च को सोना 59,003 रुपए पर था जो अब 1 अप्रैल को 59,751 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 748 रुपए बढ़ी है। सोना इस समय अपने ऑल टाइम हाई पर है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,002 रुपए बढ़ी है। आज से सिर्फ छह डिजिट वाले हॉलमार्क सोने के आभूषणों की बिक्री होगी।

## ओडिसी वेडर इलेक्ट्रिक बाइक भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** मुंबई बेस्ड स्टार्टअप ओडिसी इलेक्ट्रिक ने इंडियन मार्केट में अपनी इलेक्ट्रिक बाइक वेडर लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे अहमदाबाद में 1.10 लाख रुपए के एक्स-शोरूम प्राइज पर पेश किया है। जिसे कंपनी ऑफिशियल वेबसाइट और डीलरशिप के जरिए पूरे भारत में अवेलेबल करा रही है। ओडिसी वेडर में 3000 वॉट का इलेक्ट्रिक मोटर दिया गया है, जिसकी टॉप स्पीड 85केएमपीएच है। यह बाइक 3.7 'एआइएस 156 अप्रूव लिथियम-आयन बैटरी पैक के साथ आती है। कंपनी का दावा है कि ये बैटरी 4 घंटे में फुल चार्ज हो जाती है, जो सिंगल चार्ज में 125किमी. का रेंज देती है। इस इलेक्ट्रिक बाइक में तीन राइडिंग मोड्स मिलते हैं। ओडिसी वेडर इलेक्ट्रिक बाइक में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ 7.0 इंच का एंड्रॉइड डिस्प्ले मिलता है, जिसमें गूगल मैप नेविगेशन फीचर मिलता है। साथ ही, इसमें ऐप बाइक लोकेटर, इमोबिलाइजेशन, एंटी-थेफ्ट, ट्रैक एंड ट्रेस, लो बैटरी अलर्ट के साथ कई फीचर्स मिलते हैं। बाइक में कम्बाइन्ड ब्रेकिंग सिस्टम के साथ के दोनों व्हील्स पर ड्रिस्क ब्रेक दिया गया है।

# पेज एक के शेष

### उमंग और तरंग...

रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ट्रेन के कोच में जाकर स्कूली बच्चों से बातचीत की। उन्होंने ड्राइविंग कैब के क्रू मेम्बर्स से भी संवाद किया। वंदे भारत एक्सप्रेस पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश निरंतर विकास की गाथाएं लिख रहा है। खेती, उद्योग, गरीबों के लिए घर, हर घर जल से नल, गेहूं उत्पादन आदि अनेक क्षेत्रों में प्रदेश अग्रणी है। पहले बीमारू कहा जाने वाला राज्य आज हर क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। हमें विकसित भारत में मध्य प्रदेश की भूमिका को और बढ़ाना है। नई वंदे भारत ट्रेन इसी संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मिली है। ये ट्रेन प्रोफेशनल्स, नौजवानों, कारोबारियों के लिए नई सुविधा लेकर आएगी। भारत अब नई सोच, नई अप्रोच के साथ काम कर रहा है। बीते नौ वर्षों से हमारा निरंतर ये प्रयास है कि भारतीय रेल दुनिया का श्रेष्ठ नेटवर्क बने।

### 100 करोड़ के...

कोरोना हो गया है। वह रिम्स में भर्ती हैं, डॉक्टर ने क्वारंटीन रहने की हिदायत दी है। इसलिए सरेंडर करने के लिए समय दिया जाए। संजय तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने पैसे जमा कराने की शर्त पर दो दिन की अंतरिम जमानत प्रदान की थी। यह अवधि 24 मार्च को खत्म हो चुकी थी, लेकिन 24 मार्च को कोर्ट में अवकाश रहने के कारण 25 मार्च को सरेंडर करना था। लेकिन दुबारा जेल जाने से बचने के लिए संजय कुमार तिवारी ने कोविड का फर्जी सर्टिफिकेट बनवा लिया। मामला सामने आने के बाद ईडी ने एक बार फिर से कोर्ट से संजय तिवारी के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट हासिल किया है। अब ईडी किसी भी समय संजय तिवारी को गिरफ्तार कर सकती है।

### अकारण नहीं है...

कर रहा है, लेकिन लोगों में उसकी विश्वसनीयता लगातार कम हो रही है। आज मीडिया के बहुत सारे रूप हैं। मनोरंजन को छोड़ दीजिए, तो रेडियो ज्यादा लोग सुनते नहीं, टीवी देखते नहीं, अखबार पढ़ते नहीं। अगर यह सब करते भी हैं, तो ये माध्यम उनके मन में कोई सकारात्मकता जगा पाने में सफल नहीं हो पाते। जबकि कालांतर में ऐसे असंख्य अवसर आए हैं, जब मीडिया ने अपने सामाजिक और लोकतांत्रिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया है। विश्वसनीयता के मामले में पत्रकारिता को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक, 21वीं सदी के आरंभ से पहले की पत्रकारिता और दूसरी इसके बाद की पत्रकारिता। पहले वर्ग में वह पत्रकारिता आती है जो समाज के लिए जयप्रकाश नारायण और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे नायकों को मजबूती प्रदान करती थी, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती थी, जनहित के लिए सत्ता की नाक में दम किए रहती थी। दूसरी पत्रकारिता वर्ष 2000 से बाद की पत्रकारिता है, जिसमें सनसनी है, स्टिंग हैं, मीडिया ट्रायल हैं, टीआरपी है, प्रायोजित यात्राएं हैं, निहित स्वार्थ हैं। अगर कुछ नहीं है, तो समाज का विश्वास। अब कोई मीडिया की ओर नहीं देखता। लोग उससे कोई उम्मीद नहीं रखते, उस पर भरोसा नहीं करते। उनके लिए मीडिया पर प्रसारित सामग्री मनोरंजन की चीज बन चुकी है। हालांकि, अखबार अभी इस स्थिति तक नहीं पहुंचे हैं, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ इसी राह पर रहे हैं। इसकी दूसरी वजह पिछले दस-पंद्रह सालों में वैकल्पिक मीडिया या डिजिटल मीडिया का दिनोंदिन फैलता फलक हो सकती है। वैकल्पिक मीडिया ने आम लोगों को अपनी बात सामने रखने की ऐसी सहूलियत प्रदान की है, जिसने पारंपरिक संचार माध्यमों पर उनकी निर्भरता खत्म कर दी है। अब वे अपनी समस्याएं या चिंताएं लेकर अखबारों-टीवी चैनलों के चक्कर नहीं काटते बल्कि फेसबुक या ट्विटर पर पोस्ट करते हैं। क्योंकि इनमें उन्हें भरोसा रहता है कि अब उनकी बात बिना किसी बाधा या समस्या के उन तमाम लोगों तक पहुंच जाएगी, जिन तक पहुंचनी चाहिए। तीसरी वजह, खुद वह समाज है जो मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ठीक से न निभाने का दोषारोपण तो करता है, लेकिन कभी किसी संकट के समय उसके साथ खड़ा नजर नहीं आता। रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स के मुताबिक वर्ष 2003 से 2022 तक दो दशकों के दौरान दुनिया भर में 1668 पत्रकारों की हत्या हुई। यानि हर साल करीब 84 पत्रकार। इसके अलावा कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल एक दिसंबर तक 363 पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स की रिपोर्ट इनकी संख्या 533 बताती है। उनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया भर में इस साल 65 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को बंधक बनाकर रखा गया और 49 लापता हैं। अब आप याद कीजिए कि क्या कहीं आपने किसी देश, शहर या समाज में लोगों को इस बात के लिए इकट्ठा होकर कोई सामाजिक आंदोलन या धरना प्रदर्शन करते देखा है कि अमुक पत्रकार को जेल से रिहा किया जाए या अमुक पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए या अमुक पत्रकार, जिसका अर्से से कोई अता-पता नहीं है, उसका पता लगाया जाए। और तो और जिन लोगों के हित के लिए पत्रकारों ने अपनी जान जोखिम में डाली है, समाज उनके परिवार की मदद के लिए भी कभी खड़ा नजर नहीं आता। वही समाज जो पानी न आने पर सड़कें जाम कर देता है, किसी सैनिक के शहीद होने पर श्रद्धांजलि यात्राएं निकालता है। कहने का आशय यह है कि एक पत्रकार जब अपना फर्ज निभाते हुए मारा जाता है तो उसकी शहादत, उस समाज से भी बदले में कुछ चाहती है? जिसके लिए वह शहादत दी गई। बजाय इसके, हम उसके चरित्र पर सवाल उठाते हैं या उस पर हमले को जायज साबित करने की कोशिश करते हैं। कहने का आशय यह है कि अगर मीडिया और समाज के बीच विश्वास मिट रहा है, तो इसके लिए अकेले मीडिया को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आखिर मीडिया भी तो हमारे समाज का ही एक हिस्सा है, जैसा समाज हमने बीते कुछ दशकों में बनाया है, उसका असर मीडिया पर न पड़े, यह कैसे मुमकिन है। इसलिए अगर मीडिया के प्रति लोगों में, समाज में, विश्वास की पुनर्बहाली करनी है, तो दोनों स्तर पर प्रयास करना आवश्यक है। क्योंकि, ताली एक हाथ से नहीं बजती।

# विदेश

## अमेरिका के अरकंसास में बवंडर ने मचाई भारी तबाही

# 4 लोगों की मौत, दर्जनों घायल

**एजेंसी। अरकंसास**

अमेरिका में भीषण बवंडर और तूफान की आपदाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर से अमेरिका के लिटिल रॉक, अरकंसास और पड़ोसी शहरों में शुक्रवार को एक भयंकर बवंडर आया, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि कम से कम चार लोगों ने अपनी जान गंवा दी और दर्जनों घायल हो गए हैं। वहीं, बंवडर से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मकानों की दीवारें और छत गिर गई हैं। इसके अलावा बंवडर से खड़े वाहन पलट गए और पेड़ और बिजली के तार गिर गए। बंवदर से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दो बवंडर ने दक्षिणी अमेरिका के अरकंसास राज्य के कुछ हिस्सों को बुरी तरह प्रभावित किया। इससे राज्य की राजधानी लिटिल रॉक में विनाशकारी क्षति हुई। पुलास्की



काउंटी में आपातकालीन प्रबंधन कार्यालय ने कहा कि तूफान के बाद एक कई व्यक्तियों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस भीषण बंवडर से दर्जनों लोग मलबे में फंस गए थे। अरकंसास के गवर्नर सारा हुकाबी सैंडर्स ने देर रात समाचार सम्मेलन में बताया कि तूफान ने टेनेसी सीमा के पास लिटिल रॉक के पूर्व में लगभग 100 मील (160 किमी) विने में कम से कम दो लोगों की जान ले ली। तूफान के बाद हरकत में आए गर्वनर के कार्यालय ने राज्य में इमरजेंसी लगा दी। पुलिस ने कहा कि शहर के पश्चिमी छोर के कई इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। राजधानी से अरकंसास नदी के पार उत्तरी लिटिल रॉक के निकटवर्ती शहर में, बैपटिस्ट हेल्थ मेडिकल सेंटर ने तूफान से 11 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर थी। प्रशासक केविन बर्टन ने कहा कि पास के जैक्सनविले में यूनिटी हेल्थ अस्पताल के आपातकालीन विभाग में पांच से 10 अन्य मरीजों का इलाज किया गया। द वेदर चैनल द्वारा पोस्ट किए गए एरियल फुटेज में लिटिल रॉक का एक भारी क्षतिग्रस्त क्षेत्र दिखाया गया है, जिसमें कई घरों की छतें और दीवारें गायब हैं, जिनमें से कुछ ढह गए हैं, और सड़कों पर खड़े वाहन पलट गए।

## पेशावर में सिख दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान में पेशावर के गढ़ी अता मोहम्मद इलाके में एक अज्ञात हमलावर ने सिख दुकानदार की हत्या कर दी, पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने दयाल सिंह (35) पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एसपी सदर मलिक हबीब ने डॉन को बताया, हमलावर ने सिंह की दुकान के बाहर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की और पिस्टल से दो गोलियां चलाईं। सिंह के सिर और सीने में गोलियां लगीं। हबीब ने कहा कि मृतक मूल रूप से खैबर जिले की तिराह घाटी का रहने वाला था, लेकिन वह पेशावर के मोहल्ला जोगन शाह में रह रहा था। शहर पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि एसएसपी (ऑपरेशंस) हारून-उर-रशीद ने सिंह के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें बताया कि सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर ली गई है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## मिसाल: कच्छ बॉर्डर के पास चीन ने बनाए पावर प्लांट

# कोयले से 1600 मेगावाट बिजली बनायेंगे

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भारत से लगते सिंध प्रांत में कोयले के दो पावर प्लांट का उद्घाटन किया है। ये पावर प्लांट चीन के उढएउ प्रोजेक्ट यानी चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के तहत बनाए गए हैं। भारत के विरोध जताने के बावजूद चीन सीपीइसी में जमकर निवेश कर रहा है। दरअसल, सिंध के जिस इलाके थारपारकर में इन पावर प्लांट का उद्घाटन किया गया है वो गुजरात के कच्छ वाले इलाके से बिल्कुल सटा हुआ है। कच्छ से पाकिस्तान के थारपारकर की दूरी सिर्फ 133 किलोमीटर है। थारपारकर में पावर प्लांट का उद्घाटन करते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि ये दोनों देशों के बीच बढ़ती दोस्ती और मजबूत साझेदारी की मिसाल है। इस दौरान पाकिस्तान के विदेश




मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भी मौजूद थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक 1320 और 330 मेगावाट की कैपिसिटी वाले दोनों पावर प्लांट से पाकिस्तान में बिजली की कमी पूरी होगी। आर्थिक तंगी के चलते पाकिस्तान के लोगों को बार-बार ब्लैक आउट का सामना करना पड़ रहा है। चीन के बनाए पावर प्लांट से पाकिस्तान के करीब 40 लाख लोगों को बिजली मिलने का दावा किया गया है। पाकिस्तान के थारपारकर इलाके में बने पावर प्लांट की सैटेलाइट इमेज द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चीन के प्रोजेक्ट्स से भारत के पर्यावरण और सुरक्षा को खतरा है। थारपारकर में चीन कोल माइनिंग का काम भी शुरू करने वाला है। भारत के बॉर्डर से इसकी साइट की दूरी केवल 40 किलोमीटर है। प्रोजेक्ट के लिए लगभग 10 लाख पेड़ काटे गए हैं। जबकि इस इलाके में कई तरह के जीव और पौधे विलुप्त होने की कगार पर हैं।




## NEWS इन ब्रीफ

### इंडिगो क्रू मेंबर से छेड़छाड़ के आरोप में स्वीडिश यात्री गिरफ्तार

**मुंबई।** नशे में धुत एक स्वीडिश नागरिक को मुंबई पुलिस ने इंडिगो की बैंकॉक से मुंबई आ रही फ्लाइट में केबिन क्रू के साथ छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, क्लास एरिक हेराल्ड जोनास वेस्टबर्ग ने कथित तौर पर एक सह-यात्री के साथ मारपीट की और 6ए-1052 इंडिगो फ्लाइट में बीच हवा में हंगामा किया। सूत्रों ने दावा किया कि आरोपी यात्री ने उस समय अनियंत्रित व्यवहार करना शुरू कर दिया जब चालक दल के एक सदस्य ने उसे बताया कि विमान में खाना नहीं है।

### पाक की ड्रोन कोशिश को बीएसएफ ने जम्मू में किया नाकाम

**जम्मू।** जम्मू के रामगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर बीएसएफ ने एक ड्रोन गतिविधि का पता लगाया और प्रभावी ढंग से उसे खदेड़ दिया। बीएसएफ ने कहाः रामगढ़ के सामान्य क्षेत्र में आईबी पर रात करीब 12:15 बजे एक रोशनी देखी दी। सतर्क सैनिकों ने टिमटिमाती रोशनी की ओर फायरिंग की, जिसके कारण उसे वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इलाके की गहन तलाशी ली जा रही है।

### सांसद संजय राउत को जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर जान से मारने की धमकी मिली है। पार्टी पदाधिकारियों के मुताबिक, धमकी को लेकर राउत को शुक्रवार देर रात उनके मोबाइल पर एक व्हाट्स एप्प मैसेज मिला। मैसेज में चेतावनी दी गई थी कि राउत जब भी नई दिल्ली में दिखाई देंगे, उन्हें एके-47 रायफल से गोली मार दी जाएगी। राउत ने मुंबई पुलिस आयुक्त को सूचित किया। मामले की जांच की जा रही है।

### भूमि रिकॉर्ड में हेराफेरी 9 अधिकारी निलंबित

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर सिविल सेवा (एमसीएस) के दो अधिकारियों सहित 9 अधिकारियों को हाल ही में निलंबित कर दिया गया था और दो सेवानिवृत्त अधिकारियों को भूमि रिकॉर्ड हेरफेर से संबंधित कई मामलों में हिरासत में लिया गया था।

# देश के 40 प्रतिशत गांव खुले में शौच से हुए मुक्त : शेखावत

### इस साल 50 हजार गांवों को खुले में शौच से मुक्त कराने का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश में खुले में शौच की समस्या से निजात दिलाने का काम मिशन मोड में चल रहा है और अब तक 40 प्रतिशत गांवों को खुले में शौच की समस्या से मुक्त कराया जा चुका है। शेखावत ने यहां पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुले में शौच से मुक्ति का अभियान 2014 में शुरू किया था, तब कोई समझ भी नहीं पाया था कि यह अभियान किस तरह से चलेगा और कैसे सफल हो पाएगा, लेकिन मोदी ने घर-घर शौचालय का निर्माण करवाकर और हर स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्र में महिला तथा पुरुष शौचालय बनवाकर इस अभियान को स्वरूप दिया तो आज देश की लगभग आधी आबादी खुले में शौच की समस्या से मुक्ति की तरफ बढ़ रही है।


उन्होंने कहा कि देश में पांच लाख 94 हजार 240 गांव हैं, जिनमें से अब तक दो लाख 38 हजार 973 गांवों को खुले में शौच से मुक्त कर मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा चुका है। मॉडल गांव का मतलब समझाते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत यह टॉप श्रेणी के ऐसे गांव हैं, जहां खुले में शौच तथा गंदगी के निस्तारण की अन्य जरूरी व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं।

### स्वच्छता मिशन के लिए 52 हजार करोड़ रुपए का निवेश



**केंद्रीय** मंत्री ने कहा कि स्वच्छता मिशन के लिए 52 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है और इस साल 50 हजार गांवों को खुले में शौच से मुक्त कराने का लक्ष्य रखा गया है। उनका कहना था कि साल की शुरुआत से अब तक साढ़े सात प्रतिशत गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा चुका है। अंडमान, लक्षद्वीप, दमन एवं दीव के सभी गांव मॉडल गांव घोषित किये जा चुके हैं। बड़े राज्यों में तेलंगाना जल्द ही 100 प्रतिशत की तरफ बढ़ रहा है, जबकि तमिलनाडु में 96 प्रतिशत और कर्नाटक में करीब 94 प्रतिशत गांव खुले में शौच की समस्या से मुक्त हो चुके हैं। शेखावत ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 2022 में 18 प्रतिशत गांव खुले में शौच से मुक्ति के दायरे में थे, जो अब 80 प्रतिशत हो चुका है। मध्य प्रदेश छह से 62 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश दो प्रतिशत से करीब 50 प्रतिशत और मिजोरम 35 प्रतिशत तक खुले में शौच से मुक्ति के लक्ष्य को हासिल कर चुका है।

# शिक्षित इंसान कभी नहीं बोलेगा कि नाली के गैस से चाय बन सकती है : केजरीवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर उन पर सीधा हमला कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक बार फिर से प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का पढ़ा लिखा होना जरूरी है। केजरीवाल ने कहाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान विचलित करते हैं। पढ़ा-लिखा आदमी नाली से गैस निकालने की बात नहीं करेगा। बादल के पीछे राडार नहीं पकड़ पायेगा। ऐसा लगता है कि उन्हें विज्ञान के बारे में जानकारी नहीं है।

गुजरात हाईकोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा, 'गुजरात हाई कोर्ट का कल ऑर्डर आया कि लोग पीएम के एजुकेशनल क्वालिफि केशन की जानकारी नहीं ले सकते। इससे देश स्तब्ध है। किसी का पढ़ा-लिखा या अनपढ़ होना कोई गुनाह नहीं है। हमारे देश में गरीबी है, लोग घर की स्थितियों के कारण पढ़ नहीं पाते। कनाडा में प्रधानमंत्री ने ए प्लस बी को लेकर जो कहा वो सबने देखा। उन्होंने बच्चों से कहा कि क्लाइमेट चेंज कुछ नहीं है, जबकि यह हकीकत है, वहां बच्चे हंस रहे थे। ऐसे में संदेह होता है कि क्या प्रधानमंत्री पढ़े-लिखे हैं। प्रधानमंत्री को एक ही दिन में सैकड़ों फैसले लेने होते हैं। अगर वे पढ़े-लिखे नहीं होंगे तो अधिकारी उनसे कहीं भी दस्तखत करा लेंगे। जैसे नोटबंदी हुई, जीएसटी लागू हुआ, इनसे अर्थव्यस्था का बेड़ा गर्क हुआ, कृषि कानून ऐसे ही लाए गए। पिछले कुछ साल में साठ हजार स्कूल बंद कर दिए गए। यानी शिक्षा को तवज्जो नहीं दी जा रही है। अनपढ़ देश कैसे तरक्की करेगा। हाईकोर्ट के ऑर्डर ने प्रधानमंत्री के शिक्षा को लेकर और संशय बढ़ा दिया है। अगर डिग्री है और सही है तो दिखाई क्यों नहीं जा रही है। कुछ समय पहले अमित शाह ने एक डिग्री दिखाई थी। यह हो सकता है कि अहंकार में नहीं दिखा रहे हों। जनता के मन में दूसरा यह सवाल है कि हो सकता है डिग्री फर्जी हो।

## सुधांशु त्रिवेदी का तंजः बड़बोलेपन से केजरीवाल को कुछ हासिल नहीं होगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के मामले में बीजेपी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा है कि वो बहुत ही बड़बोले हैं और इससे उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इसके अलावा शराब घोटाले को लेकर अरविंद केजरीवाल को घेरा।

एक संवाददाता सम्मेलन में त्रिवेदी ने कहाः अब इन्हें कोई न कोई तो स्वांग रचना ही है, इसलिए विषय प्रधानमंत्री जी की डिग्री का नहीं, विषय इनके भ्रष्टाचार का था। उसे छिपाने के लिए यह स्वांग रचा। भारत में न्याय व्यवस्था पर भी विपक्ष सारी सीमाएं लांघ रहा है, आम आदमी पार्टी सभी सीमाएं लांघ रही है। विषय प्रधानमंत्री जी के डिग्री का नहीं है, बल्कि इनके करप्शन को छिपाने का तरीका था। भ्रष्टाचार के लिए केजरीवाल जिम्मेदार है। आम आदमी पार्टी वो पार्टी है जिसने फ्री की रेवड़ी बेवड़ों को बांटी। केजरीवाल पूरी तरह से विक्षिप्त हो गए हैं। कोर्ट से फटकार पा चुके है।

सुधांशु ने कहाः अरविंद केजरीवाल पूरी तरह से विक्षिप्त हो गए हैं। पता नहीं क्या-क्या उल्टा सीधा बोलते जा रहे हैं, निम्नता पर आ रहे हैं और कोर्ट से फटकार भी खा रहे हैं। उन्होंने जिस तरह की भाषा, शैली और भाव भंगिमा का इस्तेमाल किया है वो निम्नतम स्तर की है। हम साफ यह कहना चाहते हैं कि केजरीवाल जी, बहुत बड़बोले आप होंगे लेकिन बड़बोलेपन से कुछ हासिल नहीं होने वाला और बहुत ही निर्लज्जता आप दिखा रहे हैं और इससे भी आपको कुछ नहीं मिलने वाला।

# राहुल गांधी नैतिक रूप से भ्रष्ट हैं : हिमंता बिस्वा सरमा



**एजेंसी। गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नैतिक रूप से भ्रष्ट कहा है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के इतर मीडिया से बात करते हुए सरमा ने कहाः 2013 में जब राहुल गांधी ने एक आपराधिक मामले में दो या अधिक वर्षों के लिए सजा के बाद भी सांसदों को पद पर बने रहने की अनुमति देने की यूपीए सरकार की पहल का विरोध किया, तो हमने सोचा कि उनके पास उच्च नैतिक मूल्य हैं। हालांकि, सरमा के मुताबिक मौजूदा हालात इसके उलट कहानी बयां कर रहे हैं।

मनमोहन सिंह के अधीन यूपीए मंत्रिमंडल ने दो या अधिक वर्षों के लिए सजा के बाद भी सांसदों और विधायकों को पद पर बने रहने की अनुमति देने के लिए एक अध्यादेश लाया। उस समय यह राहुल गांधी थे जिन्होंने अध्यादेश को फाड़ दिया था और कहा था कि वह ऐसे मामलों में सांसदों की तत्काल अयोग्यता के पक्ष में हैं। असम के मुख्यमंत्री ने कहाः हालांकि अब आप स्थिति को देखें। राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी तत्काल अयोग्यता का विरोध करने के लिए मजबूर किया है। यह साबित करता है कि राहुल गांधी नैतिक रूप से भ्रष्ट व्यक्ति हैं।

# कांग्रेस करेगी केजरीवाल का घेराव

### किसानों को मुआवजा नहीं मिलने का मामला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि पिछले कई दिनों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि में फसलों को भारी नुकसान हुआ है जिसके कारण किसानों की चने, गेंहू, सरसों की फसलों के साथ ही सब्जियों का भारी नुकसान हुआ है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नरेश कुमार ने शुक्रवार को यहां कहा कि पार्टी ने बेमौसमी और रुक-रुक कर हो रही बारिश तथा ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए दिल्ली सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यह किसानों का मामला है और किसानों को हर हाल में उन्हें हुए नुकसान के बदले मुआवजा देना पड़ेगा इसलिए दिल्ली सरकार को इस बारे में जल्द फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया तो किसान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का घेराव करेगी।

## रक्षा क्षेत्र में और सहयोग बढ़ायेंगे भारत-फिलिपींस

**नई दिल्ली।** भारत और फिलिपींस ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दायरा बढ़ाने तथा उसे अधिक पुख्ता बनाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों के बीच यहां चौथी संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक में इस बारे में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। बैठक में संयुक्त रक्षा सचिव अमिताभ प्रसाद ने भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया जबकि फिलिपींस के शिष्टमंडल का नेतृत्व वहां के सामरिक, आंतरिक मामलों तथा राष्ट्रीय रक्षा विभाग के सहायक मंत्री ने किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की तथा इसका दायरा बढाने और इसे पुख्ता बनाने के प्रभावशाली तथा व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की।

## जयपुर ब्लास्ट : आरोपियों को बरी करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी राजस्थान सरकार

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान सरकार ने 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट केस के आरोपियों को बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक उच्च स्तरीय बैठक में चारों आरोपियों को बरी किए जाने की समीक्षा की। उन्होंने मामले में कमजोर अभियोजन के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) राजेंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया। साथ ही मुख्यमंत्री गहलोत ने बरी हुए आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) दायर करने का आदेश दिया।

## FILMY हलचल

### रैपर बादशाह की प्ले लिस्ट में 'घोड़े पे सवार', 'मान मेरी जान' शामिल



**'मर्सी'**, 'डीजे वाले बाबू' और 'गेंदा फूल' जैसे चार्टबस्टर हिट गाने के लिए मशहूर रैपर बादशाह की एक अनूठी प्लेलिस्ट है, जिसे वह सुनते हैं। हिप-हॉप से हटके, बादशाह, जिनका असली नाम आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया है, की एक प्लेलिस्ट है जिसमें अमित त्रिवेदी जैसे रैपर के लिए चॉइस शामिल हैं। उसकी प्लेलिस्ट कैसी दिखती है? इसका जवाब देते हुए बादशाह ने आईएएनएस को बताया, मेरी और करण औजला की 'प्लेयर्स', रे की 'एस्केपिज्म', एमसी स्टेन की 'एक दिन प्यार', अमित त्रिवेदी की 'घोड़े पे सवार' और किंग की 'मान मेरी जान'। 37 वर्षीय रैपर की लेटेस्ट रिलीज उनका एल्बम '3:00 एएम सेशंस' है, जिनका गाना 'सनक' इस समय सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। स्ट्रीमिंग वेबसाइट यूट्यूब पर केवल दो हफ्तों में ट्रैक को 8,515,027 व्यूज मिले।

### एक्ट्रेस गौहर खान को आया गुस्सा, कपल को कहा 'डंब'



**एक्ट्रेस** गौहर खान ने सेलिब्रिटी कपल जस्टिन बीबर और उनकी मॉडल पत्नी हैली को 'डंब' कहा है और रमजान के बारे में ज्ञान हासिल करने के लिए कहा। जस्टिन और हैली ने अपने बयान में रमजान के सवाल पर हंसते हुए कहा था कि यह आपके शरीर को पोषण से दूर करता है। इस पर गौहर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए उनकी आलोचना की। गौहर ने जस्टिन और हैली के उस बयान वाले इंटरव्यू की वीडियो शेयर की। वीडियो में जस्टिन कहते नजर आ रहे हैं कि मुझे इसके बारे में सोचना होगा, मैंने ऐसा कभी नहीं किया है... मुझे लगता है कि हमारे शरीर को ठीक से सोचने के लिए पोषण की जरूरत होती है। हैली ने कहा कि खाना बंद करके उपवास करना कभी भी उनके लिए समझ में नहीं आया। उन्होंने आगे कहा कि अगर आप टीवी बंद करना चाहते हैं, अपने फोन को फास्ट करना चाहते हैं, तो मुझे लगता है कि मैं उस पर अधिक विश्वास करती हूं लेकिन खाना बंद करना, यह समझ नहीं आता। इसलिए आप मूर्ख हैं। गौहर ने इस वीडियो को पोस्ट कर कैप्शन में लिखाः यह साबित करता है कि वे कितने मूर्ख हैं। बशर्ते उन्हें इसके पीछे के साइंस के बारे में पता हो, और इससे स्वास्थ्य लाभ होता है! कहीं से ज्ञान लें जस्टिन और हैली। एक राय होना ठीक है बीटीडब्ल्यू! लेकिन इतना समझदार बनो कि सही ढंग से बता सको।

### अर्जुन कपूर ने 'की एंड का' के पूरे 7 साल होने का मनाया जश्न



**अर्जुन** कपूर और करीना कपूर खान की फिल्म 'की एंड का' ने शनिवार को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में सात साल पूरे कर लिए है। इस मौके पर एक्टर ने करीना के साथ एक फोटो शेयर की। अर्जुन ने ट्विटर पर अमृता अरोड़ा के जन्मदिन पर करीना के साथ एक फोटो शेयर की। फोटो में दोनों कलाकार ब्लैक कलर की ड्रेस में पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखाः जब की मेट का अगेन! 2016 में रिलीज हुई 'की एंड का' का निर्देशन आर बाल्की ने किया है। यह फिल्म एक महत्वाकांक्षी महिला किआ के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कबीर से शादी करती है, एक ऐसा व्यक्ति जो एक घरेलू पति की भूमिका को पसंद करता है। वे अपने अपरंपरागत रिश्ते का आनंद लेते हैं, लेकिन संघर्ष और ईर्ष्या जैसी चुनौतियां उनके रिश्ते में खटास डालने का काम करती है।

### ब्लैक सूट में शाहरुख का जलवा

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने नीता मुकेश अंबानी के कल्चरल सेंटर इवेंट में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के लुक को देखकर जबरदस्त रिएक्शन दिया। इस इवेंट के लिए शाहरुख ने ब्लैक वी-नेक टी-शर्ट, ब्लैक पैंट और ब्लैक ब्लेजर पहना था। इसके साथ उन्होंने डायमंड पेंडेंट भी पहना था। इस इवेंट में उनके साथ पत्नी गौरी खान, बेटी सुहाना खान और बेटा आर्यन खान भी शामिल हुए। स्टाइलिस्ट शालीना नथानी ने इवेंट के लिए शाहरुख के लुक की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखाः डेड! कल्चरल सेंटर इवेंट के लिए शाहरुख खान का लुक। इसके तुरंत बाद, दीपिका पादुकोण ने पोस्ट पर कमेंट कियाः मी टू! शाहरुख और दीपिका को इस साल की ब्लॉकबस्टर 'पठान' में स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखा गया था, जिसमें जॉन अब्राहम, डिंपल कपाड़िया और आशुतोष राणा भी थे।

## व्याख्यान: पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. (डॉ.) मुरली मनोहर जोशी बोले

# शांतिपूर्ण विश्व का करना है निर्माण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रो. (डॉ.) मुरली मनोहर जोशी ने शुक्रवार को कहा कि हमें एक ऐसे विश्व का निर्माण करना है, जिसमें समृद्धि, सुख और शांति केवल व्यक्ति के लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक प्राणी को मिलनी चाहिए। इसके लिए एक नए रिवॉल्यूशन की, मानसिक रिवॉल्यूशन की जरूरत होगी।



जोशी ने यहां राष्ट्रीय राजधानी में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के कलानिधि विभाग द्वारा आयोजित पांचवें 'श्री देवेंद्र स्वरूप स्मारक व्याख्यान' में मुख्य वक्ता के तौर पर यह विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहाः श्री देवेंद्र स्वरूप जी का जन्म मुरादाबाद के काठ ग्राम में 30 मार्च 1926 को हुआ था। वे एक शिक्षक, इतिहासकार, खोजी तथा ज्ञान की सामूहिक चेतना के संरक्षक, सृजनात्मक चिंतन के बहुआयामी व्यक्तित्व थे। डॉ. जोशी ने 'बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में भारत' विषय पर व्याख्यान देते हुए पिछले ढाई सौ सालों में बदलती विश्व व्यवस्था का विश्लेषण किया और कहा कि श्रम और श्रम के उद्देश्य में अलगाव हो गया। श्रम का विपणन (मार्केटिंग) एक महत्त्वपूर्ण घटना थी। वाष्प इंजन के अविष्कार के बाद दुनिया की गति में तेजी आई। जब से यंत्रों के आविष्कार हुए, तब से दुनिया की गति और तेज हो गई और औद्योगिकीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ।

उन्होंने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह मानव के विकास का सूचक नहीं है, शोषण का सूचक है। जो कुछ हो रहा है, वास्तविकता से परे है। क्या जीडीपी वास्तविक इंडेक्स है, क्या मार्केट वास्तविक इंडेक्स है? उन्होंने कहाः हम किधर जा रहे हैं, कहां जा रहे हैं? विश्व अशांत क्यों हैं? विश्व हिंसक क्यों है?

डॉ. जोशी ने इस संदर्भ में योग का उदाहरण देते हुए कहाः भारत ने दुनिया को 'योग' दिया और दुनिया ने उसे हाथों-हाथ लिया, क्योंकि दुनिया परेशान है। दुनिया को हमारे सूत्र की आवश्यकता है। हमने विश्व को एक कुटुंब माना। इसलिए हम जीवन को टुकड़ों में बांट कर नहीं देख सकते। जीवन समग्र है। इसलिए समग्र दृष्टि वाला चिंतन चाहिए। जोशी ने कहा कि जो चीज खुशी नहीं दे सकती, उसे बदलने की जरूरत है।